DIGITAL EDITION

मायापुरी

#27

WEEKLY ENTERTAINMENT

25 SEP

Happy Birthday

Dr. Yogesh Lakhani Ji

BRIGHT
OUTDOOR MEDIA PVT. LTD.

फिल्म एवं टीवी साप्ताहिक
मायापुरी

संस्थापक
स्व. श्री ए.पी. बजाज

प्रधान संपादक
पी. के. बजाज

व्यवस्थापक एवं संपादक
अमन बजाज

स्वामी प्रकाशक व मुद्रक
पी.के. बजाज
प्रेस का नाम व पता -
अरोड़बंस प्रेस ए-5, माया पुरी, फेस-1,
नई दिल्ली - 110064

प्रकाशक: श्री.एस.एल. प्रकाशन
ए-5, माया पुरी, फेस-1,
नई दिल्ली-110064
दूरभाष- 011-28116120, 28117636

Member I.N.S

प्रकाशित लेखों के लेखकों की राय से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं, किन्तु छपे लेखों पर अगर किसी को आपत्ति हो तो वह अपनी प्रतिक्रिया हमें लिखकर मेज दें। मिलने पर सहर्ष छाप दी जाएगी। इस पत्रिका के संबंध में किसी भी प्रकार के मतभेद एवं विवाद आदि केवल दिल्ली कोर्ट्स में ही निपटाए जा सकते हैं।

Email: edit@mayapurigroup.com

For Advertising :
Shekhar Chopra
E-mail: shekhar@mayapurigroup.com

संपादकीय

उत्तर प्रदेश में 'फिल्मसिटी' का सपना योगी आदित्यनाथ पूरा कर सकेंगे?

पिछले दो–तीन माह से जिस तरह की बातें और चर्चाएं होने के साथ ही बॉलीवुड पर आरोप–प्रत्यारोप लग रहे हैं, उससे एक ही बात उभर कर आती है कि हर किसी को बॉलीवुड से दुश्मनी हो गयी है। इसकी मूल वजह यह भी है कि एक खास विचारधारा, सोच रखने वाले लोग जिस तरह से टीवी चैनलों पर बयानबाजी कर रहे हैं, उससे भी बॉलीवुड विरोध की ही बात उभरकर सामने आ रही है। परिणामतः बॉलीवुड भी दो खेमों में विभाजित हो गया है। ऐसे माहौल में जब पिछले सप्ताह उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में नोएडा के पास फिल्मसिटी बनाने की घोषणा करने के साथ जिस तत्परता से कुछ निर्माता, निर्देशकों, कलाकारों, नोएडा व ग्रेटर नोएडा के सीईओ के साथ मंगलवार, 22 सितंबर को बैठक की, उससे टीवी चैनलों पर "बॉलीवुड के बंटवारे" की चर्चा गर्म हो गयी। जबकि 'बॉलीवुड का बंटवारा' तो हो ही नहीं सकता।

वर्तमान समय में भी भोपाल, महेश्वर, लखनऊ, मिर्जापुर, आजमगढ़, प्रयागराज, जयपुर, जैसलमेर, दिल्ली, आगरा सहित उत्तर भारत के कई शहरों में फिल्मकार अपनी फिल्मों, सीरियलों और वेब सीरीज की शूटिंग कर रहे हैं। ऐसे में उत्तर प्रदेश के नोएडा में फिल्म सिटी बनने पर 'बॉलीवुड का बंटवारा' की बात क्यों की जा रही है? यह सारी बयानबाजी पूर्णरूपेण राजनीतिक है। और जब किसी शुभ कार्य की शुरुआत किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत होती है, तो उस पर सवाल उठने स्वाभाविक हैं। इसलिए यह सवाल भी तेजी से उठ रहा है कि क्या उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वास्तव में फिल्म सिटी बनाएंगे? अथवा कुछ दिन की नौटंकी के बाद सब कुछ शांत हो जाएगा।

देखिए, बॉलीवुड तो भारतीय सिनेमा का प्रतीकात्मक नाम है। और हम सभी चाहते हैं कि भारतीय सिनेमा का बेहतर विकास हो। भारत के हर प्रदेश की संस्कृति, वहां की बोलचाल की भाषा, तहजीब वगैरह भारतीय सिनेमा का हिस्सा बने। इसके लिए यदि हर प्रदेश में 'फिल्म सिटी' बन जाए और निर्माता निर्देशकों को अपनी फिल्म की शूटिंग करने की सुविधाएं मुहैया हो जाए। तो इससे बेहतर क्या हो सकता है? यदि राजस्थान, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश में भी 'फिल्मसिटी' बन जाए,तो इन प्रदेशों में रहने वाले छोटे–छोटे निर्माता– निर्देशक, तकनीशियन व कलाकार को मुंबई भागने की बजाय अपने निवास स्थान के नजदीक की 'फिल्मसिटी' में जाकर काम कर सकते हैं। इससे उसके धन के साथ उसकी श्रम शक्ति व रचनात्मक प्रतिभा का सिनेमा की बेहतरी के लिए उपयोग हो सकेगा। ऐसी स्थितियों में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उत्तर प्रदेश में "फिल्मसिटी" बनाने की योजना का स्वागत किया जाना चाहिए। इसे 'बॉलीवुड का बंटवारा' नाम देना सर्वथा गलत है। बल्कि इस तरह की बातें सिनेमा के दुश्मन व तुच्छ बुद्धि के लोग ही कर रहे हैं। मुंबई का फिल्मकार व कलाकार उत्तर प्रदेश की 'फिल्मसिटी' में भी जाकर अपनी फिल्म का निर्माण कर सकता है।

मगर महज फिल्म सिटी बना देने से कुछ नहीं होगा। इसी के साथ शूटिंग के लिए आवश्यक हर तरह की सुविधाएं भी मुहैया कराना जरूरी है। सरकार को इस तरह के नियम बनाने पड़ेंगे कि हर निर्माता –निर्देशक,तकनीशियन व कलाकार को किसी तरह की असुविधा न हो। बेवजह के बिचौलियों का साम्राज्य स्थापित ना होने पाए, जिनकी वजह से रचनात्मक काम करने वालों के लिए परेशानियां पैदा हो जाएं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा उत्तर प्रदेश में फिल्मसिटी बनाने की घोषणा और जमीन आवंटन के साथ ही पूरे प्रदेश और बॉलीवुड में सरगर्मियां शुरू हो गई हैं। इस बीच कुछ पुरानी जमीनी हकीकत भी सामने आने लगी कि पहले भी ऐसी घोषणाओं के बावजूद फिल्मसिटी उत्तर प्रदेश में अभी तक क्यों नहीं बनी।

जी हां!उत्तर प्रदेश में और वह भी नोएडा में 'फिल्मसिटी'बनाने की परिकल्पना कोई नई बात नहीं है। सबसे पहले 1993 में उत्तरप्रदेश के नोएडा में 'फिल्मसिटी' बनायी गयी थी। उस वक्त सुभाष घई, एफ सी मेहरा, संदीप मारवाह सहित कई फिल्मकारों को प्लॉट आबंटित हुए थे। मगर उसकी क्या परिणीति हुई? यह किसी से छिपा नही है। कोई भी फिल्मकार वहां पर स्टूडियो बनाकर फिल्मों की शूटिंग करने आज तक नहीं गया। मगर हर किसी ने अपने अपने प्लॉट को विकसित कर दूसरी कंपनियों को किराए पर दे दिया। वर्तमान समय में तथाकथित उस 'नोएडा फिल्मसिटी' में अखबारों के दफ्तर, टीवी चैनलों के दफ्तर व स्टूडियो, एक्टिंग स्कूल व अन्य कंपनियां स्थापित हैं। क्या इसे जायज ठहराना सही है?

इतना ही नहीं 2015 में जब उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार थी। और अखिलेश यादव मुख्यमंत्री थे, तब भी उत्तर प्रदेश में 'फिल्मसिटी' बनाने की योजना पर काम शुरू हुआ था। उस वक्त

भोजपुरी फिल्मों के अभिनेता रविकिशन, (जो कि वर्तमान समय में योगी आदित्य नाथ के ही क्षेत्र गोरखपुर से भाजपा के सांसद हैं) समाजवादी पार्टी से जुड़े हुए थे। तब उत्तर प्रदेश में दो 'फिल्मसिटी' बनाना प्रस्तावित हुआ था, जिस पर तत्कालीन मुख्यमंत्री अखिलेश यादव, निर्माता–निर्देशक बोनी कपूर और अभिनेता रवि किशन ने हस्ताक्षर किए थे। तब भी रवि किशन ने वर्तमान की ही भांति अखिलेश यादव की तारीफ में कसीदे पढ़ते हुए 'फिल्मसिटी' के निर्माण को बहुत बड़ा कदम बताया था। मगर कुछ दिन बाद यह धराशायी हो गया। और इसके लिए रवि किशन पर ही उंगली उठी थी, जिसे रवि किशन ने आज तक स्वीकार नहीं किया।

वास्तव में 2015 में अखिलेश यादव की सरकार द्वारा प्रस्तावित दो 'फिल्मसिटी में से एक 'फिल्मसिटी' लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे पर और दूसरी उन्नाव के ट्रांस–गंगा सिटी प्रोजेक्ट में बननी थी।सरकार ने दोनों 'फिल्म सिटी'के लिए तीन तीन सौ एकड़ जमीन देने का वादा किया था। पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप मॉडल पर यह तैयार होनी थी। जिनमें करीब 700 करोड रूपए का निवेश होता। मगर बोनी कपूर और रवि किशन दोनों ने ही इन प्रोजेक्ट से अपने कदम पीछे खींच लिए थे।

तब खबर आयी थी कि उस वक्त खुद को भोजपुरी फिल्मों का सुपरस्टार मानने वाले और उत्तर प्रदेश के जौनपुर के मूल निवासी अभिनेता रवि किशन (वर्तमान में गोरखपुर से भाजपा सांसद) 'फिल्मसिटी' को जौनपुर में बनाने के लिए जमीन आवंटित करने की मांग रख दी थी मगर इस पर मुख्यमंत्री अखिलेश यादव तैयार नहीं थे। कहा जाता है कि वहीं से रवि किशन का समाजवादी पार्टी से मोहभंग हुआ था। मगर बोनी कपूर का मामला अलग था। सूत्रों की माने तो बोनी कपूर को जमीन की कीमत बहुत ज्यादा लगी, इसलिए उन्होने 'फिल्मसिटी' में निवेश करने में दिलचस्पी नहीं दिखाई थी।

अब 2020 में एक बार फिर उत्तर प्रदेश के वर्तमान मुख्यमंत्री ने योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश में 'फिल्मसिटी'बनाने की घोषणा करने के साथ ही इस योजना पर काम शुरू कर दिया है। इस बार यह 'फिल्मसिटी', गौतम बुद्ध नगर में यमुना एक्सप्रेसवे इंडस्ट्रीयल डेवलपमेंट अथॉरिटी से लगी एक हजार एकड़ भूमि में 'फिल्मसिटी' बनेगी। इस बार फिर अभिनेता व भाजपा सांसद रवि किशन बढ़– चढ़कर श्रेय लूटने का प्रयास करते हुए 'बॉलीवुड का बंटवारे' की बातें कर पूरी तरह से अपनी राजनीति करने पर आमादा है।

मगर मुख्यमंत्री योगी ने कहा–"यहां विश्वस्तरीय तकनीकी सुविधाओं के साथ 50 साल आगे की सोच रखते हुए फिल्मसिटी का निर्माण किया जाएगा। यह भारत को अंतरराष्ट्रीय फिल्म मानचित्र पर मजबूती से जमा देगी। यह फिल्मसिटी कई मायनों में बहुत अहम होगी, क्योंकि यहां से नई दिल्ली और एशिया के सबसे बड़े प्रस्तावित जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट की दूरी बमुश्किल एक घंटे की होगी। यहां से आगरा का ताजमहल और भगवान श्रीकृष्ण की नगरी मथुरा भी नजदीक है।"

उन्होने अपनी बात को स्पष्ट करने के साथ साथ भारतीय संस्कृति से जोड़ते हुए कहा–"उत्तर प्रदेश भारतीय संस्कृति, सभ्यता और समृद्ध परंपरा का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र है। यमुना एक्सप्रेस–वे क्षेत्र में जहां यह फिल्मसिटी विकसित करने का विचार है, वह भारत के ऐतिहासिक, पौराणिक इतिहास से सम्बद्ध है। यह हस्तिनापुर का क्षेत्र है। हमारे दिव्य –भव्य कुंभ से पूरी दुनिया आह्लादित है। फिल्म सिटी भी सभी की उम्मीदों को पूरा करने वाली होगी।"

जबकि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपनी तेज गति से काम करने की शैली के साथ 22 सितंबर, मंगलवार को बॉलीवुड की कुछ हस्तियों के साथ मुलाकात कर डाली।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात के लिए कुछ फिल्म बिरादरी के सदस्य लखनऊ पहुंचे थे।जबकि अनुपम खेर और परेश रावल जैसे दिग्गज कलाकार एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में बातचीत में शामिल हुए थे।

इस बैठक में मशहूर कला निर्देशक व निर्देशक तथा मुंबई से डेढ़ सौ किलोमीटर दूर कर्जत में "एन डी स्टूडियो" स्थापित करने वाले नितिन देसाई ने मुंबई के पास कर्जत में स्थापित 'एन डी स्टूडियो' की ही तर्ज पर उत्तर प्रदेश में भी एक पूरी 'फिल्मसिटी'स्थापित करने की पेशकश की।

उत्तर प्रदेश फिल्म "बंधु" के अध्यक्ष राजू श्रीवास्तव ने कहा– "उत्तर प्रदेश में 'फिल्मसिटी' की परिकल्पना छोटे–छोटे शहरों की अद्भुत प्रतिभाओं के हौसलों, सपनों को पंख देने वाली होगी। मैं हर समय, पूरी क्षमता के साथ सेवा के लिए प्रस्तुत रहूंगा।

जबकि कुछ फिल्मकार दावा कर रहे हैं कि मुख्यमंत्री कार्यालय के बयान में कहा गया है कि मुंबई फिल्म उद्योग में लगभग 80 प्रतिशत तकनीशियन और कार्यबल यूपी से हैं और उद्योग के बाद जनशक्ति की उपलब्धता कभी भी समस्या नहीं होगी।तो वहीं सिंगापुर स्थित "विस्टास मीडिया" के संदीप सिंह ने दस मिलियन डालर (लगभग 73.51 करोड़ रुपये) के शुरुआती निवेश के साथ एक फिल्म अकादमी स्थापित करने की पेशकश की है।

फिल्म निर्माता संघ के अध्यक्ष अशोक पंडित ने राज्य सरकार के फैसले का स्वागत किया और कहा कि किसी को हिंदी फिल्मों से परे देखना चाहिए और यहां तक कि बहुभाषी फिल्में भी बनाई जा सकती हैं। उन्होंने कहा, "आखिरकार, भोजपुरी फिल्में पहले से ही यहां बनी हैं।"

अनुपम खेर ने कहा– "प्रस्तावित फिल्म शहर को वैश्विक पहचान मिलनी और होनी चाहिए। इसी के साथ फिल्म विधा व अभिनय के प्रशिक्षण पर भी जोर दिया जाना चाहिए।"

फिल्म निर्माता और अभिनेता सतीश कौशिक जिन्होंने अपनी फिल्म 'कागज' की शूटिंग उत्तर प्रदेश में की है,ने कहा कि राज्य ने फिल्म पेशेवरों और उम्मीदवारों के लिए एक बढ़िया विकल्प पेश किया है।उन्होंने कहा–"प्रस्तावित फिल्म सिटी का विशाल स्थान उत्तरी क्षेत्र के बड़े भूगोल और जनसांख्यिकी को पूरा करता है।"

गीतकार मनोज मुंतशिर ने हिंदी फिल्म उद्योग को हिंदी भाषी बेल्ट में ले जाने के लिए राज्य सरकार के कदम का स्वागत करते हुए कहा–"अगर यूपी में फिल्म इंस्टीट्यूट और म्यूजिक एकेडमी बनाई जाए तो स्थानीय लोकाचार और पच्चीकारी संस्कृति को और बढ़ावा मिलेगा।"

तमिल फिल्म निर्माता सौंदर्या ने कहा कि एनीमेशन, डिजिटल प्रौद्योगिकी और अन्य सुविधाओं को समय की आवश्यकता है और कहा कि वह पहले से ही उत्तर प्रदेश के फिल्म शहर में प्रस्तावित हैं।

मगर जिस तरह के हालात एक सप्ताह के अंदर बने हैं,उससे यही आभास हो रहा है कि इतिहास तीसरी बार पुनः दोहराने वाला है।क्योंकि इस बार फिर निर्माताओं और निवेशकों की तरफ से मांग उठ रही है कि यूपी सरकार उन्हें 'फिल्मसिटी'में निवेश के लिए सब्सिडी दे, जिसमें जमीन की कीमतें भी शामिल हैं। इस बारे में जल्द ही उत्तर प्रदेश सरकार से फैसले की उम्मीद की जा रही है।

इस तरह देखा जाए,तो उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा "फिल्मसिटी" बनाए जाने के साथ जो लंबी लंबी घोषणाएं की गयी हैं,उनको लेकर शक की दीवारें भी उठनी लगी हैं। योगी आदित्यनाथ के लिए अपने इस मकसद पर खरा उतरना सरल राह नही है। उन्हे अतीत में घटित घटनाओं से सबक लेते हुए ऐसे ठोस व कड़े कदम उठाने होंगे,जिससे सिनेमा की बेहतरी के लिए वह कुछ कर सकें। उत्तर प्रदेश में "फिल्मसिटी" बनाने के अपने सपने को "बालीवुड का बंटवारा" मानने की बजाय सिनेमा के विस्तार की बात सोचने के साथ मुंबई ही नही बल्कि पूरे देश व विश्व पटल पर यही संदेश देना होगा। मुख्यमंत्री योगी जी को हर छोटे बड़े फिल्म निर्माता, निर्देशक, लेखक, गीतकार, कलाकार, तकनीशियन, स्पॉट ब्वॉय आदि को साथ लेकर "फिल्मसिटी" को विकसित करने की दिशा में कार्य करना होगा..यह उनके लिए छोटी चुनौती नही है....

-संपादक

हालांकि कोविड इन दिनों बढ़ा हुआ है, लेकिन मैं हमेशा ब्राइट हूँ

योगेश लखानी

—ज्योति व्यंकटेश

ब्राइट एडवरटाइजिंग एजेंसी के सदाबहार और ऊर्जावान एम.डी. योगेश लखानी हमेशा से ब्राइट हैं। हालांकि मुंबई शहर भारत और दुनिया के हर दूसरे स्थान की तरह, घातक नॉवेल कोरोना वायरस से पीड़ित है, लेकिन योगेश भाई बोरीवली से हर दिन अपने कार्यालय में उपस्थित होने के लिए एक पॉइंट बनाते हैं जहां वह अंधेरी तक रुकते हैं, ट्रैफिक को रोकते हैं।

वह अपने जन्मदिन के मौके पर हमारी शुभकामनाएं स्वीकार करते है क्योंकि उनका जन्मदिन 25 सितंबर को मनाया जाता है, और हमें बताते है कि स्पष्ट कारणों के लिए उन्होंने इस साल अपने जन्मदिन के उत्सव की

भव्यता को प्रदर्शित किया है, हालांकि हर साल सामान्य तौर पर, उन्होंने सितारों की उपस्थिति में अपने जन्मदिन की पार्टियों को भव्यता से मनाया है। हालाँकि उन्होंने अपनी वास्तविक आयु काफी अधिक है, लेकिन उनका कहना है कि वह केवल यह बताना चाहेंगे कि वह हमेशा ब्राइट हैं, चाहे उनकी उम्र कोई भी हो, क्योंकि उन्हें लगता है कि वह हमेशा दिल से बहुत यंग है।

योगेश भाई ने कहा कि ड्रग्स से लेकर रिधेस तक की अपनी यात्रा के बारे में पूछे जाने पर, 'मुंबई के एक निम्न मध्यम वर्गीय सौराष्ट्र परिवार से सलाम, मैंने कई असफलताओं का सामना किया, जिसके परिणामस्वरूप मैं एक बहुत मजबूत व्यक्ति बन गया। परिवार की देखभाल की सारी जिम्मेदारी मेरे कोमल कंधों आ पड़ी। मुझे आजीविका कमाने के लिए दिन–रात काम करना पड़ता था लेकिन इस स्थिति ने मेरे लिए एक उपलब्धि हासिल करने के सपने को दूर नहीं किया।"

यह लगातार कड़ी मेहनत और दृढ़ स्वभाव के साथ था, कि योगेशभाई ने वर्ष 1980 में ब्राइट आउटडोर मीडिया की नींव रखने में कामयाबी हासिल की और आउटडोर विज्ञापन क्षेत्र में अग्रणी नेताओं में से एक बन गए। "एक कमरे के कार्यालय से एक अच्छी तरह से प्रसिद्ध प्रतिष्ठान तक, मैं भाग्यशाली हूं कि ईश्वर ने मुझे एक शानदार विकास करने के लिए आशीर्वाद दिया, जो आश्चर्यजनक होने के साथ–साथ प्रशंसनीय भी है। साढ़े तीन दशक से अधिक की साहसिक यात्रा के बाद, मुझे खुशी है कि मेरी कंपनी ब्राइट एडवरटाइजिंग उद्योग में एक त्रुटिहीन टॉवर की तरह मजबूती के साथ खड़ी है।"

उनकी कंपनी की सबसे बड़ी ताकत यह है कि उनके नाम को 'एडवरटाइजिंग' का पर्याय माना जाता है। "एक पैन मुंबई उपस्थिति के साथ, मैं गर्व के साथ विनम्रता के साथ कह सकता हूं कि कोई भी इस सपने के शहर को

कवर नहीं करता है जैसे हम करते हैं। पूरे शहर में 1400 से अधिक होर्डिंग्स पर ब्राइटस का होल्ड है। हम पूरे देश में आउटडोर मीडिया सेवाएं प्रदान करते हैं। कंपनी के पास मनोरंजन, टेलीकॉम, रिटेल, फाइनेंस, टूर एंड ट्रैवल आदि जैसे विविध क्षेत्रों के 600 से अधिक प्रतिष्ठित ग्राहकों की लिस्ट है।"

आउटडोर होर्डिंग एजेंसियों के बीच मार्केट लीडर और ट्रेंड सेटर के रूप में, योगेशभाई कहते हैं कि उन्होंने बॉम्बे की सभी सुपर हिट फिल्मों का आउटडोर प्रचार किया है। "सभी हस्तियों का मानना है कि मैं उनका भाग्यशाली आकर्षण हूं क्योंकि मैं भाग्यशाली हूं जिसने शाहरुख खान, सलमान खान, रणबीर कपूर, ऋतिक रोशन, अक्षय कुमार, दीपिका पादुकोण आदि जैसे सभी प्रसिद्ध बी–टाउन सेलेब्स की पहली फिल्म का आउटडोर प्रचार किया है।"

हालांकि आज उन्होंने इंडस्ट्री में एक बड़ा नाम बनाया है और सेलेब्स के बीच पसंदीदा बन गए है, यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि उन्होंने चालीस साल पहले कैसे इंडस्ट्री में सेंध लगाई। "मैंने वर्ष 1990 में वीनस फिल्म्स की फिल्म 'प्यार किया तो डरना क्या' के बाहरी विज्ञापन के साथ ग्लैमरस बॉलीवुड इंडस्ट्री में प्रवेश किया। तब से, मेरी कंपनी बड़े पर्दे पर रिलीज होने वाली लगभग हर फिल्म के लिए एक स्टॉप डेस्टिनेशन बन गई है। पिछले ढाई दशक से मैं प्रतिष्ठित पुरस्कार समारोह जैसे फेमिना, आईफा, फिल्मफेयर आदि के साथ भी काम कर रहा हूं।"

योगेश भाई बड़े बैनर जैसे यशराज फिल्म्स, धर्मा प्रोडक्शंस, यूटीवी, इरोस, विशेष फिल्म्स आदि के साथ एक बहुत अच्छा बॉन्ड साझा करने में सफल रहे हैं। उनकी सफलता का रहस्य सरल है। "मैं अवार्ड्स भी स्पोंसर करता हूं। मैं स्व–निर्मित हूं 1980 से मेरा अपना ऑफिस है। मैं फ्रेश स्लॉट में भी प्रशिक्षित करता हूं, कई कॉलेज के छात्र मेरे द्वारा प्रशिक्षित होना चाहते हैं। मैं सफल हूं। मैं कहता हूं कि पूरा श्रेय मेरे माता–पिता को जाना चाहिए। मैं रोजाना 15 घंटे काम करता हूं। किसी भी स्टार से पूछें कि वह आउटडोर प्रचार के लिए किसके पास जाते है और अधिकतम संख्या सिर्फ मेरा नाम लेगी।"

यह पूछे जाने पर कि क्या उन्हें लगता है कि यह उनकी प्रतियोगिता है, योगेश भाई सिर्फ मुस्कुराते हैं। "कई हैं लेकिन सभी पैसे वाले हैं और केवल व्यावसायिक आधार पर काम करते हैं जो मेरे बस की बात नहीं है। कभी–कभी जब फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छा स्कोर नहीं कर पाते है तो मैं उनके लिए अपना रेट घटा देता हूं। आजकल हर कोई अहंकारी है।"

योगेश भाई ने स्वीकार किया कि उन्होंने वास्तव में अपने करियर की शुरुआत शून्य से की थी। "मैं यह बिल्कुल नहीं भूलता कि मैंने अपने करियर की शुरुआत शून्य से हीरो तक की है। मुझे याद है मैं अखबार और माचिस भी बेचता था। अब मैं टॉप थ्री में हूं। मैंने ट्वीटर, फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया पर ध्यान केंद्रित करके ब्राइट आउटडोर डिजिटल मीडिया भी शुरू किया था। हम अपने काम में सुधार करते रहते हैं। हम क्षेत्रीय फिल्मों का समर्थन करते हैं और साथ ही यह मराठी या भोजपुरी या कोई अन्य है। यदि कोई किसी काम से मेरे कार्यालय में आता है, तो मैं किसी को भी खाली हाथ नहीं जाने देता।

स्माइल प्लीज और रफू चक्कर बनाने के बाद, उन्हें एक निर्माता के रूप में किसी और फिल्म के साथ आना बाकी है। क्यों? वह ईमानदार है। हालांकि मैंने दो छोटे बजट की फिल्में बनाई थीं, लेकिन मैं ईमानदारी से स्वीकार करता हूं कि असफलता का सामना करने के बाद मैंने निर्माण की योजना को छोड़ने का फैसला किया है। मेरे पास अनुभव नहीं था इसलिए मैंने छोटे बजट की फिल्मों से शुरुआत की क्योंकि उसके बाद मैंने एक बड़े बजट की फिल्म करने की सोची।"

योगेश भाई खुश और गौरवान्वित हैं कि इस वर्ष, उन्होंने मुंबई शहर में लगभग दस हजार गरीब लोगों के लिए डायलिसिस ऑपरेशन पूरा किया है। "मैं गरीब लोगों से उनके ऑपरेशन के लिए पैसे नहीं लेता, लेकिन मैं इसे डायलिसिस के संचालन के लिए मध्यम वर्ग के लोगों के लिए 500 रुपये की फीस लेने का एक पॉइंट बनाता हूं। साथ ही चल रहे लॉकडाउन के दौरान, मैंने विभिन्न गरीब लोगों को, जिनमें बेरोजगार हैं, विशेषकर फ्रीलांसरों को 2500 रुपये से लेकर 10,000 रुपये तक की रकम दान करने का पॉइंट बनाया।"

योगेश भाई, जो अपने माता–पिता की धार्मिक रूप से देखभाल करने में गर्व महसूस करते हैं, कहते हैं कि समाज में गरीबों के लिए ही नहीं, बल्कि उनके होर्डिंग्स के व्यवसाय के लिए भी उन्हें लंदन संसद में एक पुरस्कार मिला था। वह परोपकारी व्यक्ति हैं, योगेश भाई ने अपने कर्मचारियों को पीछे नहीं हटाया और आज भी उनका ऑफिस चलता है। कर्मचारी सदस्य वैकल्पिक दिनों में कार्यालय में उपस्थित होते हैं और वह उन्हें 50 प्रतिशत वेतन देने का



प्रबंधन करते है, भले ही वह मुनाफा नहीं कमा रहे हो, क्योंकि वह कहते है कि देश में कोरोनोवायरस की शुरुआत के कारण उनका व्यवसाय 30 प्रतिशत कम हो गया है।

उन लोगों के कष्टों को दूर करने के लिए आपने क्या किया जो चल रहे लॉकडाउन के दौरान कोरोना वायरस से पीड़ित थे? मैंने योगेश भाई से पूछा। उन्होंने दिल से कहा, "जब भारत में नॉवेल कोरोना वायरस की शुरुआत हुई थी, तो पहली बात यह थी कि बीएमसी के बारे में जागरूकता अभियान चलाया गया था कि वास्तव में बीमारी क्या है और जब आप बाहर जाते हैं और लोगों से मिलते हैं तो मास्क पहनकर और मास्क लगाकर कैसे सावधानी बरतें। मैं पूरे मुंबई शहर और उपनगरों में नागरिकों के लिए मुफ्त होर्डिंग्स लेकर आया था। वास्तव में, मुझे एक मेहनती कोरोना योद्धा होने के लिए सम्मानित करने वाले कुछ प्रमाणपत्रों से भी सम्मानित किया गया है।

"एक सामाजिक रूप से जागरूक नागरिक के रूप में, हालांकि मैं अपने ब्राइट एडवरटाइजिंग के साथ होर्डिंस बिजनेस में हूं, मैंने हमेशा अपने उदार योगदान और दान के साथ समय–समय पर मुंबई में आयोजित होने वाले सभी सामाजिक और धार्मिक कार्यों का समर्थन करने के लिए इसे एक पॉइंट बनाया है। मैंने अपने माता–पिता से बहुत कुछ सीखा है कि अगर मैं दूसरों की उदारतापूर्वक मदद करूँ तो वहाँ भी मेरी मदद के लिए आगे आएंगे जहाँ तक स्वास्थ्य और धन की बात है। मैं अभी भी इसे हर सुबह कम से कम एक या दो किलोमीटर चलने के लिए एक पॉइंट बनाता हूं क्योंकि मुझे लगता है कि अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने के लिए यह बहुत आवश्यक है।"

योगेश भाई ने आगे कहा, "मैं सभी प्रकार के दोषों से दूर रहता हूं। मैं शराब, चाय या कॉफी को नहीं छूता, ड्रग्स तो भूल ही जाओ। अगर मैं चाहूं तो मैं आज भी रिटायर हो सकता हूं क्योंकि मैंने 40 साल की शानदार सेवा की है और अपने जीवन के हर दिन का आनंद लेता हूं और एक खुशहाल और संतुष्ट परिवार रखता हूं, जिसमें मेरी पत्नी, मेरा पांच साल का बेटा और मेरे माता–पिता शामिल हैं, लेकिन मैं इसे आसान बनाने के मेरे निर्णय के कारण दूसरों को पीड़ित नहीं करना चाहता। आप देखते हैं कि मेरे व्यवसाय के लिए धन्यवाद के रूप में 500 से अधिक लोग जुड़े हुए हैं, यदि मैं अपने व्यवसाय के संबंध में एक दिन इसे कहने का कठोर निर्णय लेता हूं तो मैं बेरोजगार होने के लिए उत्तरदायी हूं।"

योगेश भाई मायापुरी ग्रुप के अध्यक्ष श्री पी.के.बजाज की प्रशंसा करते हैं, जो कंपनी के अथक प्रयासों से परेशान हुए बिना न केवल टीवी पर कार्यक्रम चला रहे हैं बल्कि मायापुरी की तरह एक साप्ताहिक मैगजीन और मायापुरी ऑनलाइन जैसे ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के अलावा अंग्रेजी पोर्टल पर भी काम कर रहे हैं। योगेश ने एक वृद्धाश्रम के साथ–साथ अंधेरी स्थित अपने कार्यालय अंधेरी में डी.एन.नगर में एक आश्रम के कैदियों को खाद्यान्न और धन वितरित करके अपना जन्मदिन मनाया हैं।

योगेश भाई अब अपनी इंडस्ट्री को 'जूम' जैसी ऐप के साथ डिजिटल इंडस्ट्री में स्थापित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं जो व्यवसायों को संचालित करने के लिए लाइन पर जगह देगा और अब प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हैं कि व्यवसायियों के साथ–साथ विभिन्न व्यवसायों में आम लोगों के लिए लॉकडाउन अपने स्वयं के सेट के साथ आया है।

योगेश भाई कहते हैं, "प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में, हम ब्राइट

एट इंडिया पहली बार एक विशेष मोबाइल उपकरण ला रहे हैं, जहां आप संपर्क में आ सकते हैं और लाइव वेबिनार के माध्यम से सीधे लोगों, विशेषज्ञों और टॉप सेलिब्रिटीज की विभिन्न श्रेणियों के साथ मीटिंग की व्यवस्था करते हैं। जैसे हम कहते हैं कि देने का निशान छिपा है। वर्तमान समय इसका प्रमाण है जहां हमने आपदा को एक उज्ज्वल अवसर में बदल दिया है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि हमारे सौराष्ट्र भावनगर शहर के पांच युवा और उनके एक गुरु और एक टाइटल एक मोबाइल एप्लिकेशन लेकर आए हैं, जहां आप पेशेवर विशेषज्ञों से सीधे एक ही मंच पर वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से मिल सकते हैं। ब्राइट मीटिंग ऐप लाने के लिए पूरी तरह से तैयार है, जहाँ आपको गुणवत्ता के दुर्लभ संगम के साथ–साथ उत्कृष्टता, अनुभव और आत्मविश्वास मिलेगा और अंतिम लेकिन कम से कम उपाय के साथ–साथ प्रशिक्षण भी मिलेगा।"

चल रही महामारी के दौरान कोविड वायरस के खतरे के बारे में बात करते हुए, योगेश का कहना है कि इसने उनकी सामाजिक गतिविधियों को इस अर्थ में प्रभावित किया है कि उन्होंने पिछले छह महीनों से बोरिवली में निचले तबके से आने वाले निवासियों को अनाज के रूप में मासिक प्रावधानों का वितरण बंद कर दिया है, जो उन्होंने दस साल पहले शुरू किया था, हालांकि वह इस साल मार्च में वापस और मुंबई के आसपास कोविड के सेट से पहले हजारों लोगों को इसे वितरित करता था।

योगेश ने अपनी गतिविधि को जल्द से जल्द बहाल करने की योजना बनाई है, जब महाराष्ट्र सरकार ने 20 से अधिक लोगों को एक समय में सार्वजनिक रूप से एकत्र नहीं होने देने के लिए लगाए गए कड़े शर्तों में ढील दी। "मेरे मन में एक भावना है और मुझे पूरा विश्वास है कि कोविड मुझ पर और मेरे परिवार पर कोई प्रभाव नहीं डालेगा क्योंकि मेरे पास सकारात्मकता है और खुशियाँ फैलाने के साथ–साथ मेरे दिन भर के जीवन में मेरे चारों तरफ सकारात्मकता फैलती है और कभी किसी के बारे में बुरा मत सोचो। मैं अपने आस–पास जो कुछ भी पाता हूं उससे मैं बिल्कुल भी ईर्ष्या नही करता हूं क्योंकि मैं कोर से संतुष्ट हूं।

योगेश भाई ने दोहराया कि मुंबई पिछले छह महीने से बंद होने के बाद सामान्य स्थिति में वापस आ जाएगा, अगर केवल महाराष्ट्र सरकार सिनेमाघरों के साथ–साथ स्थानीय ट्रेनों को भी पूरे जोरों पर चलाने की अनुमति दे, क्योंकि आम आदमी के लिए लगातार ट्रेनों के अभाव में, दिन के किसी भी समय भारी यातायात के साथ सड़कों पर अव्यवस्था होती है।

फोन पर इस इंटरव्यू को समाप्त करते हुए योगेशभाई ने कहा, "पिछले 40 वर्षों में जिस तरह से मेरा करियर बना है, उससे मैं ज्यादा खुश हूं। मुझे पब्लिसिटी करते हुए खुशी हो रही है। मैंने रोहित शेट्टी की दिलवाले और मधुर भंडारकर की कैलेंडर गर्ल्स में एक छोटी भूमिका भी निभाई थी, हालांकि मुझे अभिनय में कोई दिलचस्पी नहीं है।

अनु– छवि शर्मा

अक्षय कुमार ने फिल्म 'बेलबॉटम' के लिए तोडा अपना 18 साल का नियम

—ज्योति वेंकटेश

हमेशा की तरह बड़े दिल वाले **अक्षय कुमार 'बेलबॉटम'** के निर्माताओं के लिए उद्धारक बन गए हैं। वर्तमान में फिल्म को स्कॉटलैंड के खूबसूरत हाइलैंड्स में शूट किया जा रहा है, अक्षय कुमार **'बेलबॉटम'** की बड़ी यूनिट के लिए अपने सख्त अनुशासन और कार्य संस्कृति को पेश करने में कामयाब रहे हैं, यह पहली बॉलीवुड फिल्म हैं जिसने इस महामारी के दौरान अपनी इतनी बड़ी यूनिट के साथ स्कॉटलैंड रवाना होने के लिए एक चार्टर्ड प्लेन के साथ उड़ान भरी।

स्कॉटलैंड में उतरने के बाद 14 दिनों के क्वारंटाइन के लिए खोए गए कीमती समय से वाकिफ, अक्षय ने महसूस किया कि वित्तीय हिट से उत्पादकों को यूनिट का विशाल आकार देना होगा। जब अक्षय ने पूजा एंटरटेनमेंट की फिल्म **'बेलबॉटम'** के लिए 18 साल बाद 8 घंटे काम करने के अपने कार्डिनल नियम को तोड़ने का फैसला किया तो उन्होंने डबल शिफ्ट की सिफारिश कर सबको चौंका दिया शूटिंग एक साथ करने वाली दो यूनिट यह सुनिश्चित करने के लिए शूट करती हैं कि शूट फास्ट ट्रैक पर हो जाए और प्रोड्यूसर्स का पैसा बचाए।

यह यूनिट स्थानीय टीमों के साथ एक साथ दो शिफ्टों में शूटिंग कर रही है, जिससे यह अपनी तरह की पोस्ट लॉकडाउन की पहली फिल्म बन गई है। **पूजा एंटरटेनमेंट** का उल्लेख नहीं करने के लिए टीम ने सभी की भलाई सुनिश्चित करने के लिए सेट पर विफल–सुरक्षित सुरक्षा मानकों का पालन करने में एक बेंचमार्क सेट करने में भी कामयाबी हासिल की।



निर्माता **जैकी भगनानी** कहते हैं "अक्षय सर वास्तव में एक निर्माता के अभिनेता हैं और उनके साथ काम करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। वह हर किसी और हर चीज के बारे में लगातार सोच रहे हैं। पूरी यूनिट के लिए सुरक्षा उपायों से लेकर शूटिंग शेड्यूल तक के लिए प्रोड्यूसर्स के सामने चुनौतियां हैं। अक्षय सर 18 साल में पहली बार डबल शिफ्ट कर रहे हैं। इसलिए जब उन्होंने दो यूनिट का सुझाव दिया तो हम बिल्कुल स्तब्ध थे और एक ही समय में उत्साहित थे। और उनके काम के अनुशासन और समय के प्रति सम्मान को देखते हुए, सेट पर हर कोई सुपर ऊर्जावान है और अपने सर्वश्रेष्ठ में भी पिच कर रहा है। यह अच्छी तरह से तेल से सना हुआ मशीनरी है जो इसे बनाने के लिए चौबीसों घंटे काम करता है।"

सेट पर उत्तेजना को देखते हुए, एक अंदरूनी सूत्र ने मजाक में चुटकी ली कि पूरी यूनिट की गति और समर्पण ने आश्चर्यचकित नहीं किया।

अनु–छवि शर्मा

—संज्ञा सिंह

सुशांत सिंह हमेशा मेरे काम की तारीफ किया करते थे

हितेन तेजवानी

—मायापुरी प्रतिनिधि

एक प्रतिभाशाली कलाकार और एक सुनहरे दिल वाले हितेन तेजवानी एक संक्षिप्त अंतराल के बाद टेलीविजन पर वापसी करने के लिए रोमांचित हैं। वर्षों से टीवी पर एक आदर्श बेटे और पति के रूप में नजर आने वाले असाधारण अभिनेता अब कॉमेडी शैली में अपनी एक नई शुरुआत करने के लिए पूरी तरह से तैयार हैं। मनोरंजन इंडस्ट्री में अनुभव होने और इसमें अग्रणी होने के नाते, हमने हाल ही में हमें स्टार भारत के अपकमिंग शो 'गुप्ता ब्रदर्स – चार कुंवारे फ्रॉम गंगा किनारे' शो में लीड किरदार निभाने वाले हितेन तेजवानी से बात करने का मौका मिला, जिनसे हुई खास बातचीत के कुछ प्रमुख अंशः

□ अपने शो के बारे में बताएं?

'गुप्ता ब्रदर्स–चार कुंवारे फ्रॉम गंगा किनारे' एक ऐसा शो है, जो चार भाइयों की सादगी के साथ दर्शकों का मनोरंजन करेगा, जिन्हें अपने जीवन में किसी भी महिला की जरूरत नहीं है। वे महिलाओं का अनादर नहीं करते बल्कि उन्हें लगता है कि उन्हें अपने जीवन में महिलाओं की जरूरत नहीं है साथ ही वे अपने आप में सब कुछ करने में सक्षम हैं। यह चारों भाई एक–दूसरे के लिए बने हैं और साथ ही यह अपनी मासूमियत, प्रामाणिकता



और कॉमेडी के साथ दर्शकों के चेहरे पर मुस्कान लाएंगे। यह शो एक मनोरंजन का पैकेज है जो लोगों को कंजूस और किफायती होने के बीच का अंतर को समझाएगा। अब वे शादी क्यों नहीं करते हैं और इसके पीछे की कहानी क्या है यह एक पेचीदा हिस्सा है जो दर्शकों को देखना होगा । इस शो के माध्यम से दर्शकों को हंसी के साथ–साथ एक भावनात्मक जुड़ाव महसूस होगा जो इन चारों भाइयों के इर्द गिर्द घूमती है।

❑ आपके द्वारा निभाए गए पहले किरदार और इस शो में आपके द्वारा निभाए जाने वाले किरदार में क्या अंतर है?

लगभग बीस साल तक मनोरंजन इंडस्ट्री का एक हिस्सा होने के नाते मुझे कई भूमिकाएँ निभाने का मौका मिला। मेरे सभी पिछले किरदार शिव से बिल्कुल अलग है। मेरा किरदार – शो में शिव नारायण गुप्ता का है जो एक साधारण और एक आत्मनिर्भर व्यक्ति है जो अपने नियमों से जीता है और शादी में विश्वास नहीं करता है या किसी स्त्री से संबंध नहीं रखता है। वह चार भाइयों में सबसे बड़ा और जिम्मेदार है। वह एक सामान्य व्यक्ति है जो अपने पिता के नाम को पुनः प्राप्त करने का लक्ष्य रखता है। उसने अपने विचारों को अपने भाइयों में भी डालें है कि कैसे उन्हें आर्थिक रूप से स्वतंत्र होना चाहिए और अपने दम पर काम करना चाहिए। अपने भाइयों के लिए उसका प्यार अपार है, वह उनके लिए एक पिता की तरह है और परिवार के लिए एकमात्र रोटी कमाने वाला है। एक आत्म निर्भर व्यक्ति होने के नाते, वह किसी पर निर्भर नहीं है और वह किसी कार्य को करने के लिए किसी पर निर्भर नहीं रहता है। उसका मानना है कि हर चीज किफायती होनी चाहिए और पैसा बुद्धिमानी से खर्च होना चाहिए। शो में उसका लुक भी एक बहुत ही साधारण आदमी का है–एक टिपिकल मूंछ वाला लड़का जो हमेशा अपने बहुत ही साधारण पोशाक में हमेशा थैली लटकायें रहता है। मुझे लगता है कि शिव का किरदार मुझे अभिनय के उन नए पहलुओं का पता लगाने की अनुमति देता है जिनमें मैं सक्षम हूं।

❑ इस किरदार में ऐसा क्या था, जिसने आपको हाँ कहने पर मजबूर किया?

सबसे पहले, शो की शानदार कॉन्सेप्ट ने मुझे हां कहने के लिए उकसाया और दूसरी बात यह है कि इसके किरदारों को बहुत अच्छी तरह से लिखा गया है। चार भाइयों में से प्रत्येक के पास अलग–अलग लक्षण हैं जिसे देख दर्शक खुद को कहीं न कहीं जोड़ सकते हैं। कॉमेडी शैली कुछ ऐसी हैं जिसमे मैं हमेशा से काम करना चाहता था और मेरा मानना है यह कठिन शैलियों में से एक है। इसके लिए धैर्य, अभ्यास और उपयुक्त समय की आवश्यकता होती है ताकि हमें दर्शकों को हँसाने की कला में महारत हासिल हो सके। हमारे विनम्र निर्माता महेश पांडेय और निश्चित रूप से स्टार भारत जिसके मंच से मुझे यह शानदार किरदार निभाने का अवसर मिला है इससे हम न सिर्फ दर्शकों के घर बल्कि उनके दिलों तक पहुंच पाएंगे ।

❑ हमें बताएं कि शो में शिव के किरदार के लिए आपने कौन सी विशेष तैयारियाँ की हैं?

शिव के किरदार के लिए मुझे वास्तव में ज्यादा तैयारियाँ नहीं करनी पड़ी क्योंकि यह किरदार बहुत ही सिंपल है । मूंछ वाला सीधा–सादा आदमी। बनारस की पृष्ठभूमि पर बने इस शो के सेटअप को ध्यान में रखते हुए मुझे वास्तव में अपनी हिंदी पर काम करना पड़ा। हमने इस खूबसूरत शहर में इस शो के कुछ एपिसोड्स को शूट किया है इस दौरान मुझे वहां रहकर स्थानीय लोगों से सीखने का अवसर मिला। उनके बोलने का तरीका, शब्दों का प्रयोग और बोली। शहर में हम जो भाषा बोलते हैं, वह पूरी तरह से अलग है इसलिए मैंने अपने किरदार के लिए शुद्ध हिंदी का अभ्यास किया।

❑ लॉकडाउन से पहले इस शो का अलग नाम और कॉन्सेप्ट था?

लॉकडाउन से पहले इस शो का शीर्षक 'हम – एक मकान एक दुकान' था और यह शो चार भाइयों और उनके साथ रह रही उनकी भाभी के इर्द गिर्द घूमता था। यह एक बड़ा परिवार है और इस परिवार में आने वाली उतार–चढ़ाव पर यह कहानी निर्भर थी जहाँ दर्शकों को फैमिली ड्रामा देखने को मिलता। अब अचानक मेकर्स और चैनल ने टेबल चेंज करते हुए शो की पूरी स्टोरी लाइन को बदल दिया है। लॉकडाउन के बाद शो का नाम 'गुप्ता ब्रदर्स चार कुवारें फ्रॉम गंगा किनारे' रखा गया है। अब यह कहानी 4 भाइयों के जीवन के इर्द गिर्द घूमेगी, जो आत्मनिर्भर और खुदपर भरोसा रखने वाले हैं और उन्हें अपने जीवन में किसी भी महिला की जरूरत नहीं है। यह शो लाईट कंटेंट के एक हिस्से को हंसी की खुराक और ड्रामा के साथ पेश किया जाएगा। वैसे, हम पोस्ट लॉकडाउन इस शो के फ्रेश कॉन्सेप्ट को देखने के लिए उत्सुक हैं।

❑ पोस्ट लॉकडाउन ऐसा क्या हुआ जो मेकर्स ने इस शो को पूरी तरह बदल दिया?

मुझे लगता है कि यह समय की आवश्यकता को देखते हुए एक क्रिएटिव निर्णय था। फिलहाल, दर्शकों को इस दौरान सकारात्मकता और हँसी की का डोज चाहिए। शो के पिछले भाग के कुछ एपिसोड्स की शूटिंग होने के बावजूद शो की स्टोरी लाइन और कॉन्सेप्ट में बदलाव करना और इस तरह का कठिन कदम उठाना ही दर्शकों की तरफ इसका समर्पण दिखाता है कि दर्शकों को इस समय क्या चाहिए।

घर का मंदिर

कुतुब

क्योंकि सांस भी कभी बहू थी

कसौटी जिंदगी के

❑ क्या आपने नए किरदार के लिए फिर से ऑडिशन दिया?

नए किरदार के लिए मैंने फिर से ऑडिशन नहीं दिया, बल्कि हमने एक लुक टेस्ट जरूर दिया था जिसे कॉन्सेप्ट को बदलने के साथ–साथ कैरेक्टर के लक्षण को ध्यान में रखते हुए किया गया था । मुझे लगता है कि मेरा नया किरदार सरल है और मुझे यह अधिक पसंद है। मैं अपने किरदार को लेकर दर्शकों द्वारा मिलने वाली प्रतिक्रियाओं को लेकर उत्सुक हूँ।

❑ आपने इससे पहले कभी कॉमेडी नहीं की है तो आप अपने अपकमिंग शो के बारे में क्या महसूस करते हैं?

मैंने इस शैली पर कभी हाथ नहीं आजमाया है और मुझे लगता है कि यह सबसे चुनौती पूर्ण शैलियों में से एक है। परफेक्ट कॉमेडी टाइमिंग की मास्टरी करना, डायलॉग डिलीवरी और पंचेस मारना यह किसी चैलेंज से कम नहीं है और मैं 'गुप्ता ब्रदर्स – चार कुंवारे फ्रॉम गंगा किनारे' का हिस्सा बनकर बहुत एक्साइटेड हूँ जो मेरी शैली की सूची में एक और शैली जोड़ने जा रहा है।

❑ डेली सोप में वापसी करके आपको कैसा महसूस हो रहा है?

यह मुझे घर वापसी जैसा लग रहा है, डेली सोप, एक अभिनेता के रूप में प्रतिदिन आपको सुधारने का अवसर देता है। आपको दर्शकों और अपनी परफॉर्मेंस के अनुसार अपने किरदार में बदलाव करने का मौका मिलता है और खुलकर परफॉर्म करने की आजादी मिलती है। डेली सोप मेरा कम्फर्ट जोन है और मैं बेहद आभारी हूँ 'गुप्ता ब्रदर्स – चार कुंवारे गंगा किनारे' शो का हिस्सा बनकर।

❑ आपका लॉकडाऊन एक्सपीरियंस कैसा रहा?

जब शुरुआत में लॉकडाउन लगा, तो हम इस बात से अनजान थे कि यह लंबे समय तक चलेगा क्योंकि यह तकरीबन 4 महीने तक चलता रहा और मैं बहुत अधिक धैर्यवान बन गया। मैंने अपने बच्चों के साथ बहुत अधिक क्वालिटी टाइम बिताया और यह मेरे लिए एक अवसर से कम नहीं था। मैंने कई ऑनलाइन कक्षाएं लीं जो मेरी व्यक्तिगत और व्यावसायिक वृद्धि में मुझे मदद करेंगी। मुझे लगता है यह लॉकडाउन पूरे परिवार को एक साथ ले आया और मैंने अपने हर पल को अपने परिवार के साथ बड़े प्यार से संजोया है।

❑ लॉकडाऊन के बाद शूट पर लौटकर आपको कैसा लग रहा है? इसपर आपका क्या कहना है?

लॉकडाउन के बाद सबकुछ बिल्कुल अलग और आवश्यक महसूस होता है, रही बात शूट की तो सेट पर हर तरह के दिशा निर्देशों का ख्याल रखा जा रहा है। सैनिटाइजेशन बूथ से लेकर पर्सनल हाइजीन किट तक सभी का ध्यान प्रोडक्शन हाउस द्वारा रखा जाता है। सोशल डिस्टेंसिंग प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालन किया जा रहा है और हमारा प्रोडक्शन हाउस काफी उदार है कि वे नियमित अंतराल के बाद सेट पर अदरक और हल्दी का काढ़ा दिया जाता है और टेम्परेचर और ऑक्सीजन लेवल की समय– समय पर जांच होती है की जांच का भी ध्यान रखा जा रहा है। ऐसे सुरक्षित और स्वच्छ वातावरण में शूटिंग करना बहुत सुकून देता है। इसके अलावा हम सोशल डिस्टेंसिंग प्रोटोकॉल का पालन करते हुए कम से कम कास्ट और क्रू मेम्बर्स के साथ शूटिंग करते हैं।

❑ आपको अपने को–स्टार के साथ काम करके कैसा महसूस हो रहा है?

अब तक मैंने परदे पर अपने तीनों भाइयों के साथ शूटिंग की है और यह अनुभुत अद्भुत है। यह लड़के बहुत ही टैलेन्टेड हैं। जब किरदार के समझ की बात की जाए तो मुझे इन लोगों से कई नई तकनीकें सीखने को मिली हैं। हम एक साथ बहुत सारा समय बिताते हैं और इसलिए मुझे पहले से ही यह एक परिवार की तरह महसूस होता है। इस शो ने मुझे एक जिम्मेदार किरदार दिया है और मुझे लगता है कि मैं सचमुच इनका उनका बड़ा भाई हूं।

❑ इस वक्त आप और अन्य किन प्रोजेक्ट्स पर काम कर रहे हैं?

मेरी आशिकी तुम से ही

बालिका बधु

डॉयन

हैवान

फिलहाल, मैं 'गुप्ता ब्रदर्स – चार कुंवारे गंगा किनारे' शो से स्टार भारत के दर्शकों को अपने कॉन्टेंट और परफॉर्मेंस से खुश करने के मिशन पर हूँ। भविष्य की कोई योजना नहीं क्योंकि मैं इस समय अपने शो के लिए पूरी तरह से प्रतिबद्ध हूं।

☐ आपको इस शो के लिए कितना भुगतान किया जा रहा है? क्या पोस्ट लॉकडाउन में कोई बदलाव किए गए हैं?

मेरे लिए केवल यही मायने रखता है कि यह दर्शकों के साथ जुड़ने का बेहतरीन अवसर है और एक अभिनेता के लिए सबसे बड़ी संतुष्टि यह है जब उसे दर्शकों से सराहना और प्यार मिलता है।

☐ आप अपने प्रशंसकों को क्या संदेश देना चाहेंगे?

मैं सबसे पहले अपने फैन्स को बिना भूले इस शो को स्टार भारत पर देखने का निवेदन करता हूँ। दर्शकों द्वारा मुझे मिल रहे प्यार और उनके निरंतर समर्थन के लिए उनका आभारी हूं। मैं अपनी पिछली भूमिकाओं के लिए आज तक उनके द्वारा मिले प्यार की सराहना करता हूं और मुझे यकीन है कि मेरा किरदार बहुत जल्द उनके चेहरे पर मुस्कान लाएगा।

☐ क्या आपने कोविड के चलते अपनी फीस घटाई है?

मुझे लगता है कि यह समय फीस की कटौती के बारे में सोचने का नहीं है, एक अभिनेता के तौर पर मेरा काम अपने प्रदर्शन से दर्शकों का मनोरंजन करना है। स्टार भारत बहुत ही उदार है इसलिए मैं इसे फीस स्लैश के रूप में नहीं देखता। मैं एक मनोरंजन योद्धा बनकर सभी का आभारी हूं और अगर मुझे अपने प्रदर्शन से दर्शकों को समर्थन मिलता है तो यह मेरे लिए सबसे अनमोल होगा।

☐ सुशांत सिंह राजपूत और समीर के हालिया निधन पर आपके क्या विचार है?

सुशांत सिंह राजपूत और समीर की खबरें सुनकर मैं सदमे में था। वे दोनों बहुत प्रतिभाशाली व्यक्ति थे। उनके बारे में पढ़कर मेरा दिल बहुत दुखता है। मैं प्रार्थना करता हूं कि वे जहाँ भी हों खुश हों और भगवान उनकी आत्मा को शान्ति दें।

☐ क्या आप भाई–भतीजावाद में विश्वास करते हैं?

मैं यहां अपने शो के बारे में बात करने के लिए हूं और इसपर कोई टिप्पणी नहीं करना चाहूंगा।

☐ अवसाद को लेकर आपको क्या कहना है?

अवसाद एक ऐसा मुद्दा है जो प्रत्येक व्यक्ति के लिए व्यक्तिपरक है। जो इससे गुजर रहा है केवल वही इसे समझ सकता है। हम केवल इतना कर सकते हैं कि जो लोग इससे गुजर रहें हैं हम उनकी मदद कर सकते हैं और उन्हें खुश रख सकते हैं। मैं भले ही किसी ऐसे व्यक्ति के संपर्क में नहीं हो सकता हूं जो इससे गुजर रहा है लेकिन मैं अपनी कला के माध्यम से अपना योगदान दे सकता हूँ ताकि उन्हें अच्छा महसूस हो ।

☐ आपने सुशांत को पवित्र रिश्ता में रिप्लेस किया था, जब उन्होंने बॉलीवुड के लिए शो छोड़ दिया था, तब आपके साथ उनकी बातचीत कैसी थी?

मेरा मानना है कि सुशांत प्रतिभा का एक पावर–हाउस था और बॉलीवुड में कुछ बड़ा करने का उनका लक्ष्य हमेशा स्पष्ट था। हम दोनों के बीच कोई भी कठोर भावनाएं नहीं थी। वह एक ऐसे अभिनेता थे, जिन्होंने अपने अभिनय करियर की परिकल्पना पहले से की थी और वह उसी रास्ते पर चले। हम दोनों के बीच सामान्य बात यह थी कि हम दोनों ने पवित्र रिश्ता में मानव का किरदार निभाया था। और यह सभी नहीं जानते कि वह हमेशा मेरे काम की सराहना करते थे और मुझे बताते थे कि आपने वास्तव में यह सीन अच्छे से निभाया। जब भी हम मिले वे बहुत खुश थे। सुशांत बहुत सारे लोगों के लिए एक प्रेरणा थे क्योंकि उन्होंने अपने दम पर सब कुछ किया। उन्होंने टीवी के साथ शुरुआत की और फिल्मों की तरफ बढे। हम विश करते हैं कि हम उन्हें और उनकी प्रतिभा को और अधिक देख पाते। मैं बस इतना ही कह सकता हूं कि मैं उम्मीद करता हूं कि वह बेहतर जगह पर हो और भगवान उसके परिवार को ताकत दें ताकि वह इस हानि को बर्दाश्त कर सकें।

☐ पवित्र रिश्ता की वापसी पर आपके क्या विचार हैं?

मेरा मानना है कि ऐसा करके हम प्रतिभाशाली स्वर्गीय सुशांत सिंह राजपूत को अपना सम्मान और अंतिम विदाई के रूप में दे सकते हैं। उन्होंने अबतक अपनी एक्टिंग से जो अपने फैन्स और दर्शकों को दिया है वह बहुत सराहनीय है।

☐ क्या आप अंकिता लोखंडे के संपर्क में हैं?

नहीं ।

हितेन तेजवानी को शिव नारायण गुप्ता के रूप में देखने के लिए देखिए इस 5 अक्टूबर से सोमवार से शुक्रवार, रात 9:30 बजे गुप्ता ब्रदर्स–चार कुवारे फ्रॉम गंगा किनारे शो केवल स्टार भारत पर।

यह लेख दिनांक 12–04–1981 मायापुरी के पुराने अंक 342 से लिया गया है

HAPPY BIRTHDAY

मैं समझौता पसंद नहीं करता

राज खोसला

–पन्नालाल व्यास





मैंने राज खोसला के यहां फोन किया तो उनके सेकरेट्री वेद प्रकाश ने फोन उठाया। वे तो मेरे पुराने परिचित निकले। मेरा काम सहज हो गया। उन्होंनें तीसरे दिन खोसला जी के ऑफिस में ही मिलने का समय मुकर्र कर दिया।

तीसरे दिन जब मैं तीन बजे उनके ऑफिस गया तो वे खाना खाकर सोये ही थे। वेद प्रकाश जी ने मेरा अभिवादन करके गरम–गरम चाय मंगाई और बताया कि अगले सप्ताह से खोसला जी के निर्देशन में बन रही जॉनी बख्शी की फिल्म 'मेरा दुश्मन" रामायण चित्र की 'माटी मांगे खून! और तीसरी फिल्म 'दासी' की लगातार कई दिनों की शूटिंग होगी और साथ–साथ में उनकी खुद की नयी फिल्म "श्रीमती जी'' की भी दस दिनों की लगातार शूटिंग होगी।

मैंने कहा–'श्रीमती जी' मल्टीकास्ट फिल्म होगी। इस पर वेद प्रकाश जी ने मेरी इस अन्जानकारी पर आश्चर्य जाहिर किया और कहा–'अरे, आपको पता नहीं। इसमें तो राज किरण, पदमिनी कोल्हापुरी, नूतन, अमजद खान आदि हैं।"

ओह ! तो वह मिनी मल्टीकास्ट फिल्म है।" मैंने मजाक में कहा.

इस तरह हम गप–शप कर ही रहे थे कि भीतर से बुलावा आ गया। मैंने समझ लिया–खोसला जी खाना खाने के बाद नींद



नहीं लेते बस हल्की झपकी भर लेते हैं।"

उनके कैबिन के भीतर घुसते ही उन्होंने हाथ मिला कर सिगरेट ऑफर की। "मैं पीता नहीं" कह कर मैं सोचने लगा–बात शुरू करूं तो कहाँ से करूं। तभी मुझे याद आया–कुछ ही दिनों उनके पिता जी का देहांत हो चुका है। एक विचार बिजली की तरह मस्तिष्क में दौड़ गया। मैंने उनके पिता जी के देहावसान पर शोक अभिव्यक्त करते हुए कहा–घर में जब सबसे बुर्जुग का देहांत हो जाता है तो उनके निकटतम संबंधियों पर गहरा प्रभाव पड़ता है। और कभी–कभी तो फिलॉसफीकल इफेक्ट होता है आदमी तब जीवन और मृत्यु के बारे में सोचते–सोचते किसी और दुनिया में चला जाता है। तो आप पर और आपके मूड पर आपके पिता जी की मृत्यु का क्या असर हुआ।

मेरी इस बात पर उनकी आंखें हल्की–सी बंद हो गयी। फिर कुछ सजल भाव से बोले–मेरे पिता जी बाहर में थे। फिल्म से उनका ताल्लुक नहीं था। पर लिटरेचर में दखल रखते थे। उन्होंने लिटरेचर में एम. ए. किया था। उनकी हर बात में रहबरी होती थी। जब वे चले गये तो मुझे लगा जैसे मैं स्पेस में चला गया हूं। शून्यता का सन्नाटा मुझपर छा गया। फीलिंग हुआ जैसे सडनली हम बड़े हो गये हैं।"

☐ "बड़े होने के साथ–साथ आप अनुभवी भी तो हो गये हैं।" मैंने मजाक में कहा और वहीं से बुनियादी इन्टरव्यू की डोर पकड़ते हुए कहा–आपने अच्छी से अच्छी दिल को छूने वाली फिल्में दी हैं। और ढेर सारी कामर्शियल फिल्में भी दी हैं। आपकी कुछ फिल्में खूब चली और कुछ नहीं चली जैसी आशा थी। तो क्या आप अब अनुभव से आज कोई बॉक्स ऑफिस फार्मूला दे सकते हैं?"

उन्होंने एकदम साफ जवाब दिया–"नहीं, बिल्कुल नहीं। उस बारे में कोई कुछ नहीं कह सकता। पता नहीं, उसकी चाबी किसके पास है। फिर भी मैं कह सकता हूं कि जो कहानी मुझे अच्छी लगे, जिसे मैं सुनाऊ उसे भी अच्छी लगे, वह कहानी मुझे अच्छी लगे और दूसरों को भी अच्छे लगें तो उस कहानी पर बनी फिल्म अवश्य पसन्द की जायेगी। अच्छी कहानी–जिसे हम सचमुच दिल को छूने वाली, दिल को असर करने वाली कहानी कह सकें। उसकी यूनिवर्सल अपील तो होती ही हैं। हां, एक बात और है कि जैसी वह कहानी है उसका मेकिंग भी वैसा ही होना चाहिए।"

☐ कहानी की बात चलते ही मुझे याद आया कि राज खोसला की हमेशा राइटरों के साथ नोंक–झोंक होती रहती है। दोस्ताना के वक्त उनकी सलीम जावेद से कुछ विवाद हुआ. के. ए. नारायण ने तो उनके खिलाफ अपने एक इन्टरव्यू में बहुत कुछ कह दिया है तो मैंने मुंहफट सवाल किया आप राइटरों से क्यों झगड़ते रहते हैं?"

यह सुनते ही वे चौंके–फिर हल्के से सिगरेट का कश खींचकर बोले–"मैं और झगड़ा–कभी नहीं! यदि राइटरों से झगड़ा होता तो पिछले अठारह साल से मेरे पास एक ही राइटर काम करते नहीं होते। पर हाँ–जब मैंने बाहर के निर्माताओं की फिल्मों का डायरेक्शन लिया तो उनके राइटरों को मैं अपने डिफरेंस ऑफ ऑपोनियन को लेकर उन्हें हमेशा अपना प्वाइंट बताता रहा। आफटर ऑल आई एम द डायरेक्टर. आई एम द कैप्टन ऑफ द शिप यदि कहानी की कमजोरी से, स्क्रिप्ट की कमजोरी से कोई

फिल्म लड़खड़ा जाती है तो उसको जिम्मेदारी आखिर मुझपर ही तो आती हैं। कहानी के मामले में मैं सममौता पसन्द नहीं करता। पर उसका मतलब यह नहीं कि मैं झगड़ालू हूं."

□ कहानी की बात हुई तो स्टार सिस्टम की चर्चा भी जरूरी थी। मैंने कहा–क्या आप भी स्टारवाद के फोलोवर हैं?

उन्होंने तपाक से कहा–कतई नहीं। कहानी वन स्टार की होगी तो मैं जबरदस्ती उसमें दो स्टार नहीं ठूसूंगा। मेरी हमेशा से यही मान्यता रही है कि कहानी पहले–फिर बाद में आर्टिस्टों का सिलेक्शन! मैं मानता हूं कास्टिग इंपोर्टेंट है पर कहानी पर वह हावी नहीं होनी चाहिए। अगर हमें हिस्टोरिकल या कॉस्ट्यूस फिल्म बनानी है या रामायण, महाभारत जैसे किसी धार्मिक ग्रन्थ पर भव्य फिल्में बनानी है तो बड़े–बड़े स्टार करेक्टरस के हिसाब से लेने ही पड़ेंगे। वैसे फिल्में भव्य मल्टीकास्ट फिल्में हो जायेंगी पर सबजेक्ट के कारण केवल मल्टीकास्ट के लिए मल्टीकास्ट फिल्में बनाना वाजिब नहीं है। आप इस तरह की फिल्मों का रिजल्ट देख ही रहे हैं।"

मैंने कहा–आपकी यह बात तो ठीक है समझ में आती है पर हमें आपसे भी शिकायत है।"

"वह क्या ?!

'आपने "मैं तुलसी तेरे आंगन की" जैसे दिल को छूनें वाली भावुक फिल्म बनायी। फिल्म वालों को एक नयी रोशनी दी पर आपने "दोस्ताना" जैसी ठेट मल्टीकास्ट कामर्शियल फिल्म मारा–मारी वाली फिल्म बना कर दिल खट्टा कर दिया।

मेरे कथन पर वे कुछ मुस्करा उठे। फिर थोड़ी देर बाद बोले–'दोस्ताना' दोस्ताना की बात थी। बात यह है कि उस फिल्म के पहले डायरेक्टर और कोई थे। उसके प्रोड्यूसर यश जौहर उसके निर्माण में काफी हाथ जला चुके थे। वे हमारे दोस्त हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि उनकी उस फिल्म का डायरेक्शन मैं ही करूंगा। आखिर मुझे दोस्ती निभानी पड़ी। इसी तरह सुनील दत्त की फिल्म "नहले पे देहला' दोस्ती की खातिर डायरेक्ट की। मैं दत्त साहब से लगातार नौ महीने तक कहता रहा कि मुझें वह कहानी पसन्द नहीं है। पर दोस्त की पिक्चर बनाने के लिए कुछ ज्यादा कहने–सुनने की गुंजाइश नहीं रहती। आज मुझे यह बात स्वीकार करने में संकोच नहीं है कि उस तरह की फिल्में मुझे हाथ में नहीं लेनी चाहिए थी। पर दत्त साहब 'रेशमा और शेरा' को असफलता से परेशान थे। यश जौहर भी संकट में थे। उस हालात में मैं जिद नहीं कर सका। भूल हो ही गयी।

□ तभी मैंने खोसला साहब को ध्यान दिलाया केन्द्रीय सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय श्री वी. पी. साठे की उस घोषणा की ओर जिसमें कहा गया कि केन्द्रीय सरकार फिल्म इंडस्ट्री को इंडस्ट्री का दर्जा देने जा रही है और अब फिल्म वालों को बैंक से ऋण आदि की सुविधाएं मिलने वाली हैं। इस बात की ओर ध्यान खींचकर मैंने पूछा–क्या उससे सचमुच फिल्मों के निर्माण में कुछ फर्क आयेगा?"

उन्होंने बड़ी गम्भीरता से मंतव्य प्रकट किया 'वैसे यह घोषणा काफी देर से हुई है–फिर भी उसका स्वागत किया जाना चाहिए। पर मैं सोचता हूं– हकीकत में जब तक आर्टिस्ट खुद सेल्फ



डिसीप्लिन लागू नहीं करेंगे और जब तक फायनेसिंग एजेन्सी को चाहे वह बैंक हो या और कोई, यह विश्वास नहीं होगा कि फिल्म जल्द बन जायेगी। कुछ नहीं होगा संदिग्ध स्थिति में बैंक भी ऋण क्यों देने लगे। इस संबंध में मैं एक्टर्स गिल्ड के प्रमुख देव आनन्द से बात करने वाला हूं। आपको याद होगा पहले हम लोगों ने आर्टिस्टों पर एक साथ छः से अधिक फिल्में न लेने का नियम लागू किया था। पर हुआ क्या। न प्रोड्यूसरों के लिए और न आर्टिस्टों के लिए वह हैप्पी डिसीजन रहा। बात वहीं खत्म हो गयी। इसलिए मैं बार–बार यही कहता हूं कि यदि आर्टिस्ट खुद सेल्फ डिसीप्लिन लागू करके घोषणा कर दें कि वे ज्यादा फिल्में एक साथ साइन नहीं करेंगे। वे एक ही शिफ्ट में काम करेंगे। एक स्ट्रेच में शूटिंग करेंगे तो उससे फिल्म इंडस्ट्री को कुछ लाभ हो सकता है। तब बैंक वालों में भी फिल्मों के निर्माण के प्रति गहरा इंडस्ट्री हो जायेगी।

उसके बाद आज की फिल्म इंडस्ट्री में यहां–वहां की चर्चा हुई तो उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि हमारा प्रोडक्शन सेक्टर बहुत री डिसऑरगेनाइज्ड है। हॉलीवुड में देखिये–वे स्टारों से सीधा छः सप्ताह का कॉन्ट्रेक्ट करते हैं। उस कॉन्ट्रेक्ट के मुताबिक वे फिर अन्य किसी फिल्म में काम नहीं कर सकते। वे मंडे से फ्राइडे तक पब्लिक पार्टी में जा नहीं सकते। वे शूटिंग जब तक खत्म नहीं हो जाती एयर से ट्रेवल नहीं कर सकते। मोटर–साइकिल नहीं चला सकते। वे शूटिंग के दौरान एफेयर नहीं कर सकते। और भी कई खास बातें होती हैं उस कॉन्ट्रेक्ट में। बड़ी सख्ती से काम होता है। यह वहां का सिस्टम है। पर हमारे यहां तो शूटिंग खत्म होने पर कॉन्ट्रेक्ट होता है। शूटिंग डेट्स प्रोड्यूसर नहीं देते–आर्टिस्ट देते हैं। कितनी उल्टी बात है। भला ऐसे डिसआर्गनाइज्ड प्रोडक्शन सेक्टर से लोगों में विश्वास कैसे हो सकता है

☐ "तो क्या इसका इलाज नेशनलाइजेशन नहीं है? मैंने पूछा।

खोसला साहब ने बताया–"कोरे नेशनलाइजेशन से क्या होगा। मूल बात यह है कि देश में ज्यादा से ज्यादा थियेटर्स बनने चाहिए। देखिये रूस में तीस करोड़ लोग हैं जिनके लिए एक लाख से ज्यादा थियेटर्स हैं। पर हमारे देश में साठ करोड़ से ज्यादा लोग हैं पर थियेटर मुश्किल से दस हजार हैं। इसलिए फिल्म इंडस्ट्री को गियर में लाने के लिए एक तो प्रोडक्शन सेक्टर स्ट्रीमलाइज्ड किया जाना चाहिए और दूसरी और ज्यादा से ज्यादा थियेटर्स बनने चाहिए। यह काम हो जाये तो वह नेशनलाइजेशन से भी अधिक प्रभावकारी होगा।

इस संदर्भ में मैंने कहा–देश में जनता थियेटरों के बनाये जाने की बाबत चर्चाएं हो रही हैं। व्ही–शांताराम जी ने उसके लिए एक ट्रस्ट भी बनाया है। क्या जनता थियेटरों के निर्माण का मूवमेंट प्रभावकारी सिद्ध हो सकेगा?"

थे "मुझे नहीं लगता. लाखों के लागत को फिल्में जनता थियेटरों में एक–एक रुपये के टिकट पर कैसे दिखायी जा सकेंगी। हॉं–छोटे बजट की फिल्मों को बड़े थियेटरों की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ेगी. फिर भी मैं समझता हूं कि उनसे कोई खास फायदा नहीं होगा।"

☐ राज खोसला ने जब छोटें बजट की फिल्मों का नाम लिया तो मैंने कहा–इन दिनों आर्ट और कामर्शियल



फिल्मों के बीच रेखाएं खींचने को कोशिश हों रही है। आर्ट फिल्मों के नाम पर तो जैसे मूवमेंट चल पड़ा है–आपको इस बारे में क्या राय है?

उन्होंने ओज भरी वाणी में कहा–"मेरी मान्यता है कि जो फिल्म अच्छी है वह भव्य फिल्म है। न्यू थियेटर्स, बॉम्बे टाकीज देवकी बाबू, बिमल राय, गुरूदत्त, राज कपूर, व्ही–शांताराम, महबुब खां आदि को फिल्में जो खूब चली और जिन्होंने फिल्म निर्माण में नयी परम्पराएं स्थापित की–'क्या आर्ट फिल्में नहीं हैं! और जब बार–बार कामर्शियल–कामर्शियल फिल्मों का नाम लिया जाता है तो मुझे हंसी आती है। हकीकत यह है कि सौ फिल्मों में केवल दस फिल्में कामर्शियली हिट होती हैं। इसलिए आर्ट और कामर्शियल फिल्मों के नाम पर रेखा खींचना वाजिब नहीं है फिल्म या तो अच्छी है–या फिर बुरी। गुड और बैड–बस यही दो तरह की फिल्में हो सकती हैं."

☐ "मैंने पूछा–"क्या फिल्म मेकिंग में सारी जिम्मेदारी डायरेक्टर की रहती है?"

हाँ–ही इज द मास्टर।"

पर !?

"पर क्या ?" उन्होंने आश्चर्य से पूछा। मैंने बताया–'इन दिनों यहां–वहां सेट पर घूमते हुए मैंने यही देखा है कि डांस डायरेक्टर्स डांस के सीन्स फिल्माते हैं। फाइट मास्टर्स फाइट सीन्स फिल्माते हैं। आर्ट डायरेक्टर्स सेट बना देते हैं। लाइटिंग वाले अपनी मर्जी से लाइटिंग करते हैं। कैमरामैन अपनी मर्जी से शूट करते हैं–तो फिर डायरेक्टर्स को क्या दुख। वे तो आराम कुर्सी पर बैठे रहते हैं।

मेरी बात सुन कर खोसला साहब को कुछ हंसी आ गयी। फिर थोड़ी देर बाद नयी सिगरेट जलाकर बोले–मैं दूसरों को बात नहीं करता। मैं अपनी बात करता हूं, डांस मास्टर्स फाइटर्स ही नहीं, म्युजिक डायरेक्टर्स भी मेरे बताये अनुसार काम करते हैं। फिल्म के डायरेक्शन में लीडरशिप मेरी ही रहती है। अल्टीमेट रेसपॉन्सिबिलिटी मेरी ही रहती है। राय सबकी हो सकती है पर अंतिम काम मेरी मर्जी से होगा। जिस तरह आर्मी में कैप्टन के कहे अनुसार फौज चलती है–वही बात मेरे फिल्म डायरेक्शन के वक्त रहती है। काम करने वाले लोग अलग–अलग होंगे ही पर मास्टर माईंड मेरा ही होगा। ब्ल्यू प्रिंट मेरा ही होगा। फिल्म में यूनिटो ऑफ टाइम, प्लेस और करेक्टर निहायत जरूरी है–और यह यूनिटी डायरेक्टर के हाथ में है. म्युजिक कम्पोज के वक्त मैं वही ट्यून लेता हूं जो मुझे पसन्द है और जिन्हें मैं अपनी कहानी के मुताबिक ठीक मानता हूं।"

☐ यह बात उन्होंने ज्यों ही समाप्त किया तो मैंने पूछ लिया–तो कहीं आपके इन्टरफियर के कारण आपकी चर्चित फिल्म 'दासी' से राजेश रोशन तो अलग नहीं हुए? या आपने उन्हें खास कारणों से हटा कर उनकी जगह रवीन्द्र जैन को लिया?!

उन्होंने इस कन्ट्रोवर्सी के बारे में अपना मंतव्य स्पष्ट करते हुए कहा–निकाले जाने की बात नहीं है। दरअसल राजेश रोशन ने वेस्टर्न धुनें तैयार की थी। जो मेरी कहानी पर फिट नहीं बैठती थी। हम दोनों ने परस्पर बड़े होमली वातावरण में अलग होने का फैसला किया। इस फिल्म में उनके दो गाने रिकार्ड हो चुके हैं। वे उसमें रहेंगे।"

❑ इन एकेडेमिक बातों से हम दोनों महसूस करने लगे कि हम काफी सीरियस हो गये हैं। तब उस वातावरण को हल्का करने के लिए मैंने पूछा–आप अपनी फिल्मों को औरत को–वूमनहुड को ग्लोरिफाइड क्यों करते हैं?"

उन्होंने अपने दोनों हाथों को माथे पर फेरते हुए कहा–यह प्रभाव मेरी मां का है। मेरी मां का मेरे जीवन पर बहुत गहरा प्रभाव पड़ा है. और फिर मैंने खुद ने आस–पास की जिंदगी में देखा है कि आदमी का दिल बड़ा बेवफा होता है। जीवन की मुश्किल से मुश्किल घड़ी में औरत सब–सहन करती हुई अकेली खड़ी रहती है। आदमी टूट जाता है–औरत नहीं टूटती। औरत अंत तक त्याग करती है।"

"मैं आपसे सहमत नहीं हूं।"

❑ कैसे?

आज–तो–मॉडर्न पीरियड में यह देखा जा रहा है कि औरत आदमी को डिच करती है।

आप फिल्मी दुनिया की बात करते हैं या बाहर की सोसायटी की!

"दोनों की।

"पर मैं इंडियन वूमनहुड को बात कह रहा हूं वेस्टर्न टाइप वूमन को नहीं. और वहां भी जेनरली औरत का रोल हमेशा ग्रेट रहता है. मैं तो यही समझा हूं।"

इस बारे में मैं उनसे बहस करना चाहता था। पर यह मौका नहीं था।

उसके बाद गास्पिंग की चर्चा छेड़ी तो उन्होंने अपने कान बंद करते हुए कहा–बहुत गलत है। मैं आपको बताऊं–मेरे घर में फिल्म की एक भी मैगजीन नहीं आती। मैं घर–के वातावरण में पौल्यूट नहीं करना चाहता। मेरी तीन बड़ी–बड़ी बेटियाँ हैं जिन्हें मैं फिल्म मैगजीनों से दूर रखता हूं।"

❑ "आप हिन्दी उपन्यासों पर फिल्में क्यों नहीं बनाते?

"बनाना चाहता हूं पर मेरी मुश्किल यह है कि मैंने उर्दू पढ़ी है। हिन्दी उपन्यासों के उर्दू अनुवाद बहुत कम मिलते हैं। और मैंने जिनकी चर्चा सुनकर पढ़े भी है तो वे मुझे फिल्म के लिए ठीक नहीं लगे। फिल्म देखने–सुनने का मीडियम है–पढ़ने का नहीं। फिर भी आपके ध्यान में कोई अच्छा उपन्यास हो तो जरूर बतायें!

बातें काकी हो चुकी थी। अंत में मैंने कहा– "मैं अंत में सबसे महत्वपूर्ण सवाल करना चाहता हूं। आजकल डायरेक्टर बड़े टेन्शन में रहते है और टेन्शन में काम करते है। आप

मेरा वाक्य पूरा होने से पहले ही खोसला साहब ने बड़े आत्म–विश्वास के साथ कहा–"मैं कभी टेन्शन में नहीं रहता। मैं कभी टेन्शन में शूटिंग नहीं करता। यदि सेट पर किसी आर्टिस्ट को भी टेंन्शन में देखता हूं तो मैं शूटिंग कैंसल कर देता हूं। बातें काफी गहरी हो चुकी थी... उठते–उठते मैंने कहा–इस बार आपकी फिल्मों को शूटिंग देखने आऊंगा। 'वेलकम' कह कर उन्होंने हाथ मिलाया।

बस–इन्टरव्यू यहीं खत्म।

मिलाप

सी आई डी

बम्बई का बाबू

चिराग

दो रास्ते

प्रेम कहानी

नेहले पे देहला

दो प्रेमी

बोनी कपूर चकित हैं, कि क्यों राज खोसला को हमारे देश के सबसे प्रशंसनीय फिल्म निर्माताओं में शामिल नहीं किया गया है।

ज्योति वेंकटेश

मुझे फिल्म उद्योग के कुछ महान निर्देशकों के साथ बातचीत करने, काम करने और देखने का सम्मान मिला है। जब हम 50, 60, 70 और 80 के दशक के उस युग के बारे में सोचते हैं, जिसके बारे में आज के कई युवा वास्तव में नहीं जानते होंगे, तो **वी.शांताराम, महबूब खान, राज कपूर, गुरु दत्त, बिमल रॉय, के. आसिफ, बी.आर चोपड़ा, विजय आनंद, हृषिकेश मुखर्जी, नासिर हुसैन, शक्ति सामंत, यश चोपड़ा, मनमोहन देसाई, रमेश सिप्पी और सुभाष घई** जैसे कुछ सबसे उल्लेखनीय नाम अभी भी हमें लुभाते हैं और प्रेरित करते हैं। हालाँकि, मैंने देखा है कि ज्यादातर आर्टिकल और डिस्कशन में एक नाम जो इस अगरत लिस्ट से छूट गया, वह बहुमुखी और प्रतिभाशाली **राज खोसला** का नाम।

राज खोसला की कहानी कहने में उनकी फिल्मोग्राफी पर सिर्फ एक नजर है, और कहानी में गहराई और समृद्धि है। **देव आनंद** के साथ उनका शुरुआती काम थ्रिलर **'सीआईडी'** उस शैली में एक सफलता थी, जिसके बाद **'काला पानी'** थी। ये फिल्में बहुत हिट हुईं क्योंकि उन्होंने नैतिकता और गरीबी की वास्तविक द्वंद्वात्मकता को व्यक्त किया, जिसका आम आदमी को विभाजन के बाद सामना करना पड़ा। ऐसी मानवीय अंतर्दृष्टि वाली फिल्मों से, किसी का भी पूरी तरह से अलग शैली में महारत हासिल करना रेयर है, यह सस्पेंस थ्रिलर है, **'वो कौन थी'**, **'मेरा साया'** जैसी फिल्में। इन फिल्मों के मधुर गीतों को शानदार ढंग से चित्रित किया गया है, और आज भी इन्हें गुनगुनाया जाता है। विभिन्न कहानियों के लिए **राज खोसला** की खोज 'दो बदन' जैसी फिल्मों के साथ अद्भुत प्रेमपूर्ण गीतों के साथ भावनात्मक प्रेम कहानी, शानदार एक्शन के साथ एक नाटक और सुपर हिट संगीत के साथ जारी रहा, जो उनके अनोखे स्टाइल **'मेरा गाँव मेरा देश'**, 'कच्चे धागे' में चित्रित किया गया।

'दो रास्ते' एक पारिवारिक ड्रामा है जो अपने सौतेले परिवार की उपेक्षा करने की कीमत पर अपने परिवार के प्रति सौतेले बड़े भाई की निस्वार्थ प्रतिबद्धता से निपटता है। उन्होंने **'दो चोर'** का निर्माण किया, जिसमें पुरुष और महिला दोनों चोर की भूमिका निभाने वाली मुख्य भूमिका में थे। उनकी **'दोस्ताना'** एक लव ट्रायंगल में दो दोस्तों की कहानी थी, **सलीम जावेद** की **'दोस्ताना'** की शानदार स्क्रिप्ट में शानदार संगीत था, और जो एक बहुत बड़ी हिट थी और जो फिल्म **'मैं तुलसी तेरे आंगन की'** की इस मणि को कैसे भूल सकते है, जिसमें एक बहुत ही मजबूत विषय है, एक माँ अपने सौतेले बेटे के साथ अपने स्वर्गीय पति के सम्मान के लिए सम्मान के साथ पेश आती है। वह उसे समाज द्वारा एक नाजायज कमीने बेटे के रूप में उपहास करने से बचाती है। यह मुझे चकित करता है कि हमारे देश के सबसे प्रशंसनीय फिल्म निर्माताओं में राज खोसला को अधिक बार क्यों शामिल नहीं किया गया।

सिनेमा के बारे में अधिक जानने के इच्छुक किसी भी युवा फिल्म निर्माता के लिए, आपको इस बहुमुखी फिल्म निर्माता राज खोसला की फिल्मों से बेहतर पाठ्य पुस्तक नहीं मिल सकती, जिन्होंने विभिन्न शैलियों में ब्लॉकबस्टर फिल्में बनाई हैं।

अनु–छवि शर्मा

अटपटी चटपटी गप्पें

सूर्य से आँखे मिला रहें हैं 'फायर' रितिक रोशन





ऐसा नहीं कि सूरज की किरणें सिर्फ बॉलीवुड की अप्सराओं का ही मुख चूमती हैं, यह किरणें बॉलीवुड के ग्रीक गॉड्स पर भी मेहरबान हैं। पिछले दिनों **रितिक रोशन** के चेहरे पर खिली सुबह की धूप वाली क्लोजअप तस्वीर ने नेटीजन्स के बीच हल्ला मचा दिया। उस तस्वीर में रितिक सूरज से आंख मिलाते नजर आ रहे हैं और उनका हैंडसम चेहरा रोशन रोशन सा है। रितिक रोशन सफेद शर्ट और काले कोट में एक अलग से मूड में ध्यानमग्न से दिखाई दे रहे हैं और उस परफेक्ट क्षण को किसी ने परफेक्टली कैमरे में कैद कर लिया, हालांकि रितिक ने इस तस्वीर को कोई नाम नहीं दिया लेकिन उनके चाहने वाले और बॉलीवुड के कई दोस्तों ने खुद उस पोस्ट का नाम करार करते हुए लिखा 'फायर'।

'बब्बर शेर' कहा शाहिद ने अपने भाई ईशान का वीडियो देखकर

ईशान खट्टर के नए बीफ्ड–अप बॉडी वीडियो से लोग चकित है, कल का छोरा–छोरा सा लड़का आज एक परफेक्ट बॉडी–एब का मालिक कैसे बन गया? कमसिन लड़कियों ने अपने होंठों पर जुबान फेरी तो जवान होते लड़कों ने उन्हें घेर लिया कि बताओ यह जादू कैसे किया? और जवाब में ईशान ने एक वीडियो शेयर करते हुए स्टेप बाई स्टेप अपने वर्कआउट और डाइट का शेड्यूल बताया

जो वे पिछले 2 महीनों से फॉलो कर रहे थे। उस वीडियो में ईशान भारी वजन उठाते हुए और साफ–सुथरा डाइट लेते हुए दिख रहे हैं। वाइरल हो चुके इस वीडियो के बारे में खुद ईशान ने बताया,'मुझसे मेरी आनेवाली फिल्म के लिए एक सख्त लौंडा वाले लुक की फरमाइश की गई थी। जो उन्हें चाहिए, वो उन्हें चाहिए इच। (मराठी में इसका मतलब होता है चाहिए ही) लोगों को पता नहीं कि कैसे मैं यह लुक अख्तियार कर रहा हूं। इसलिए एक छोटा सा मोनताज बनाया है। सप्ताह के कुछ दिन ऐसे होते हैं कि वर्जिश का मोटिवेशन ही नहीं मिलता, बाकी दिनों में उन आलसी दिनों की कमी पूरी करनी पड़ती है। इस वीडियो को देख, बड़े भाई शाहिद ने कहा, बब्बर शेर।

मलाइका अरोड़ा बोली, 'प्यार की कोई बाउंड्री नहीं होती'

मलाइका अरोरा कोविड–19 पॉजिटिव होने के बाद सेल्फ आइसोलेशन में रहने का पूरा कोर्स करके अपने कमरे से जब बाहर निकली तो पूरे परिवार को बाहें फैलाये इंतजार करते हुए पाया। क्वॉरेंटाइन के 14 दिन पूरे होने के बाद अपने कमरे में लौटकर मलाइका ने बेडरूम से इंस्टाग्राम स्टोरी पोस्ट की और लिखा

'रीयूनाइटेड' यानी पुनर्मिलन। उस तस्वीर में मलाइका का पालतू डॉगी, अपनी मालकिन के पैरों के पास जैसे मुस्कुराता दिखाई दे रहा है। मलाइका रेस्टिंग मूड में, बालकनी से बाहर झूमते भीगे नजारे का लुत्फ लेती हुई कोई फिल्म भी देखती नजर आ रही है। जब वे कोरोना डिस्टेंसिंग में बन्द थी तो उस वक्त की तस्वीर को भी मलाइका ने शेयर की, जिसमें उनका बेटा अरहान और डॉगी कैस्पर दूसरी बालकनी से मलाइका को प्यार से देखते हुए दिख रहे हैं। मलाइका ने उन दिनों की बंदिशों के बारे में बताते हुए कहा, 'प्यार की कोई बाउंड्री नहीं है, सोशल डिस्टेंसिंग और कोरोना के बावजूद हम फिर भी एक दूसरे को देखने का कोई ना कोई रास्ता निकाल ही लेते हैं। लेकिन मेरा मन अपने इन दो बच्चों को बाहों में भरने के लिए मचल रहा था जो कुछ दिनों के लिए बंद करना पड़ा था। लेकिन उनका प्यारा चेहरा देखकर मुझे हिम्मत और ऊर्जा पैदा हो गयी।

करीना कपूर ने जब बेटे तैमूर से उँगली पकड़ने के लिए कहा तो

करीना कपूर खान अपनी मम्मी बबिता से जब भी मिलने जाती है तो तैमूर हर समय उनके साथ होता है। तैमूर का अपनी नानी–मां के लिए मचलना कोई आज की बात नहीं। शुरु से ही बबीता और तैमूर के बीच एक प्रगाढ़ बॉन्ड बना हुआ है। पिछले दिनों इस बॉन्ड का एक प्यारा नजारा पैपराजी को दिख गया जो हर वक्त तैमूर की हर क्यूट अदा को कैमरे में कैद करने के लिए उसके आगे पीछे घूमते रहते हैं। उन लोगों ने देखा कि जैसे ही करीना अपने बेटे को लेकर बबीता के घर पर आई, तैमूर ने बबीता को देखते ही पूरी मस्ती से डांस करना शुरू कर दिया। करीना काले ट्रैक सूट और फ्लोटर्स में थी। ज्यों ही करीना कार से बाहर निकली और उसने तैमूर से उनका हाथ और उंगली पकड़ने को कहा तो तैमूर खुशी और उत्साह के साथ नटखट अदाओं में लैस हो गया। करीना जब पैपराजी के सामने पलभर के लिए पोज देने के लिए रुकी तो तैमूर ने भी अपनी अनोखी स्टाइल से झूम कर शरारती अंदाज के साथ पोज दिए और फिर बबीता को देखते ही नाचने लगा।

कोई भी अनिल कपूर और जैकी श्रॉफ की राम लखन वाली जोड़ी को नजर ना लगाए

गहरी बॉन्ड कि जब बात हो रही है तो पूरी बॉलीवुड को पता है की 90 दशक से आज तक, **अनिल कपूर** और **जैकी श्रॉफ** की गहरी छनती रही है। लोग इनकी दोस्ती और भाईचारे की कसमें खाते हैं। पिछले दिनों जब बातों–बातों में जैकी ने अनिल के सदाबहार होने की तारीफ की थी और अनिल ने जवाब दिया था कि जल्दी ही साथ काम करने के लिए तैयार हो जाओ, तो उसके बाद की स्टोरी यह है की नेट की दुनिया से कुछ अफवाह फैलाने वालों ने कहना शुरू किया कि यह बात गलत है, जैकी श्रॉफ और अनिल कपूर के बीच आने वाले दिनों में कोई फिल्म है ही नहीं। यह सुनकर जैकी श्रॉफ को बहुत अजीब लगा, वे बोले, 'कमाल है, मेरी जिंदगी और करियर के बारे में बाहर वाले कोई कैसे डिसाइड कर सकता हैं? इस बात पर जैकी ने ट्वीट किया, 'क्या–कौन–कुछ भी बोलता है। लखन प्रोडक्शन एनी रोल, सर आंखों पर। और इसके साथ उन्होंने एक हगिंग इमोजी भी भेजी। बातें जब पुराने दौर की चलने लगी तो यादों को जैसे पंख लग गए। दोनों ने उस वक्त अपनी हिट जोड़ी के बारे में चर्चा की और फिर से एक साथ काम करने को लेकर भरोसा दिलाया। जैकी ने कहा कि वह अनिल के साथ हर वक्त और किसी भी वक्त काम करने को तैयार है। अनिल ने भी जवाब देते हुए दुनिया को आगाह किया कि कोई भी उन दोनों की जोड़ी को नजर ना लगाएं।

लिजा मलिक डिस्ट्रेस होने के लिए सीख रही है मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स, एक नए हॉबी के रूप में

लिजा मलिक ने स्पोर्ट्स के एक और रूप का रुख किया है। वह अब मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स सीख रही हैं। दरअसल लिजा एक अति उत्साही फिटनेस फ्रीक है और उसने फिटनेस के विभिन्न रूपों में काम लिया है, चाहे वह होम वर्कआउट हो, जुम्बा हो या डांस हो। वेअब मिश्रित मार्शल आर्ट्स को एक्सप्लोर करना चाहती है और इसे ऑनलाइन सीख रही है। ये लड़की तो बस रुकना ही नहीं चाहती।

हमने इस पर लिजा से बात की और इस बारे में उनका कहना है, 'डैड। ने हमें कुछ ऐसा दिखाया जिसमें मुझे हमेशा रुचि रही है। रूस ली की फिल्में देखना मेरी युवा यादें हैं और मैंने देखा उन्होंने डैड। को कैसे बनाया है। मैं इसे कब से सीखना चाहती थी और मुझे लगा यही सही समय है। इस समय को मैं पूरी तरह इस्तमाल कर लेना चाहती थी और मैंने ऐसा ही किया। अब मैं इसे पूरी तरह से प्यार करने लगी हूँ। यह आर्ट फॉर्म, शक्ति, सहनशक्ति, ध्यान और चपलता को एक साथ जोड़ती है। इसकी उच्च तीव्रता यानी इंटेंसिटी से मुझे प्यार है। मैं मायापुरी के सभी पाठकों से गुजारिश करती हूँ कि वे किसी न किसी स्पोर्ट्स से जुड़े रहे। लिजा की स्फूर्ति और जोश देख कर लग ही रहा है कि इस लड़की को आग लगी हुई है

'जॉन अब्राहम ,टी सीरीज और एम एंटरटेनमेंट ईद 2021 पर लेकर आ रहे है 'सत्यमेव जयते 2' लखनऊ मे होगी शूटिंग

सरकार द्वारा लॉकडाउन प्रतिबंधों में ढील दिए जाने के बाद कई फिल्मकारों और प्रोडक्शन हाउसों ने सुरक्षा मानदंडों को बनाए रखते हुए काम फिर से शुरू कर दिया है, **'सत्यमेव जयते 2'** के निर्देशक **मिलाप झवेरी** लॉकडाउन में अपनी पटकथा को और निखारने में जुट गए हैं, इसकी शूटिंग लखनऊ में होगी, टी–सीरीज और एम एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित यह फिल्म 12 मई 2021 के ईद पर रिलीज होने की उम्मीद है!

2018 में **'सत्यमेव जयते'** की कमर्शियल सक्सेस के बाद **जॉन, मिलाप** और प्रोड्यूसर्स ने इस बार जॉन के अपोजिट **दिव्या खोसला कुमार** के साथ फ्रैंचाइजी को आगे ले जाने का फैसला किया है। जहां पहली फिल्म भ्रष्टाचार से निपटती थी, वहीं यह फिल्म पुलिस से लेकर राजनेताओं, उद्योगपतियों और आम आदमी तक सभी क्षेत्रों में भ्रष्टाचार से निपटती है ।

मुंबई से अपने शूट लोकेशन और कहानी को बदलकर हमारे देश का दिल–लखनऊ में शूट करने पर निर्देशक मिलाप कहते हैं, "रचनात्मक रूप से हमने स्क्रिप्ट को बदलकर लखनऊ कर दिया, क्योंकि इससे हमें इसे बड़े पैमाने पर बनाने का मौका मिले और कैनवास को भी बड़ा बनाया जा सके! देखने मे भी लखनऊ पैमाने और भव्यता को जोड़ता है। इस फिल्म का एक्शन दस गुना ज्यादा गतिशील, पावरफुल और दमदार होने वाला है। जॉन तोड़–फोड़, चीरकर भ्रष्टाचार सफाया करने के लिए जा रहा है, जैसे के उसने सिल्वर स्क्रीन पर पहले कभी नहीं किया है और दिव्या अपने पावरफुल दृश्यों, नाटकीय कौशल, अनुग्रह और सौंदर्य के साथ दर्शकों को चौंकाने वाली है। 'सत्यमेव जयते 2' एक आम जनता की फिल्म है और यह एक्शन, संगीत, संवादबाजी, देशभक्ति और वीरता का उत्सव भी है! 'ईद' एक पेरफेक्ट आदर्श अवसर है मनोरंजन करने के लिए, मैं **भूषण सर, मोनिशा आडवाणी, मधु भोजवानी** और **निखिल आडवाणी** के साथ एक बार फिर काम करते हुए, अगले साल 12 मई को वादा कर सकता हूं, कि हम सभी दर्शकों के लिए एक उत्सव बोनान्ज़ा देने की पूरी कोशिश करेंगे!

निर्माता **निखिल आडवाणी** कहते हैं, 'जैसा कि मिलाप ने इस विषय को विकसित किया है । उत्पादकों के रूप में, हम उनके अपने रचनात्मक विकल्पों का खुशी से समर्थन करते है । अब कहानी लखनऊ पर आधारित और वहीं शूट की जायेगी , जो की भारत में मेरे निजी पसंदीदा शहरों में से एक है! यह हमारे लिए बेहद खास फिल्म है। इस मताधिकार में पहली फिल्म के लिए प्रशंसकों द्वारा दिखाए गए प्यार ने हमें एक बड़ा, अधिक रोमांचक अनुभव बनाने के लिए प्रोत्साहित किया है। इस फिल्म में **जॉन अब्राहम** को ऐसे पेश किया है जैसे पहले कभी ना देखा गया हो। हमें उम्मीद है कि मौजूदा परिस्थितियों में सुधार होगा और हमारे लिए एक बार फिर सिनेमाघरों में अपने दर्शकों तक पहुंचने का मार्ग प्रशस्त होगा ।

'सत्यमेव जयते' बॉक्स ऑफिस कमर्शियल हिट के साथ दर्शकों ने भी एक्शन और ड्रामा को काफी पसंद किया, जॉन तब से हमारे देश के एक्शन हीरो बन गए हैं, निखिल और हमने फ्रैंचाइजी को आगे ले जाकर ,मिलाप और जॉन के साथ मनोरंजक कमर्शियल सिनेमा बनाते रहने का फैसला किया है । पहले भाग की सफलता को देख निश्चित रूप से इस बार हम पर एक बड़ी और बेहतर फिल्म बनाने की जिम्मेदारी है । मिलाप ने एक अच्छी स्क्रिप्ट लिखी है जिसमें माइंड

ब्लोइंग कहानी के साथ–साथ शानदार गाने होंगे जो हर एक दर्शकों से जुड़ेंगे! और जॉन का पहले कभी नहीं देखा लूक होगा, और हम अगले साल ईद पर सिनेमाघरों में आ रहे हैं जो इसे और भी त्योहारी बनाता है!

निर्माता भूषण कुमार कहते हैं। भूषण कुमार, कृष्ण कुमार (टी–सीरीज), मोनिशा आडवाणी, मधु भोजवानी, निखिल आडवाणी (एम एंटरटेनमेंट) द्वारा निर्मित **'सत्यमेव जयते 2'** 12 मई, 2021 को रिलीज होने वाली है!

विद्युत जामवाल फिटनेस के ऑनलाइन व्यूअर के लिए लेकर आए 'चक्र अभ्यास'

—ज्योति वेंकटेश

भारत में किसी अन्य फिटनेस आइकन ने अपने वर्कआउट रिजीम में उतनी विविधता नहीं दिखाई है, जितनी **विद्युत जामवाल** ने दुनिया के टॉप टेन मार्शल कलाकारों में से एक अब ऑनलाइन **व्यूअर चक्र** अभ्यास–साइकल ऑफ व्हील एक्सरसाइज लाये है।

अपने नवीनतम वीडियो में, एक्शन स्टार रीढ की हड्डी के लचीलेपन को सुनिश्चित करने के लिए टायर / एस का उपयोग करके फिटनेस के प्रति उत्साही अभ्यास करते है।

अपनी नवीनतम पेशकश के माध्यम से, विद्युत जामवाल ने हमें टायर अभ्यास के साथ रचनात्मक होने के लिए प्रेरित किया, **'खुदा हाफिज'** अभिनेता ने बताया कि इन अभ्यासों के लाभों में एक कोमल शरीर, लचीलापन और एक मजबूत रीढ़ की हड्डी शामिल है। ये अभ्यास उन लोगों के लिए महत्वपूर्ण हैं जो अपने मूल, पीठ और कंधों के बल पर काम करना चाहते हैं।

विद्युत कहते हैं, "अच्छी तरह से और पूर्ण रूप से जीने के लिए आवश्यक सभी ज्ञान पहले से मौजूद हैं। हमें बस अपने दृष्टिकोण को अक्षुण रखने और मानव जाति के इतिहास से सीखने की आवश्यकता है। व्हील के आविष्कार ने गुणवत्ता के रहने के आगमन को चिह्नित किया। हम इसे अपने अभ्यास में फिर से शामिल कर सकते हैं, और स्वस्थ जीवन को पूर्ण दायरे में आने दे सकते हैं।"

विद्युत भारत की सबसे दुर्लभ कसरत दिनचर्या में से एक है, जिसने सबसे अधिक कसरत करने वाले दिनचर्या को प्रेरित किया है। काम के मोर्चे पर, अभिनेता को हाल ही में पैनोरमा स्टूडियो के 'खुदा हाफिज' अध्याय के भाग के रूप में घोषित किया गया था।

अनु–छवि शर्मा

फिल्म निर्माता-निर्देशकों, गीतकारों, कला निर्देशकों के साथ मुख्यमंत्री योगी अदित्यनाथ जी ने की बैठक

—मायापुरी प्रतिनिधि

लखनऊ, 22 सितंबरः मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में अपूर्णता का कोई स्थान नहीं। यहां अधूरा कुछ नहीं होता। यह राम की अयोध्या, कृष्ण की मथुरा, शिव की काशी के साथ ही बुद्ध, कबीर और महावीर की भी धरती है। गंगा, यमुना और सरस्वती का संगम है। यह सभी 'पूर्णता के प्रतीक' हैं। उत्तर प्रदेश अपनी इसी परंपरा को गति प्रदान करते हुए एक भव्य,आपकी जरूरतों को पूर्ण करने वाला दिव्य और सर्वसुविधायुक्त 'पूर्ण फिल्म सिटी' का विकास कर दुनिया को एक उपहार देगा। इसके विकास के लिए आप सभी के सुझावों का स्वागत है।

मुख्यमंत्री जी मंगलवार को सिनेमा जगत की बड़ी हस्तियों से मुखातिब थे। अनुपम खेर, परेश रावल, उदित नारायण, नितिन देसाई, कैलाश खेर, अनूप जलोटा, अशोक पंडित, सतीश कौशिक सहित जैसे अनेक दिग्गजों के साथ मुख्यमंत्री जी ने प्रस्तावित फिल्म सिटी के स्वरूप पर विस्तार से विमर्श किया। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश पर प्रकृति और परमात्मा की असीम कृपा है। फिल्मों ने हमारी भारतीय संस्कृति से विश्व जगत को परिचित कराया है। यह समाज का दर्पण हैं। ऐसे में फिल्म निर्माण को बढ़ावा देने और स्थानीय प्रतिभाओं को विशेष अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश सरकार ने राज्य में मॉडर्न फिल्म सिटी और इन्फोटेनमेन्ट जोन की स्थापना का निर्णय लिया है। इस दिशा में हमारे प्रयास अधिक उपयोगी, लाभदायक और व्यापक बन सकें, इसके लिए हम पूरे फिल्म जगत से सुझाव आमंत्रित कर रहे हैं। संवाद के माध्यम से एक–दूसरे की आवश्यकताओं को समझने और उनकी पूर्ति करने का अवसर प्राप्त होता है। मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फिल्म जगत के लोगों के सुझाव और अनुभवों का लाभ लेते हुए हम वैश्विक फिल्म जगत को एक नया विकल्प देने को तत्पर है।

विश्व के लिए उदाहरण बनेगी यूपी की फिल्म सिटीः मुख्यमंत्री जी ने कहा कि फिल्म सिटी में वर्ल्ड क्लास सिविल व पब्लिक एमेनिटीज की स्थापना प्रस्तावित है। हमारा प्रयास रहेगा कि इसे सर्वोत्कृष्ट डेडिकेटेड इंफोटेनमेंट जोन के रूप में विकसित किया जाए। आने वाला समय ओटीटी व मीडिया स्ट्रीमिंग का है। इसके लिए हाई कैपेसिटी, वर्ल्ड क्लास डाटा सेंटर की स्थापना भी इंफोटेनमेंट जोन में की जाएगी। उन्होंने कि हम कंटेंट डिस्ट्रीब्यूशन के लिए स्मूथ व फूलप्रूफ व्यवस्था के साथ–साथ टैक्स एक्जेम्शन की सुविधा पर भी विचार कर रहे हैं। सभी के सहयोग से यह फिल्मसिटी जल्द ही आकार लेगी।

मुख्यमंत्री जी ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारतीय संस्कृति, सभ्यता और समृद्ध परंपरा का सबसे महत्वपूर्ण केंद्र है। यमुना एक्सप्रेस–वे क्षेत्र में जहां यह फिल्म सिटी विकसित करने का विचार है, वह भारत के ऐतिहासिक, पौराणिक इतिहास से सम्बद्ध है। यह हस्तिनापुर का क्षेत्र है। हमारे दिव्य–भव्य कुंभ से पूरी दुनिया आह्लादित है। फिल्म सिटी भी सभी की उम्मीदों को पूरा करने वाली होगी।

50 साल की जरूरतों को देखकर बन रहा डेडिकेटेड इंफोटेनमेंट (फिल्म सिटी) जोनः उत्तर प्रदेश में डेडिकेटेड इंफोटेनमेंट (फिल्म सिटी) जोन की स्थापना की कवायद शुरू हो गई है। मंगलवार की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और अनेक सिने हस्तियों की मौजूदगी में यमुना एक्सप्रेस–वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण के सीईओ अरुणवीर जी ने प्रस्तावित फिल्म सिटी के संबंध में एक प्रस्तुतिकरण भी दिया। उन्होंने बताया कि यमुना एक्सप्रेस–वे सेक्टर–21 में लगभग 1,000 एकड़ भूमि पर इसका विकास होगा। इसमें 220 एकड़ कॉमर्शियल एक्टिविटी के लिए आरक्षित होगा। यह मथुरा–वृंदावन से 60 और आगरा से 100 किमी की दूरी पर है। हम यहां फिल्म सिटी के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर के साथ–साथ 35 एकड़ में फिल्म सिटी पार्क भी विकसित करेंगे। यह क्षेत्र रेल और सड़क परिवहन से अच्छी तरह जुड़ा हुआ है। एशिया का सबसे बड़ा जेवर इंटरनेशनल एयरपोर्ट समीप ही है। यह भी शीघ्र तैयार हो जायेगा। इसे मेट्रो, रैपिड रेल ट्रांसपोर्ट सिस्टम और हाई स्पीड ट्रेन से भी जोड़ने की योजना है। हम जो कुछ कर रहे हैं वर्ष 2060 की जरूरतों के मद्देनजर कर रहे हैं। इससे पहले अपर मुख्य सचिव सूचना श्री अवनीश अवस्थी जी ने पिछले साढ़े तीन वर्ष के भीतर उत्तर प्रदेश के औद्योगिक विकास की यात्रा से सभी को अवगत कराया।

फिल्म जगत की हस्तियों ने किया स्वागत, कहा योगी हैं तो यकीन है

अनुपम खेर,अभिनेताः आज का मौका उत्सव का है। योगी जी की क्षमता पर सभी को भरोसा है। यूपी की फिल्म सिटी यूपी में तो होगी लेकिन पूरी दुनिया इसे अपना मानेगी। यह ताजमहल की तरह ही दुनिया भर को आकर्षित करने वाली हो। इसकी स्थापना की पहली बैठक में आमंत्रित कर योगी जी ने हमें इतिहास में दर्ज कर दिया। योगी जी के इस सपने को साकार करने में अगर मैं भी भागीदार हो सका तो यह मेरा सौभाग्य होगा।

राजू श्रीवास्तव, अध्यक्ष उत्तर प्रदेश फिल्म बन्धुः मुझे हर्ष है कि योगी जी ने फिल्म जगत को नया विकल्प देने की दिशा में कोशिश की है। यह छोटे–छोटे शहरों की अद्भुत प्रतिभाओं के हौसलों, सपनों को पंख देने वाला होगा। मैं हर समय, पूरी क्षमता के साथ सेवा के लिए प्रस्तुत रहूंगा। योगी जी को आभार, अभिनन्दन।

कैलाश खेर, गायकः आज जब योगी स्वयं नेतृत्व कर रहे हैं, तो कोई भी कार्य असाध्य नहीं है। दुनिया में फिल्म सिटी के नाम पर लाखों किले खड़े हैं, लोगों ने 70 साल में क्या हाल कर दिया कि घिन आती है, शर्म आती है। उत्तर प्रदेश देवताओं की पुण्य भूमि है। दुनिया को राह दिखाने वाली है।योगी जी की यह दुनिया भारतीय संस्कृति को पोषित करने वाली हो। कला साधकों को सम्मान मिले। ऐसा जरूर होगा, यह मेरा विश्वास है। बाकी योगी जी आदेश करें, हम धावक हैं दौड़ पड़ेंगे।

परेश रावल, चेयरमैन नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामाः बहुत स्वागतयोग्य कदम है। योगी जी यह स्वप्न पूरा भी करेंगे, मुझे विश्वास है। फिल्म पटकथा लेखन को लेकर योगी जी कोई प्रयास करें तो बहुत सहायता मिलेगी। यह रीजनल सिनेमा को भी पुनर्जीवन देने वाला आयाम सिद्ध होगा।

अनूप जलोटा, गायकः बहुत अभिनन्दनीय प्रयास है। इसके लिए पूरी दुनिया के फिल्म सिटीज का अध्ययन किया जाना चाहिए। उनकी खूबियों, कमियों को समझना चाहिए। आवश्यकताओं के लिहाज से सुविधाएं दी जाएं। यह दुनिया के लिए महत्वपूर्ण प्रयास है। मेरी शुभकामनाएं।

मनोज जोशी, अभिनेताः अद्भुत और अनुपम प्रयास है। पंजाबी, बंगाली, हिंदी, सहित 12 भारतीय भाषाओं के फिल्मोद्योग का महाद्वार होगी यह फिल्म सिटी। इसे इको–फ्रेंडली बनाने की कोशिश हो। आज ओटीटी प्लेटफार्म पर हिंदी पट्टी की कहानियां छायी हुई हैं। आज 70 फीसदी टेक्नीशियन उत्तर प्रदेश के हैं। रंग कर्म में यूपी अत्यंत समृद्ध है। इन सभी को 'आत्मनिर्भर' बनाने में यह नवीन फिल्म सिटी अत्यंत उपयोगी हो सकती है। यह प्रदेश के औद्योगिक, पर्यटन विकास को नई दिशा प्रदान करने वाली होगी।

सतीश कौशिक, निर्माता निर्देशकः यूपी शूटिंग फ्रेंडली जगह रही है। मैंने बहुत काम किया है यहां। आज का दिन पूरी दुनिया के कला क्षेत्र के लिए ऐतिहासिक है। योगी जी फिल्म जगत को एक नवीन विकल्प दे रहे हैं। आज जो प्रेजेंटेशन दिखाया गया, वह हमें एक बेहतर भविष्य की छवि दिखा गया। आपने हम कलाकारों को एक नया आधार दिया है। यूपी की संस्कृति ने भारतीय फिल्मों को शुरू से ही प्रभावित किया है, अब यहां की फिल्म सिटी पूरी दुनिया को प्रभावित करेगी। मेरी बहुत शुभकामनाएं, योगी जी को बहुत धन्यवाद।

मनोज मुन्तशिर, गीतकारः योगी जी ने करोड़ों प्रतिभाओं को पंख दे दिए। 75 साल से हिंदी पट्टी इसका इंतजार कर रही थी। यूपी की भाषा तो दुनिया में फैल गई, लेकिन यूपी की कहानियां नहीं सुनाई गईं। योगी जी से अनुरोध है कि एक फिल्म इंस्टिट्यूट और म्यूजिक इंस्टिट्यूट की स्थापना की दिशा में भी विचार करें। आल्हा ऊदल, महामना मालवीय जैसे महामानवों से नई पीढ़ी को परिचित कराने की कोशिश हो।मुझे आज यूपी वाला होने पर बहुत गर्व है।



अशोक पंडित, अध्यक्ष फिल्म निर्देशक संघः फिल्म सिटी के निर्माण में फिल्म जगत के लोगों को शामिल करने की सोच योगी जी की सकारात्मकता का प्रतीक है। प्रोड्यूसर, टेक्नीशियन, एक्टर, हमारी इंडस्ट्री के इन्फ्रास्ट्रक्चर हैं। इनका इनवॉल्वमेन्ट होना, इस बड़े प्रोजेक्ट के सफल होने की गारंटी है। योगी जी के विजन शबियांड द ग्लोबश रहा है। निश्चित ही यह फिल्मसिटी भी इसी विचार का प्रतिबिंब होगी। हमारी पूरी इंडस्ट्री कंधे से कंधा मिलाकर आपके सपने को पूरा करने के लिए तैयार हैं।

उदित नारायण, पार्श्व गायकः योगी जी ने बहुत कम समय में बहुत खूबसूरत काम किया है। ऐसे में फिल्म सिटी की घोषणा से हम सभी का उत्साहित होना लाजिमी है। मैं 40 साल से फिल्म जगत का हिस्सा रहा हूँ। योगी जी के इस बड़े सपने को साकार करने में अगर मैं भी कुछ योगदान कर सका तो जीवन को धन्य समझूंगा।

सौंदर्या (तमिल सुपरस्टार रजनीकांत की बेटी, फिल्म निर्माताः) भारत में अब भी एनिमेशन इंडस्ट्री नहीं है। आज की फिल्मों में इसका बड़ा असर है। योगी जी अगर इस दिशा में कोशिश हो, तो बड़ी सुविधा होगी। फिल्म सिटी की स्थापना की घोषणा के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री जी को बहुत धन्यवाद।

विनोद बच्चन, फिल्म निर्माताः यूपी में फिल्मसिटी का सपना, दशकों से है। आज वो सपना योगी जी ने देखा है। अब पूरा होना तय है। इसके निर्माण में फिल्म जगत के विद्वान तकनीशियनों का जितना सहयोग लेंगे, उतना ही यह प्रोजेक्ट सफल होगा। मैंने अपनी फिल्मों में हमेशा से ही यूपी को रिप्रेजेंट किया है। बस इस सपने को यूपी बनाम महाराष्ट्र न बनने दिया जाए। हमसे जो बन सकेगा, हम करने के लिए पूरी क्षमता से तैयार है। अब यह और गति पकड़ेगा। एक महत्वपूर्ण बात, फिल्म स्क्रीन की कमी है, योगी जी छोटे–छोटे कस्बों तक पहुंचाने के लिए कुछ प्रयास करें तो बड़ी मदद मिलेगी। महत्वपूर्ण यह भी है कि अच्छे सिनेमा को ही प्रोत्साहित किया जाए।

शैलेन्द्र सिंह, निर्माता–निर्देशकः जेम्स कैमरन आज दुनिया की सबसे मंहगी फिल्म न्यूजीलैंड में बना रहे हैं। हमें समझना होगा कि फिल्म सिटी केवल बिल्डिंग या सेट्स की जगह प्रोवाइड करा देना भर नहीं होता। यह एक संस्कृति है। अगर हमने उन जैसे लोगों को बेहतर माहौल दिया, संस्कृति दी तो वह लोग भी यहां जरूर आएंगे। फिल्म सिटी केवल उत्तर प्रदेश बस लोकेशन बन कर न रह जाये, बल्कि एक संस्कृति के रूप में विकसित हो। यूपी सरकार की विल पॉवर देखकर ऐसा होने का विश्वास भी होता है।

नितिन देसाई, कला निर्देशकः योगी जी के विजन को सैल्यूट। फिल्म केवल नृत्य–संगीत ही नहीं है। लाखों को रोजगार, अरबों का व्यापार, हुनर और हौसलों को सलाम भी है। जो प्रस्ताव यूपी का है वह इंटरनेशनल फिल्म जगत को आकर्षित करने वाला है। देवताओं की जन्मस्थली है उत्तर प्रदेश। धर्म, संस्कृति, कला का अद्भुत संगम है यहां। यह फिल्म सिटी यूपी को और समृद्ध करेगी।हम सभी इस विजन को सफल करने में हम संभव मदद करने के लिए तैयार हैं।

ओम राउत, फिल्म निर्माताः बहुत शानदार विजन है। हम इस फिल्म सिटी में आर्टिस्ट, टेक्नीशियन आदि की ट्रेनिंग की व्यवस्था भी कर सकें, तो बेहतर होगा। यूपी में अब भी फिल्मों का प्रसार बहुत कम है। थियेटर कम हैं। यहां विकास की बहुत संभावना है। यूपी की यह फिल्म सिटी नई प्रतिभाओं को मंच देने वाली होगी। योगी जी को ह्रदय से धन्यवाद।

विवेक अग्निहोत्री, फिल्म निर्माताः योगी जी की अभिनव सोच और तत्परतापूर्ण क्रियान्वयन को प्रणाम। बहुत जरूरी और बहुप्रतीक्षित प्रयास है। हिंदी फिल्मोद्योग को एक नवीन आधार मिलेगा। ईश्वर आपके साथ हैं सर।

कॉसमॉस माया से एनिमेटेड सीरीज 'दबंग' के 104 एपिसोडस डिज़्नी हॉटस्टार वीआईपी पर लॉन्च किए जाएगें!

भारतीय एनीमेशन स्टूडियो, कॉसमॉस–माया और अरबाज खान प्रोडक्शंस एक साथ मिलकर ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइजी दबंग को एक एनिमेटेड सीरीज में ढालने के लिए साथ आए हैं। यह खबर फिल्म फ्रैंचाइजी की 10 वीं वर्षगांठ समारोह के अनुरूप है, जिसने 2010 में पहली बार चुलबुल 'रॉबिनहुड' पांडे के चरित्र को पेश किया था। रिलीज होने पर, कॉसमॉस–माया के साथ लगातार सहयोगी, डिज़्नी हॉटस्टार वीआईपी मंच पर शो के 104 एपिसोड स्ट्रीम करेंगे। इस शो में फ्रैंचाइजी के सभी पात्रों के एनिमेटेड अवतार होंगे। बच्चों और परिवार के दर्शकों पर लक्षित, सीजन–1 साल 2021 की गर्मियों में लॉन्च किया जाएगे।

अरबाज खान

अनीश मेहता

केतन मेहता



अली पीटर जॉन

यह कंगना को देखने और सुनने के लिए बहुत ही चिंताजनक कारक है, शब्दों को तोड़–फोड़ कर जाने की अनुमति दी जाती है, जो किसी व्यक्ति के साथ विनाश या विध्वंस करने की कोशिश कर रही है, यहां तक कि उन सभी में से सबसे बहादुर लोग भी उन्हें रोकने की कोशिश नहीं कर रहे है। मुझे पता है कि एक्स्प्रेशन की फ्रीडम सेक्रिड कान्स्टिट्यूशन द्वारा हम सभी के लिए एक सही गारंटी है, लेकिन जब कोई हर रोज सुबह उठता है, तो वह क्या करता है (इतना की नींद से उठने के बाद उन्हें फिर नींद कैसे आती है) कुछ नए लक्ष्य खोजने और उन्हें टारगेट करने के लिए चाहे यह किसी कारण के साथ हो या बिना कारण के।

वह एक बहुत बहादुर महिला होनी चाहिए (और 11 कमांडो हर समय उनकी रक्षा करते हैं, जो उन्हें मेंटर होम मिनीस्टर द्वारा दिया गया एक उपहार हैं, वह और अधिक साहसी हो गई है) एक युवा महिला के बारे में क्या कहते है जो केवल रो रही थी, और अपनी किस्मत को कोस रही थी, और अब वह फिल्म माफिया और ड्रग्स की दुनिया के खिलाफ कडवे शब्दों का ताना बाना बुन रही है, और सबसे शक्तिशाली नेताओं और यहां तक कि महाराष्ट्र के लिए राष्ट्रपति शासन की मांग करते हुए, उन्हें मुंबई की राजधानी जहां उन्होंने खुद को त्याग दिया और एक नाम, प्रसिद्धि और भाग्य पाया जिसने पाली हिल पर उन्हें अपने शानदार अपार्टमेंट के लिए पर्याप्त पैसा दिए जिसे कभी स्टार्स और सुपरस्टार का घर माना जाता था और एक ऑफिस जिसे गैरकानूनी माना जाता था और इसलिए इसे बीएमसी द्वारा कुछ ही घंटो में ध्वस्त कर दिया गया था जिसे उन्होंने 'मेरे सपने, मेरी महत्वाकांक्षा और मेहनत की कमाई का बलात्कार' बताया था। यहां तक कि वह दिग्गज अभिनेत्री **श्रीमति जया बच्चन** को भी बीच में ले आई, जिन्होंने इंडस्ट्री में कदम रखा और इसे 'गटर' कहा, जब उन्होंने राज्यसभा में इंडस्ट्री के बारे में बात की।

और जब उन्होंने पाया कि अब उनके पास कोई और टारगेट नहीं है, तो उसने अभिनेत्री **उर्मिला मातोंडकर** पर अपनी बंदूक का निशाना बनाया और उन्हें **'एक सॉफ्ट पोर्न एक्ट्रेस'** कहा, जो अभिनय नहीं जानती थी।

उर्मिला के साथ इंडस्ट्री का एक बड़ा वर्ग खड़ा है, जो उर्मिला को तबसे जानता है, जबसे वह एक छोटी सी लडकी थी, मुझे

किसने एक वुमन डेमलिशन स्क्वाड उर्मिला मातोंडकर को बताया की वह एक 'सॉफ्ट पोर्न एक्टर' थी?

जुगल हंसराज,शबाना आजमी, नसीरुद्दीन शाह,उर्मिला मातोंडकर और शेखर कपूर

जे.डी.चक्रवर्ती, उर्मिला मातोंडकर और राम गोपाल वर्मा

उर्मिला मातोंडकर और आमिर खान

श्रीदेवी, अनिल कपूर और उर्मिला मातोंडकर

लगता है कि यह तभी सही होगा जब मैं सच्चाई को बताऊं क्योंकि मैं उर्मिला के बारे में जानता हूं।

उर्मिला एक मध्यम वर्गीय महाराष्ट्रियन परिवार की लड़की थी, जिसके पिता प्रोफेसर थे, उन्होंने **शेखर कपूर** की **'मासूम'** में एक बाल कलाकार के रूप में अपनी शुरुआत की और **'कन्नन'** में एक लीडिंग लेडी के रूप में वापस आई। हंसराज जिन्होंने 'मासूम' में एक छोटे लड़के की भूमिका निभाई लेकिन बड़ी उर्मिला जब वह **रामगोपाल वर्मा** से मिलीं, तब उन्हें एक बहुत ही बहुमुखी अभिनेत्री के रूप में जाना गया जब वह सिर्फ एक नई अभिनेत्री थी, जिन्होंने अपनी फिल्म **'रंगीला'** के साथ एक रंगीन बैंड के साथ शुरुआत की, जिसमें **आमिर खान** ने उनके साथ काम किया था। उन्होंने **'सत्या'**, **'दाउद'**, **'रात'** और अन्य फिल्मों जैसे राम गोपाल वर्मा द्वारा निर्देशित फिल्मों का अनुसरण किया। और वह श्रीदेवी के साथ उनकी प्रतियोगी के रूप में **'जुदाई'** जैसी फिल्मों के नजर आई, और फिर **'पिंजर'** और **'तहजीब'** जिसमें उनके सह–कलाकार के रूप में **शबाना आजमी** और **दीया मिर्जा** थी। हालांकि उन्होंने अपनी पहली बड़ी गड़बड़ी तब की जब वह **'कर्ज'** में एक किलर की भूमिका निभाने के लिए तैयार हो गई, जो **सुभाष घई** की **'कर्ज'** की रीमेक थी, और उनके निर्णय से उनके करियर में दुर्घटना और संकट पैदा हो गए। **एमएफ हुसैन** उनसे इतने प्रभावित थे, कि वह उनके और **अमृता अरोड़ा** और **सुकन्या कुलकर्णी** के साथ फिल्म बनाना चाहते थे, लेकिन भारत भर में चल रही एक जंगली हवा ने हुसैन और उनके सपने को हवा दे दी।

उर्मिला ने एक और धमाका किया जब वह मुंबई पूर्व निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस के उम्मीदवार के रूप में संसद के लिए चुनाव लड़ी और भाजपा उम्मीदवार द्वारा उन्हें बहुत बुरी तरह से हराया गया।

इस आश्चर्यजनक हार ने उन्हें लगभग गुमनामी में धकेल दिया।

कुछ दिनों पहले तक एक महिला विध्वंस दस्ता ने उन्हें वापस सुर्खियों में ला दिया।

मुझे आशा है, कि कंगना किसी के खिलाफ प्राइवेट अगेंस्ट शुरू करने से पहले अपना होमवर्क करती। यह उनकी नई छवि के लिए बुरा हो सकता है, और अच्छा हो सकता है, यदि वह राजनीति में अपना करियर बनाने का फैसला करती है, जो मुझे यकीन है कि वह है।

और क्या अभिनेत्री कभी उस इंडस्ट्री में काम कर पाएगी जहाँ से उन्होंने सब कुछ पाया था, और अब इसे एक गटर कहा है। क्या एक विकृत दिमाग वाली खूबसूरत महिला अपने जीवन और करियर के बारे में एक त्वरित विचार करेगी, इससे पहले कि वह सत्ता के नशे की स्थिति में अपना अगला कदम उठाए, कि वह अब क्या है?

अनु–छवि शर्मा

फुल ऑन एंटरटैनमैंट

सुलेना मजुमदार अरोरा

न्यू नॉर्मल के नए जमाने और नए अंदाज में रणवीर सिंह

रणवीर सिंह का लॉकडाउन वेकेशन खत्म हो चुका है। रणवीर वो रेस्टलेस इंसान है, जो खाली बैठे नहीं रह सकते। बॉलीवुड का वर्किंग मोड शुरू होते ही वे पहले की तरह व्यस्त हो गए। काम की शुरुआत उन्होंने पहले एक ब्रांड शूट से किया। पिछले दिनों वे यशराज फिल्म्स में भी नजर आए। खबरों के अनुसार वे अपनी जबरदस्त और बहुचर्चित फिल्म **'जयेश भाई जोरदार'** की डबिंग के लिए पहुँचे थे। रणवीर ने शूटिंग शुरू करते हुए बिल्कुल नॉर्मल फील किया क्योंकि उनके अनुसार यह न्यू नॉर्मल का नया जमाना और नया अंदाज है। रणवीर के अनुसार इंडस्ट्री को फिर से बिजनेस रीस्टार्ट करना है और बतौर एक सुपरस्टार वे इस कोरोना महामारी में बुरी तरह प्रभावित फिल्म इंडस्ट्री को फिर से स्टार्ट करने में अपना पूरा योगदान देंगे। राइटर डायरेक्टर दिव्यांग की इस फिल्म की शूटिंग पहले ही पूरी हो चुकी थी। गुजरात में शूट किए गए इस फिल्म में दर्शकों के भरपूर मनोरंजन और कॉमेडी डोज का पूरा ख्याल रखा गया है। इस फिल्म में रणवीर एक पक्का गुजराती आदमी बना है। यह फिल्म थियेटर में रिलीज होगी जिसकी तैयारी में सब लग गए।

रिचा के नोट्स यह बता रहे हैं कि 'काम पर लगने से डरने की जरूरत नहीं'

आखिर रिचा चड्ढा ने भी अपने वेब सीरीज पर काम शुरू कर ही दिया, लेकिन आज के इस दुर्भाग्यपूर्ण कोरोना महामारी के बीच काम शुरू करने का फैसला कठिन ही नहीं खतरनाक भी है। इसलिए बुद्धिशाली रिचा चड्ढा ने अपने शूटिंग माहौल को जितना हो सके कोरोना मुक्त करने के कई–कई कदम उठा लिए। सबसे पहले उन्होंने अपने पर्सनल टीम को क्या–क्या करना है और क्या–क्या नहीं करना है इसका एक लंबा लिस्ट नोट तैयार किया, फिर पर्सनल हेयर ड्रेसर, मेकअप और स्टाइलिंग टीम को मानसिक और शारीरिक रूप से सारे नियमों के ख्याल रखने की हिदायत दी। रिचा के नोटस यह बता रहे हैं कि काम पर लगने से डरने की जरूरत नहीं। बस सारे नियमों का पालन करना है ताकि शूटिंग स्मूदली पूरी हो सके। रिचा का कहना है कि आज टीवी चैनल्स में जो नफरत फैलाने वाले प्रोग्राम्स चल रहे हैं उसके बावजूद लोग पहले से भी ज्यादा फिल्में और मनोरंजक कंटेंट्स देखना पसंद कर रहे हैं। इस तरह के डिमांड के बढ़ने के कारण रिचा ने काम पर लौटने की ओर कदम बढ़ाया। अपने मंगेतर अली फजल के साथ वे फुकरे रिटर्न्स के तीसरे भाग पर फिर से फुकरे टीम के साथ मिल बैठने को उत्साहित है।

कंगना रनौत इन दिनों 'सन किस्ड इन द माउंटेन' गर्ल है!

गूगल में कंगना इन दिनों सब से ज्यादा खंगाली जाने वाली एक्ट्रेस है, इसलिए उनके बारे में एक–एक खबर और तस्वीरें सर्च किए जाने की बातें उठ रही है। इन दिनों एक योद्धा की तरह कंगना जिन विवादों से पंगा लेने पर उतारू है, वो तनाव उनके युवा चेहरे की खूबसूरती और ताजगी को जरा भी कम नहीं कर पाई। उनकी हाल की एक तस्वीर उनके करोड़ों फैंस, चाहने वाले और मुट्ठी भर ना चाहने वाले लोग भी देख कर हैरान है। उस तस्वीर में कंगना बिना एक कतरा मेकअप के नजर आ रही है। उनकी बेदाग त्वचा धूप की सुनहरी किरणों के बीच चम चम चमक रही है, काले घुंघराले लहराते बाल खुले हुए हैं। ब्लू हुडी में वह सीधे कैमरे से नजरें मिलाती दिख रही है। यह तस्वीर उन्होंने अपने होम टाउन मनाली के पहाड़ों से घिरे पैलेस नुमा बंगले के पास खींची है जिसे नाम दिया कंगना ने, 'सनकिस्ड इन द माउंटेन' इसी तरह वे कई बार अपने मन की बात शेयर करती रहती है। जैसे पिछले दिनों उन्होंने कहा था, कुछ लोग समझते हैं कि मैं लड़ाकू हूं, जबकि यह बिल्कुल सही नहीं है। कंगना बॉलीवुड की वह शेरनी के रूप में उभर रही है जिनका कहना है कि वह गलत को सही और सही को गलत कभी भी नहीं कह सकती है। इसके लिए भले ही उसे कितना भी नुकसान उठाना पड़ रहा है पर जो सच है उसके लिए वह अंत तक लड़े लड़ेती रहगी।

माधुरी दीक्षित अपने परिवार के साथ-साथ जो बोते हैं उसे उगते भी साथ साथ ही देखतें हैं

माधुरी दीक्षित ज्यादातर पारिवारिक फिल्में करती रही। पर्सनल लाइफ में भी वे हमेशा अपने परिवार की लाडली रही। पहले मम्मी पापा भाई बहनों की लाडली थी और अब मायके वालों के साथ साथ अपने पति श्रीराम नेने और दोनों टीनएज बेटों की लाडली है। माधुरी के शौक और इंटरेस्ट का ख्याल उनका पूरा परिवार खूब रखता है। जब माधुरी का मन किया फिल्में की और जब मन किया अपनी सुमधुर स्वर में गाना रिकॉर्ड किया। पिछले दिनों माधुरी का मन किया कि वह अपने किचन गार्डन में अपने हाथों से बागवानी करके फल और सब्जियां उगाए तो वह लग गई बागवानी में और उनका हाथ बंटाने परिवार का एक नहीं बल्कि तीन सदस्य जुट गए। वैसे माधुरी को बागवानी का शौक हमेशा से ही रहा है लेकिन पहले इसके लिए वक्त नहीं मिलता था, अब जाकर माधुरी ने अपना शौक पूरा किया और उनके साथ, हाथ बंटाने पतिदेव डॉ श्रीराम नेने और दोनों युवा बेटे लग गए। माधुरी ने कहा, 'अपने परिवार के साथ किचन बागवानी को सेट कर रही हूं, हमें कभी भी अपने शौक और इंटरेस्ट को पूरा करने से खुद को रोकना नहीं चाहिए। माधुरी ने घर की रसोई में इस्तेमाल होने वाली सब्जी भाजी की अपनी सजी हुई बगिया का एक वीडियो भी शेयर किया और कहा, हर चीज के साथ एक नया अनुभव। हम साथ-साथ इन्हें बोते हैं और उगते देखते हैं। सिर्फ यही नहीं, माधुरी के दोनों बेटे भी माधुरी और डॉ नेने की तरह बेहद बुद्धिमान हैं, वे अपनी मम्मी के लिए सबसे बड़े क्रिटिक भी हैं और मॉम के पुरानी फिल्मों को कभी कभार जब देखतें हैं तो बताते हैं कि कहां क्या छूट गया था।

प्रियंका चोपड़ा इस वर्ष की ऑस्कर्स अवॉर्ड घर ले जाएगी?

प्रियंका चोपड़ा को इस वर्ष के ऑस्कर्स में बतौर बेस्ट सपोर्टिंग एक्ट्रेस कैटेगरी के लिए टॉप कंटेंस्टेंट लिस्ट में गिना गया है। हॉलीवुड में यह कयास चल रहा है कि **'बेवॉच'** की एक्ट्रेस प्रियंका, जो हमारी बॉलीवुड फिल्मों की देसी गर्ल सुपरस्टार है, वे इस वर्ष अपनी अपकमिंग ओटीटी फिल्म के लिए यह प्रेस्टीजियस एकेडमी अवॉर्ड घर लेकर जा सकती है। यह फिल्म, अरविंद अडिगा द्वारा लिखित, इसी नाम के उपन्यास पर आधारित है। इसे निर्देशित किया है रामिन बहरानी ने। इस फिल्म में प्रियंका ने जो चरित्र निभाया है वो उसके चाहने वालों ने अब तक कभी नहीं देखा और अभी से यह अटकलें लगाई जा रही है कि यह पूरे वर्ष की सर्वश्रेष्ठ फिल्म तय है।

प्रियंका के साथ-साथ, मेरील स्ट्रीप (फिल्म 'द प्रोम' के लिए), हान येन री (फिल्म 'मिनारी' के लिए), क्रिस्टिन सकॉट थॉमस (फिल्म 'रेबेका' के लिए) और ओलिविया कोलमैन (फिल्म 'द फादर') का भी नाम लिस्टेड है।

अमेज़ॅन प्राइम वीडियो ने आर माधवन और अनुष्का शेट्टी की बहुप्रतीक्षित तेलुगु सस्पेंस थ्रिलर के ट्रेलर का अनावरण किया है!

तमिल और मलयालम में शीर्षक **"सायलेंस"** है, यह एक बहुभाषी थ्रिलर का मनोरंजक ट्रेलर है, क्योंकि यह दर्शकों की जिज्ञासा को बढाता है और किसी साजिश का संकेत देता है "निशब्दम" हेमंत मधुकर द्वारा निर्देशित तथा टीजी विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित है और आर माधवन, अनुष्का शेट्टी और अंजलि मुख्य भूमिकाओं में हैं।

भारत में प्राइम वीडियो के प्रमुख सदस्य, और अन्य 200 देशों एवं क्षेत्रों में 2 अक्टूबर, 2020 से तेलुगु, तमिल और मलयालम में अमेज़ॅन प्राइम वीडियो पर विशेष रूप से "निशब्दम" को प्रसारित कर सकते हैं।

अमेज़ॅन प्राइम नवीनतम और एक्सक्लूसिव वीडियो कंटेंट की असीमित स्ट्रीमिंग, फ्री और फास्ट शिपिंग, एक्सक्लूसिव डील्स तक पहुंच, अमेज़ॅन म्यूजिक पर एड-फ्री म्यूजिक, प्राइम के माध्यम से अनलिमिटेड रीडिंग प्राइम गेमिंग के साथ पढ़ना और मोबाइल गेमिंग सामग्री के साथ अविश्वसनीय मूल्य प्रदान करता है और यह सब केवल 129 रुपये में उपलब्ध है!

फिल्म के मोशन पोस्टर के अनावरण से रोमांच पैदा करते हुए, अमेज़ॅन प्राइम वीडियो ने आज **अनुष्का शेट्टी और आर माधवन** की बहुप्रतीक्षित सस्पेंस थ्रिलर "निशब्दम" का ट्रेलर जारी किया। तमिल और मलयालम में साइलेंस शीर्षक वाली फिल्म माइकल मैडसेन की भारत की पहली फिल्म है और इसमें अंजलि, शालिनी पांडे, सुब्बाराजू और श्रीनिवास अवसारला भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। स्ट्रीमिंग सेवा ने फिल्म का एक नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें कलाकारों को अत्याधिक तीव्र रूप में अभिनय करते दिखाया गया है। भारत में प्रमुख सदस्य और 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों में अमेज़ॅन प्राइम पर 2 अक्टूबर से शुरू होने वाली फिल्म को स्ट्रीम कर सकते हैं.

सारांश

साक्षी, एक प्रतिभाशाली कलाकार है, जो सुन व बोल नही सकती! वह एक आपराधिक जांच में उलझ जाती है जब वह अप्रत्याशित रूप से एक दुखद घटना का गवाह बनती है, जो की एक विला में घटित होती है। पुलिस जासूसों की एक टीम के साथ मामले की तह तक जाने के लिए एक सूची बनाती है जिसमें एक भूत से लेकर एक लापता जवान लड़की, संदिग्धों में शामिल की जाती है!

"निशब्दम" थ्रिलर होने का वादा करती है और दर्शको को अपने जगह से हिलने तक नही देगी और वो जो दर्शकों को अंत तक सोचने व अनुमान लगाने पर मजबूर कर देगी!

"निशब्दम" प्राइम वीडियो कैटलॉग में दुनिया भर के हजारों टीवी कार्यक्रमों और फिल्मों में शामिल होगी इनमें भारतीय फिल्में 'वी', गुलाबो सीताबो, शकुंतला देवी, पोनमंगल वंधल, एलएडब्ल्यू, सीयू सून, वी, फ्रेंचबिरियानी, सूफियुम सुजातायम और पेंगुइन के साथ-साथ भारतीय मूल की अमेज़ॅन मूल श्रृंखला जैसे बंदिश बैंडिट, 'ब्रीथ इन टू द शैडोस', पाताल लोक, फोर मोर शॉट्स प्लीज, द फैमिली मैन, इनसाइड एज, मेड इन हेवन के साथ-साथ विभिन्न पुरस्कार विजेता और समीक्षकों द्वारा प्रशंसित वैश्विक अमेज़ॅन ओरिजिनल श्रृंखला जैसे टॉम क्लैंसी की जैक रयान, द बॉयज, हंटर्स, फ्लाबैग और द मार्वलस मिसेस मैसेल शामिल हैं। यह सब अमेजन प्राइम मेंबर्स के लिए बिना किसी अतिरिक्त कीमत के उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त सेवा में हिंदी, मराठी, गुजराती, तमिल, तेलुगु, कन्नड़, मलयालम, पंजाबी और बंगाली में शीर्षक शामिल हैं।

प्राइम मेंबर्स स्मार्ट टीवी, मोबाइल, फायर टीवी, फायर टीवी स्टिक, फायर टैबलेट, ऐप्पल टीवी आदि के लिए प्राइम वीडियो ऐप पर कहीं भी और कभी भी निशब्दम देख सकेंगे। प्राइम वीडियो ऐप में, प्राइम मेंबर्स एपिसोड डाउनलोड कर सकते हैं उनके मोबाइल उपकरण और टैबलेट और बिना किसी अतिरिक्त लागत के कहीं भी ऑफलाइन देख सकते है द्य

प्राइम वीडियो भारत में केवल सालाना Rs 999 या 129 मासिक शुल्क मे प्राइम मेंबर्स के लिए उपलब्ध है, अधिक जानकारी के लिए नए ग्राहक www-amazon-in/prime पर जाकर 30 दिन तक मुफ्त सदस्यता ले सकते हैं।

यह लेख दिनांक 6-11-1977 मायापुरी के पुराने अंक 164 से लिया गया है!

आसमां ही आसमां है, जिनके सामने.... देव आनंद

पन्नालाल व्यास

देव आनंद हीरो हैं, देव आनंद लेखक हैं, देव आनंद निर्देशक हैं, देव आनंद निर्माता हैं, वे पूर्णरूप से फिल्मों में हैं, फिल्मों में न होते तो संभवतः देव आनंद वे देव आनन्द न होते जो आज हैं, उनका कहना है कि "यदि वे किसी अन्य व्यवसाय में होते तो वह सब न होता जो आज है, क्योंकि फिल्म व्यवसाय ही एक ऐसा व्यवसाय है जहां कुछ करने का अवसर मिलता है, और फिर कुछ करने के लिए कोई सीमा नहीं है, बस, आसमा ही आसमां खुला है अपने सामने..."

पर हां, इस मुक्त आसमां पर देव आनंद ने जो उड़ान भरी है, उससे कई प्रश्न भी जुड़े हैं, फिल्म व्यवसाय में जहां हर बात की अनिश्चितता बनी रहती है, जहां परिस्थितियां, सफलताओं एवं असफलताओं के उतार-चढ़ाव के साथ नाम बनता-बिगड़ता रहता है, वहां देव साहब ने पिछले 31 सालों से कामयाबी का बसन्ती चोला धारण कर रखा है, कैसे? और यह कैसे संभव हुआ, कि सन् 1946 से लेकर 1977 तक 80 फिल्मों के वे हीरो बने रहे और अब **टीना** जैसी टीनेजर लड़की के साथ भी काम कर रहे हैं, आखिर उन्होंने किस धातु का कवच ओढ़ रखा है, कि उम्र के तीर भी उसे नहीं भेद पाये और इस बात का क्या रहस्य है, कि हकीकत में 54 से अधिक उम्र पार करने के बाद भी वे पहले की तरह ही रोमांटिक हीरो बने हुए हैं, यह भी क्या विचित्र बात नहीं है, कि समीक्षकों की दृष्टि में वे उच्चकोटि के आर्टिस्ट नहीं रहे पर दर्शकों की दृष्टि में वे हमेशा मन पसंद हीरो बने रहे, आज भी उनकी अधिकांश फिल्मों का प्रारम्भिक आकर्षण (इनीशियल-ड्रा) इतना रहता है, कि वितरकों को घाटा नहीं रहता उसकी वजह ? ऐसी बात भी नहीं है, कि उनकी सारी फिल्में हिट हुई हो, बल्कि कई बार ऐसा देखा गया है कि उनकी बड़ी से बड़ी महत्वाकांक्षी फिल्में भी फ्लाप हो गई, फिर भी निर्माता देव आनंद के चेहरे पर कभी उदासी की छाया तक नजर नहीं आई क्यों? पिछले दिनों उन्होंने हिमालय की 2000 फुट से भी अधिक ऊंचाई की बर्फीली चोटियों पर जहां 'लास्ट हॉराइजन' फिल्म की शूटिंग संभव नहीं हो सकी अपनी स्वप्नकांक्षी फिल्म **'इश्क इश्क इश्क'** की शूटिंग की और काफी खर्चा किया, दुर्भाग्य से फिल्म पिट गई, अन्य कोई निर्माता होता तो शायद अपना दिवाला निकाल कर सर पर हाथ रख कर प्रायश्चित करता पर देव साहब ने उस जबरदस्त हार को भी मुस्कराहट में बदल दिया तो क्या वे असामान्य दर्जे के आदमी नहीं ?

ये सब प्रश्न इस तरह जुड़े हैं, कि उनके जुड़े जवाबों में ही देव साहब का इमेज" उभर आता है. उन्होंने मुझे बताया "मैं बीते कल की ओर ध्यान नहीं देता, अब और इस वक्त, बस यही मेरे मंत्र हैं. मैं उदास नहीं होता यदि फिल्मों में रहते हुए मन भर जाए तो वह व्यक्ति खुद ही समाप्त हो जायेगा. और जब मन जिंदादिल है तो फिर शरीर भी हरा-भरा ही रहेगा न. मैं विश्वास करता हूं अपने में, अपने काम में और अपनी मेहनत में ! मैं दूसरों पर आश्रित नहीं रहता और जिंदगी के एक-एक पल को मीठे फल की तरह चखता हूं, हार होती है, तो भूल जाता हूं और उसी क्षण फिर सैनिक की तरह काम में जुट जाता हूं, हथियार कभी नहीं डालता न डालूंगा. आत्म समर्पण कभी नहीं करता,न करूंगा.!

और मैंने भी उन्हें कई बार शूटिंग करते देखा हैं, ठीक उसी तरह जैसा पिछले बीस सालों से देखता आया हूं, युवकों की तरह वैसी ही तेजी, चुस्ती और फुर्ती **'देस परदेश'** की शूटिंग के वक्त जूनियर आर्टिस्टों के बीच शोर-गुल करते हुए, नाचते हुए, फुदकते हुए और गर्दन मटका कर आंखों से शरारतें करते हुए उन्हें देखा तो लगा पिछले पन्द्रह सालों वाले देव आनंद आज भी वैसे ही कल वाले हैं. सच है देव आनंद ने आज और कल, कल और आज दोनों को मिला कर एक कर दिया है जिसका नाम है, देव आनंद!

इतना ही क्यों रोमांटिक हीरो के रूप में अनेक हीरोइनों के मन

को डगमगाने वाले देव साहब को जब लोगों ने सादगी के साथ उम्र को जीतने वाले कर्मठ कर्मयोगी के रूप में देखा तो आश्चर्य हुआ, वस्तुतः देव आनंद बहुत कम खाते हैं, जो थोड़ा बहुत लेते हैं, विटामिन से भरपूर, शराब भी थोड़ी जैसे डाक्टर की दवा, सिगरेट कभी–कभी, पार्टियों में मचलना बहुत कम, एकांत में योग साधना अध्ययन मनन, मन न लगे तो गुन गुनाना, कल्पनाओं को साकार करने के लिए दिन–रात दौड़–धूप चैन नहीं आराम नहीं, कितना अद्भुत व्यक्ति है यह!

फिल्मी हीरो, लेखक निर्माता–निर्देशक के रूप में भले ही देव आनंद "श्रेष्ठ! न रहे हों पर सबसे अलग–थलग जरूर रहे हैं, उनकी हर फिल्म की कहानी हीरो प्रधान रहती है, और कैमरा मुख्यत उन्हीं के इर्द–गिर्द घूमता है, इस बात की काफी आलोचना भी हुई है पर देव साहब ने इस प्रसंग में बताया "मैं वही कहानी चुनता हूं जो मुझे पसंद आती है, और जो कहानी मुझे पसंद आती है, वह कहानी मेरे चाहने वालों को भी पसंद आती है, जब तक दर्शकों के दिल में मेरे प्रति लगाव है, मैं हमेशा अपनी पसंद की फिल्में अपने दर्शकों की नज़र से बनाता रहूंगा, मैं जानता हूं और अच्छी तरह जानता हूं कि दर्शक मुझे देखने आते हैं!

लेखक–निर्माता–निर्देशक के रूप में भी देव आनंद ने आलोचकों की राय में 'क्लासिकल' फिल्में नहीं दी, यहां तक कि **'गाइड'** जैसी फिल्म में भी उलझ गई, उनकी फिल्मों में देव आनंद टच जरूर रहता है, पर कोई 'महानता' नहीं होती, जब मैंने यही बात उनके सामने रखी तो उन्होंने, अपने! एक टूटे दांत की मोहक–मुस्कराहट के साथ कहा–"मैंने हमेशा नए ढंग की फिल्में बनाई हैं और बड़ा रिस्क लिया है, मेरी फिल्मों में घिसे–पिटे फॉमूले नहीं होते और न मैं अपने दर्शकों की भावनाओं के प्रतिकूल फिल्में बनाता हूं, मैं हर फिल्म में कुछ न कुछ नयापन जरूर रखता हूं, हालांकि मैं जानता हूं, आलोचकों ने मेरी फिल्मों की निंदा की है, पर हां, जब तक दर्शक मेरे साथ हैं, मैं चिंता नहीं करता और न निंदा करने वालों के प्रति

बुरी भावना रखता हूं, यह तो अपना–अपना दृष्टिकोण है, **'माइड' 'प्रेम पुजारी'** सामान्य फिल्में नहीं थी, **'हरे राम हरे कृष्णा' 'जानेमन'** और **'इश्क इश्क इश्क'** भी सामान्य फिल्में नहीं थी, **'तेरे मेरे सपने'** भी आम फिल्म नहीं थी, सच तो यह है कि मेरी हर फिल्म के साथ नया ट्रेड रहा है पर हां, कभी–कभी कहीं न कहीं कुछ गलती रह ही जाती है, फिर भी जोश मेरा कभी ठंडा नहीं होता और न मैं इस बात पर सोचता हूं, कि अब क्या होगा. " जिस दिन मेरी कोई फिल्म फ्लाप होती है, उसी दिन मैं अपनी अगली फिल्म की शूटिंग में व्यस्त हो जाता हूं."

देव साहब की यह भी खूबी रही है, कि जिस हीरोइन ने उनके साथ काम किया उसी के साथ उनका लव अफेयर हो गया, **सुरैया, गीताबाली, कल्पना कार्तिक, नलिनी जयंत, मधु बाला, वहीदा रहमान, जाहिदा, मुमताज, जीनत, रेखा,** आदि सभी हीरोइनों के साथ उनके मधुर रोमांटिक संबंधों की खूब चर्चा रही है, इस पर उन्होंने! टिप्पणी करते हुए कहा–"यह तो पर्सनल एटेचमेंट की बात है, जो प्रोफेशनल एटैचमेंट का फल है–फिर भी इसमें बहुत कुछ सोचने और समझने की जरूरत है, प्राइवेट–एफैयर्स प्राईवेट ही रहें तो अच्छा है,



उनकी खुलमखुल्ला चर्चा करना–और उंगली उठाना–मुझे कुछ अच्छा नहीं लगता, इस पर फिर कभी कुछ बाते करेंगे, "गहराई की बात देव साहब ने प्यार से टाल दी!

देव आनंद–अपने भाई **चेतन आनंद** की तरह रंगमंच से फिल्मों में आए हैं, बस वे पहले गायक बनना चाहते थे, गायक तो नहीं बने परंतु हॉपीपुल्स थियेटर में भूमिकाएं करने लगे, एक बार जुबेदा, नाटक खेला गया जिसके निर्देशक थे, **बलराज साहनी** उस नाटक में देव साहब भी थे, उनकी भूमिका देख कर बलराज साहनी ने कहा–"देव तुम अभिनेता नहीं बन सकते"–पर जब प्रभात फिल्म कंपनी की ओर से **'हम एक हैं'** के लिए हीरो के रूप में उनका चुनाव हुआ तो देव साहब के सभी साथियों की आश्चर्य हुआ, यहीं से, देव साहब को फिल्मी जिंदगी श्री गणेश हुआ, हीरो के रूप में उन्हें पहली बार ख्याति मिली 'जिद्दी' फिल्म से उसके बाद **'गीत' 'शायर', 'अफसर', 'नीली', 'बाजी', 'नादान', 'सनम', 'आँधियाँ', जाल, जलजला, हम सफर, पतिता, बादबान, टैक्सी ड्राइवर, फरार', 'हाउस नंबर 44', 'इन्सानियत', मिलाप', 'मुनीम जी', 'सी. आई.डी', 'फंटूश, पाकेट मार, बारिश, "नो दो ग्यारह, 'पेइंग गेस्ट, कालापानी, 'काला बाजार'**

फिल्म 'हम दोनों'

,"बात एक रात की, "किनारे किनारे', 'हम दोनो' तेरे घर के सामने','गाइड','जॉनी मेरा नाम', 'प्रेम पुजारी','तेरे मेरे सपने','हरे राम हरे कृष्णा' तीन देवियां ,'जानेमन' आदि से उन्हें प्रसिद्ध मिलती चली गई। उनके निर्देशन की पहली फिल्म थी "प्रेम पुजारी" पर चमके 'हरे राम हरे कृष्णा' से!

आज भी देव साहब तरोताजा हैं, वैसी ही थिरकन, वैसी ही बांकापन, वही महकी युवा दिल की ताजी मुस्कराहट, वैसी ही जिदादिली–और वही सब कुछ–जिसका नाम है, देव आनंद.

देव आनंद का कहना है " अभी तो आसमां ही आसमां है मेरे सामने, जो लोग मेरे उम्र की बात करते हैं, वे शायद जिंदगी का सही अर्थ नहीं जानते अभी तो पता नहीं, मेरी मंजिल कितनी दूर है. मैं तो रोज सपने संजोया करता हूं और हर रोज नयी सुबह की नयी किरण के बीच देखता हूं– **आसमां ही आसमां खुला है मेरे सामने..........!**

फिल्म 'बाजी'

फिल्म 'सी.आई.डी'

फिल्म 'फंटूश'

फिल्म 'हाउस नंबर 44'

फिल्म 'तीन देवियां'

फिल्म 'पाकेट मार'

फिल्म 'टैक्सी ड्राइवर'

फिल्म 'जॉनी मेरा नाम'

फिल्म 'तेरे मेरे सपने'

फिल्म 'हरे राम हरे कृष्णा'

Dev Anand Birthday 26th September 1923

Compilation By
Tirath Shah

September 2020

This Is A Medley
Of 9 Video Songs
Composed by
S.D.Burman
For
Dev Anand

S.D Burman Is The
Only Music Director
Who Has Taken
9 Different Singers For
A single Hero
Dev Anand

"Bahe Na Kabhi Nain Se Nir" Film Vidya (1948) Song-Dev Anand-Suraiya

Mukesh

Ye Raat Ye Chandni Phir Kahan Sunja Dil Ki Dastan Film Jaal(1952) Song-Dev Anand-Geeta Bali

Hemant Kumar

Jaayen Toh Jaayen Kahan Film Taxi Driver (1954) -Dev Anand

Talat Mahmood

Dekho Mane Nahi Ruthi Hasina, Film Taxi Driver (1954) -Dev Anand-Kalpana Kartik

Jagmohan Bakshi
Asha

Jeevan Ke Safar Me Raahi Film Munimji (1955) -Dev Anand-Nalini Jaywant

Kishore Kumar

Hum Dum Se Gaye Film Manzil (1960) Dev Anand-

Manna Dey

Dil Ka Bhanwar Film Tere Ghar Ke Samne (1963)
Dev Anand-Nutan

Mohammed Rafı

Wahan Kaun Hai Tera Musafır Jayega Kahan
Film Guide (1965)-Dev Anand

S.D Burman

Honton Mein Aisi Baat Film Jewel Thief (1967)
-Vyjayanthimala-Dev Anand

Bhupinder Singh
Lata Mangeshkar

सहनूर और असीम रियाज ने बहुप्रतीक्षित म्यूजिक वीडियो 'बदन पे सितारे' हुआ रिलीज

—मायापुरी प्रतिनिधि

बिग बॉस फेम असीम रियाज अच्छे लुक के लिए जाने जाते हैं और आकर्षण असीम अपने बहुप्रतीक्षित म्यूजिक वीडियो "बदन पे सितारे" लेकर बड़े पर्दे पर आने को तैयार है। जिसमे उनका साथ ब्यूटीफुल और चार्मिंग सहनूर देने वाली है जिन्हे जी म्यूजिक ने गर्लफ्रेंड सांग के माध्यम से लांच किया था। इस जोड़ी के म्यूजिक वीडियो की खबर के बाद से प्रशंसकों इस वीडियो का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे।

हालही में सॉंग का प्रोमो पस्टर सामने आया था जिसे देख कर फैंस का उत्साह और अधिक बढ़ गया था, इस पोस्टर को खुद सहनूर ने शेयर किया था। जिसके बाद 23 सितम्बर को 'बदन पे सितारे' का टीजर आउट हुआ था और यह रिलीज होते ही यूट्यूब पर ट्रेंड कर रहा है। वीडियो को शेयर करते हुए सहनूर ने कहा "Retro is calling! पेश है आपके लिए साल की सबसे बहुप्रतीक्षित घोषणा टीजर, 'बदन पे सितारे' फिर से दिलों को जीतने के लिए। इसके बाद 25 सितंबर को पूरा गीत रिलीज किया गया। जो लोगो द्वारा काफी पसंद किया गया हैं। अगर इस गीत के मूल ट्रैक की बात करें तो यह गीत फिल्म प्रिंस का था जिसमें शम्मी कपूर और वैजयंतीमाला ने अभिनय किया था। इसे मोहम्मद रफी ने गाया था।

सहनूर यह भी बताया है कि उनका यह गीत स्टेबिन बेन द्वारा गाया जाने वाला है, जिसमे उन्होंने खुद भी अपनी आवाज दी है। जिसको लेकर वह काफी उत्साहित थी। इसके अलावा यह सांग एक बड़े बैनर तले रिलीज किया गया। फैन्स लंबे समय से इसका इंतजार कर रहे थे। सहनूर भविष्य में कुछ और भी रोमांचक परियोजनाओं के साथ नजर आने वाली है।

हिमांश कोहली ने कोविड-19 की लड़ाई जीती, प्रशंसकों उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद

—ज्योति वेंकटेश

हिमांश कोहली ने कोविड–19 के लिए खुद को नेगेटिव पाया और अब उत्तराखंड के पहाड़ों के बीच थोड़ा ब्रेक पर चले गए हैं। अभिनेता इस महीने की शुरुआत में कोरोनोवायरस के लिए पॉजिटिव पाए गए थे और होम क्वारंटाइन थे। उन्होंने अपने दोस्तों और प्रशंसकों को उनकी शुभकामनाओं के लिए धन्यवाद दिया। अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर उन्होंने लिखा, "असंख्य संदेशों, डीएम, स्टोरीज आदि के लिए आप सभी का धन्यवाद। जिससे मुझे बेहतर और जल्द स्वस्थ होने में मदद मिली। मैं इस समय अनुपलब्ध रहने के लिए माफी चाहता हूं लेकिन मैं शारीरिक और मानसिक रूप से ड्रेन्ड था। मैं अब बेहतर महसूस कर रहा हूं और कल किए गए कोविड–19 परीक्षण में नेगेटिव आया है।"

उन्होंने आगे कहा, "उन सभी के लिए जो अभी भी कोविड–19 के खिलाफ इस लड़ाई को लड़ रहे हैं, मैं आपकी अधिक शक्ति की कामना करता हूं। बस याद रखें कि एक खुश और स्थिर मन किसी भी चीज से लड़ सकता है। मैं मुक्तेश्वर में थोड़ी राहत की सांस ले रहा हूं और एक सप्ताह यहां रुकने की योजना बना रहा हूं। आशा है आप सभी महान होंगे।" काम के मोर्चे पर, हिमांश, जो 'यारियां', 'रांची डायरीज' जैसी फिल्मों का हिस्सा रहे हैं, अगली बार 'बूंदी रायता' में दिखाई देंगे।

अनु– छवि शर्मा

नटखट सर्फिंग

सुलेना मजुमदार अरोरा

'लन्दन कॉन्फिडेंशियल' की स्पाई बनी मौनी रॉय की सीखें

आखिर मौनी रॉय ने भी 'लंदन कॉन्फिडेंशियल' के साथ डिजिटल दुनिया में डेब्यू कर ही लिया। मौनी रॉय ने अब तक सिर्फ फिल्मों में काम किया था और टेलीविजन में भी चर्चित रही, परंतु अब डिजिटल की दुनिया में कदम रख कर उन्होंने अपने करियर को कुछ और बढ़ावा दिया। 'लंदन कॉन्फिडेंशियल' को लेकर मौनी इसीलिए भी गर्व महसूस कर रही है क्योंकि इस डिजिटल स्पाई थ्रिलर प्रोजेक्ट को आज की कठिन परिस्थिति में पूरा करना कोई हंसी खेल की बात नहीं थी। मौनी बोली, 'जूम' द्वारा बातचीत करना और लंदन में शूटिंग करना सब सही तरीके से पूरा किया गया। इस फिल्म को करते हुए मुझे एक खुशनुमा लिब्रेटिंग अनुभव मिला। ओटीटी के प्रोजेक्ट्स, हम कलाकारों को ज्यादा लेयर्ड चरित्र प्ले करने का मौका देती है, जो हमारे लिए बेहद अद्भुत है। इस थ्रिलर में मौनी एक स्पाई की भूमिका निभा रही है, जो कोरोनावायरस पृष्ठभूमि में बनी है। मौनी कहती है, 'शूटिंग शुरू करने से पहले पूरी यूनिट में एक डर का माहौल था, और प्रथम तीन चार दिन बहुत हतोत्साहित करने वाला लगा। लेकिन जिस तरह से चाक चौकस सेफ्टी मेजर्स लिए गए, वह देखकर सारा डर दूर हो गया। हम सारे टीम मेंबर्स को हर सप्ताह कोविड टेस्ट से भी गुजरना पड़ता था। इन मुश्किलों के दिनों में मौनी ने खुद प्राणायाम, अनुलोम विलोम करना शुरू किया और साथ ही अपने वीडियो द्वारा सबको सिखा भी रही है। बॉलीवुड में जल्द ही उनकी फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' रिलीज होने वाली है।

यह खुशमिजाज सी लड़की अलाया एफ, मना रही है जश्न ऑफ फ्रीडम

युवा एक्ट्रेस अलाया एफ, फ्रीडम का जश्न मनाती हुई दिख रही है। नीले लहराते समुद्र तट के करीब, हवा में दोनों हाथों को उछाले हुए कटआउट मोनोकिनी सफेद पोशाक में अलाया कैमरे की तरफ नटखट अदा से मुस्कुराती दिखी। वह पोशाक उनके तराशे हुए बदन पर खूब फब रहा था। अलाया की पॉजिटिविटी इसी में नजर आ रही है कि वह अपने फॉलोअर्स को अच्छे–अच्छे हंसी खुशी से भरपूर फनी वीडियोज और चौंकाने वाली तस्वीरें शेयर करती रहती है। वो नब्बे दशक की मशहूर एक्ट्रेस पूजा बेदी की बेटी और विश्व प्रसिद्ध एक्टर कबीर बेदी की नातिन हैं। अलाया ने हाल ही में फिल्म **'जवानी जानेमन'** से अपना डेब्यू किया था। ये खुशमिजाज सी लड़की अपने को कंफर्ट जोन से बाहर निकालकर हमेशा अपने फैन्स और फॉलोअर्स को एंटरटेन करती रहती है।

सनी लियोन ले रही है बॉलीवुड दंगल 'हल्ला बोल' का मजा!

कोरोनावायरस के डर से सनी लियोन, पूरे परिवार को अपने पंखों तले लपेट, सात समुंदर पार उड़कर अपने एक सीक्रेट डेस्टिनेशन में जंगलों के बीच पहाड़ों की ओट में बने विशाल फार्म हाउस में छुप तो गई लेकिन अब भी बॉलीवुड से जुड़ी खबरों को देखना उनका सर्वप्रथम प्रायरिटी जैसा लग रहा है। वे हर दिन अपने प्राइवेट स्विमिंग पूल में किसी मत्स्य कन्या की तरह घंटों डुबकी लगाती है, खेलती कूदती है, फिर मल–मल कर नहाती है, उसके बाद खाना पीना खा–पीके, डकार मारकर बैठती है टीवी पर चल रहे बॉलीवुड न्यूज़ की हल्ला बोल देखने के लिए, जिसे वह वर्ल्ड ड्रामा का नाम देकर अपना मनोरंजन मान रही है। और वो मानें भी क्यों नहीं? बॉलीवुड की दुनिया में चल रहे बचाव पक्ष तथा विपक्ष के बीच जो तू–तू मैं–मैं की लड़ाई हो रही है उसमें किसी ने जब सनी का नाम घसीटा तो सनी फनफनाना वाजिब है, सनी ने इस बात पर तीखा तंज कसते हुए कहा 'लंच डेट के साथ दुनिया में चल रहे तमाशे का मजा लेना है। बाद में सनी ने यह भी कहा, कितनी अजीब और फनी बात है कि वो लोग जो किसी के बारे में कुछ नहीं जानते वही ज्यादा शोर मचा रहे हैं।





अनन्या पांडे कहती है कि अब सिर्फ आँखियों से गोली मारिंग वाली बात नहीं रह गई!

भारतीय पोशाक में भी, कोई कमसिन, भोली भाली दिखने वाली लड़की कितनी रहस्यमई और नटखट लग सकती है, ये आप अनन्या पांडे की हालिया शेयर की गई तस्वीर से पकड़ सकते हैं। अपनी नवीनतम फिल्म **'खाली पीली'** की एक तस्वीर में अनन्या गुलाबी टॉप पहने, एक आंख दबाएं और दूसरी आंख से हाथों में उठाए राइफल का निशाना लगाते दिख रही है।

उनके चेहरे पर एक व्यंगात्मक मुस्कान भी खेल रही है। एक अन्य तस्वीर में अनन्या राइफल से शूट करने के लिए संघर्ष करती नजर आ रही है और ईशान उनकी मदद करते हुए अनन्या की बाहों को पकड़कर सपोर्ट कर कर रहे हैं। इस मजेदार तस्वीर को उतना ही मजेदार नाम देते हुए अनन्या ने लिखा, 'अब सिर्फ अंखियों से गोली मारिंग वाली बात नहीं रही, शायद ऐसा मैं सोचती हूं, क्योंकि मेरे हाथों में खिलौने वाली बंदूक के बावजूद ईशान को मुझ पर भरोसा नहीं, यानी अनन्या का कहना है कि अब वह जमाना गया जब लड़कियां सिर्फ अंखियों से गोली मारा करती थी क्योंकि अब वे अबला नहीं सबला है। इस आने वाली फिल्म में पहली बार अनन्या एक्शन करती दिखाई दे रही है और वह भी धांसू एक्शन। यह फिल्म पिछले साल सितंबर में फ्लोर पर गई थी और इस वर्ष 12 जून को प्रदर्शित होना तय था लेकिन फिल्म थियेटर्स के बंद हो जाने से अब इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दिखाया जाना है।

इलियाना डिक्रूज दुनिया की आपाधापी से दूर, कहती है, 'जी ले अपनी जिंदगी'

जिंदगी को अपने तरीके से जीने के लिए **इलियाना डिक्रूज** किसी की मोहताज नहीं, वह बस जब भी दुनिया की आपाधापी से उकता जाती है तो खुद से कहती है, इलियाना, अब बहुत हुआ, तू जी ले अपनी जिंदगी। और फिर वे कहीं दूर जाकर नेचर की गोद में सब भूलकर खो जाती है। पिछले दिनों इलियाना ने एक बहुत ही आकर्षक और मन मोहने वाली वीडियो शेयर किया, जिसमें वो पानी के साथ जी भर कर खेलती हुई दिख रही है। जल विहार करते हुए उनकी पेडल्लिंग वाली वीडियो इलियाना के फैंस को जीवन की टेंशन और झंझटों से कुछ समय के लिए मुक्ति पाने का लेसन भी दे रही है।

इस प्रेरणादायक वीडियो को इलियाना ने नाम दिया, 'मैं दुनिया की भागदौड़ और जिम्मेदारियों से भाग रही हूं, बाय', पिछले दिनों उन्होंने अपनी कुछ क्यूट बचपन की तस्वीरें भी शेयर की थी। जल्द ही वे अजय देवगन की प्रोडक्शन फिल्म **'द बिग बुल'** में नजर आने वाली है। खबरें उड़ रही है कि यह फिल्म 1992 की सबसे बड़ी सिक्योरिटी स्कैम पर आधारित है।

यह लेख दिनांक 12–10–1995 मायापुरी के पुराने अंक 1100 से लिया गया है

उन्हें आज भी मेरी फिल्मों का इंतजार है... चंकी पांडे

—मायापुरी प्रतिनिधि

फिल्मीस्तान में लगे नरेश मल्होत्रा के सैट पर गोविन्दा, फरहा, राहुल राय, परेश रावल, सईद जाफरी और दिलीप ताहिल के साथ चंकी पांडे थे। लेकिन निर्माता विजय गलानी की अनाम फिल्म में चंकी पांडे काम नहीं कर रहे थे। वो सैट पर शायद गोविन्दा से मिलने आए थे। बढ़ी हुई दाढ़ी और टेंशन वाले मूड को देखकर मैंने ऐसा सोचा कि वो ही चंकी है। जिन्होंने कभी इतिहास बनाने के लिए इंडस्ट्री में कदम रखा था। लेकिन चंकी ने हमेशा अपने कैरियर से ज्यादा दूसरों की बुराई करने सें विश्वास रखा और बुराई से ज्यादा दूसरो का मजाक करने में विश्वास रखा। ठीक उसी तरह जिस तरह शत्रुघ्न सिन्हा करते आये हैं। कहते हैं इंडस्ट्री में बड़बोलो के लिए कोई जगह नहीं छोड़ता है। फिर चंकी ने अपने कैरियर के लिए कभी मेहनत नहीं की उनके सामने ही, आमिर खान, सैफ अली खान, शाहरुख खान आ गए, अक्षय कुमार और सुनील शेट्टी कहां से कहां पहुँच गए और चंकी पांडे को एक तरफ कर दिया गया।

मायापुरी के लिए जब मैंने चंकी पांडे का इंटरव्यू किया। तो चंकी में मैंने कोई बदलाव नहीं पाया। चंकी पांडे ने मुझसे कहा। पत्रकार मेरे बारे में कुछ भी लिखे और लोग मेरे बारे में कुछ भी कहे, लेकिन जहां तक दर्शकों का सवाल है, उन्हें आज भी चंकी पांडे की फिल्म का इंतजार है आज मैं इस मोड़ पर खड़ा हूँ जहाँ लोगों को मुझसे हद से ज्यादा उम्मीद है और ये सच है कि मेरे पास आज बहुत सारी अच्छी फिल्में हैं, इसमें से पहलाज निहलानी, विनय सिन्हा और एक सन्नी देओल के साथ है। मुझे यकीन है 1996 मेरे लिए बहुत अच्छा होगा। मुझे अच्छी फिल्म करनी है, मुझे औरों की तरह 30, 40 फिल्में नहीं करनी है। 10

Happy Birthday

तेजाब

आँखें

लव लेटर

मिट्टी और सोना

नसीब वाला

बुरी फिल्में करने से अच्छा है कि मैं एक शो कर लूं। वैसे भी मैं साल में 4 फिल्में ही करना चाहता हूँ। अच्छी फिल्में करने के चक्कर में मैं इतने दिन खामोश बैठा रहा और लोगों ने कहा कि मेरे पास काम नहीं है। लोग मेरे बारे में कुछ भी कहें, लेकिन ये सच है कि चंकी पांडे एक अच्छा एक्टर है।

☐ "क्या आप इस बात को साबित कर सकते है कि चंकी पांडे एक अच्छा एक्टर है?"

जी हां, बिल्कुल कर सकता हूँ, मैंने पहले 'तेजाब' और 'आँखें' जैसी फिल्म की है। "लेकिन 'तेजाब' और 'आँखें' में तो अनिल... कपूर और गोविन्दा को क्रेडिट जाता है।

यही तो बात है। चंकी पांडे दूसरे हीरो के लिए बहुत लक्की साबित हुआ है। लेकिन खुद के लिए कब लक्की साबित होऊंगा।

☐ लेकिन फिल्म "लव लेटर' में आपके साथ विवेक मुशरान था। आप उसके लिए लक्की साबित नहीं हुए?

"ये एक ऐसी फिल्म है, जिसे पहलाज निहलानी और चंकी पांडे भुला देना चाहते हैं। और अब मैं एक ऐसी फिल्म करना चाहता हूँ, जिसमें मैं अकेला हीरो हूँ। तो उससे पता चलेगा कि मैं कहां खड़ा हूँ।

☐ "असल में आप किस तरह की भूमिका करना चाहते हैं?"

विश्वात्मा

"मैं लाइट भूमिकाएं करना चाहता हूं, क्योंकि लोगों ने मुझे इन भूमिकाओं में पसंद किया है। यदि देखा जाए लो कॉमेडी करना आसान काम नहीं है, इसके लिए 'टाइम सैंस' का होना जरूरी है जो सिर्फ चंकी पांडे के पास है बेशक मैं "नेगेटिव" भूमिका भी करना चाहूँगा। लेकिन इसलिए नहीं कि शाहरुख खान ने नेगेटिव भूमिका की और कामयाब रहा। बल्कि इसलिए कि मैं अपनी इमेज बदलना चाहता हूँ।

☐ "क्या वजह रही कि आपको पहलाज निहलानी के अलावा किसी निर्माता ने रिपीट नहीं किया। राजीव राय ने

साहो

प्रस्थानम


बेगम जान

जवानी जानेमन

हाऊसफुल 4

अभय

भी नहीं किया?"

"मैं ये सोचकर दुखी होना नहीं चाहता कि किसी निर्माता ने मुझे रिपीट क्यों नहीं किया, ये उनकी अपनी वजह रही होगी। जहां तक राजीव राय का सवाल है तो "विश्वात्मा" करते समय बहुत सारी "प्रॉब्लम" आयी जैसे कि मेरे हाथ में "फ्रेक्चर" हो गया । सन्नी को बैक पेन हुआ, किरण कुमार को "टाइफाइड" हो गया और मैं तीन बार सैट पर "लेट" आया । "लेट" आने की मेरी ठोस वजह थी जो मैंने राजीव को बताई थी, लेकिन मुझे राजीव पर पूरा यकीन है कि उसकी फिल्म में मेरे लायक जब भी कोई अच्छा रोल निकलेगा तो वो मुझे जरूर साइन करेगा। मैं औरों की बात नहीं जानता।

मुझे अपने चाहने वालों पर पूरा यकीन है, इतने दिन का जो अंतराल आया, उससे लोग मुझे भूले नहीं है। संजय दत्त साल भर से जेल में है, क्या लोग उसे भूल गए हैं। मुझे फैनमेल रोज आ रही है।"

☐ "बीच में आपकी शादी की खबर फैली थी, क्या ये सच है?"

"ये खबर सच नहीं है, लेकिन ये सच है कि मेरी प्रेमिका अनु मेरे साथ है मेरे साथ रह रही है, मेरे मां–बाप उसे अपनी बहू

चंकी पांडे और शरद पांडे

की तरह मानते है।"

☐ "आप इतने ज्यादा बड़बोले क्यों हैं? क्या आपको कभी इस बात का अहसास नहीं होता कि आपकी बातों से किसी के दिल को ठेस पहुंचती है?"

"चंकी पांडे हमेशा सच बोलता है और सच कड़वा होता है।"

☐ "पिछले दिनों खबर थी कि आपने अंग्रेजी फिल्म की?"

"मेरे दोस्त आर्ट फिल्म कर रहे है और मैं अंग्रेजी फिल्म कर रहा हूँ। मैं बहुत अच्छा एक्टर हूं जो भारत को "रिप्रेजेन्ट" कर रहा है।

शान्तिस्वरुप त्रिपाठी

दीपिका पादुकोण: ड्रग्स का सेवन करती थीं अथवा उनकी अपनी गलतियों के चलते उन्हें फंसाया जा रहा है?

सुशांत सिंह राजपूत की मौत का रहस्य उजागर करने में लगी सीबीआई, ईडी और नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की जांच कई नाटकीय मोड़ लेती जा रही है। वास्तव में सीबीआई के अलावा 'ईडी' ने सुशांत सिंह राजपूत की मौत के मसले पर धन के लेन देन की जांच करते हुए पाया कि ड्रग्स का एंगल भी इसमें जुड़ा है. तब ''नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो''यानी कि एनसीबी भी मैदान में उतर पड़ा. एनसीबी ने ड्रग्स को लेकर जांच शुरू करते हुए सुशांत सिंह के घर के चारो नौकर, सिद्धार्थ पिठानी, रिया चक्रवर्ती,उनके भाई शौविक आदि से पूछताछ कर कुछ ड्रग्स पैडलरों की गिरफ्तारी भी की. अब तो रिया चक्रवर्ती और उनके भाई शौविक सहित दस लोग न्यायिक हिरासत में हैं।

सूत्रों के अनुसार रिया चक्रवर्ती से पूछताछ के दौरान 'नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो 'के सामने सारा अली खान, रकूल प्रीत सिंह, सिमोन खंबाटा सहित 25 फिल्मी हस्तियों के नाम सामने आए। सुशांत सिंह राजपूत की मैनेजर श्रुति मोदी से जब नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो ने पूछताछ की, तो 'क्वॉन' कंपनी से जुड़ी जया साहा का नाम सामने आया और जया साहा से नारकोटिक्स ब्यूरो ने इस तरह पूछताछ की, कि दीपिका पादुकोण व 'क्वान' की ही करिश्मा प्रकाश सहित कई बड़ी हस्तियों के नाम सामने आ गए। वास्तव में 'क्वान' से जुड़ी हुई करिश्मा प्रकाश, दीपिका पादुकोण की बिजनेस मैनेजर हैं। अब नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो इन सभी को पूछताछ के लिए सम्मन भेज रही है।

दीपिका पादुकोण को पहले 25 सितंबर को पूछताछ के लिए बुलाया गया था। इस पर दीपिका पादुकोण ने 'नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो' को उनके सम्मन का जवाब तो भेजा, इसी के साथ वह गुरूवार की रात गोवा में फिल्म की शूटिंग छोड़कर मुंबई पहुंच गयी। दीपिका को गोवा से लेने के लिए खुद उनके पति रणवीर सिंह गए थे और वह दीपिका के साथ ही लौटे। पर दीपिका पादुकोण की तरफ से मिले जवाब के बाद ''नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो''ने दीपिका पादुकोण को पूछताछ के लिए अब 26 सितंबर को बुलाया है। सूत्रों की माने तो इस तरह की पूछताछ के दौरान आरोपी के साथ उनसे जुड़ा या करीबी इंसान साथ में नहीं रह सकता। **इस सच को जानते हुए भी रणवीर सिंह ने 'नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो से निवेदन किया है कि उन्हे दीपिका के साथ 'एनसीबी' के दफ्तर तक आने दिया जाए। रणवीर ने कहा है कि वह कानून का पालन करने वाले नागरिक हैं और वह जानते हैं कि दीपिका से पूछताछ के समय वह उपस्थित नहीं रह सकते.फिर भी वह चाहते है कि उन्हे दीपिका के साथ 'एनसीबी' कार्यालय के अंदर जाने दिया जाए।हालांकि 'नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो 'ने इस पर कोई जवाब नहीं दिया है।**

दीपिका पादुकोण का नाम सामने आने के साथ ही अब पंजाब के एमएलए मनजिंदर सिंह सिरसा भी करण जोहर के घर पर हुई 2019 की पार्टी का वीडियो लेकर 'एनसीबी' के दफ्तर पहुंच कर जांच की मांग कर दी है।

देखिए, ड्रग्स का सेवन,बिक्री करना व खरीदना सबसे बड़ा जुर्म है।इसके खिलाफ आवाज उठानी चाहिए। ड्रग्स माफिया का खात्मा होना चाहिए। ड्रग्स जैसे अपराध के लिए सभी को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। इसकी जांच की मांग करना भी गलत नही है। पर जिस तरह की टीवी चैनलों पर बयानबाजी हो रही है, उसे भी पूर्णतः सही भी नही ठहराया जा सकता। इस वक्त हर किसी को चाहिए कि 'नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो' को इमानादरी से, बिना किसी भी प्रकार के दबाव में आए काम करने दिया जाना चाहिए। **यहां पर हमें भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा का एक टीवी चैनलों पर दिए गए बयान पर भी गौर करना चाहिए कि अभी जांच एजंसी ने किसी को भी अपराधी घोषित नहीं किया है। मगर जॉच एजेंसी के सामने जो भी व्हाट्सअप चैट सामने आए हैं, उनको लेकर वह पूछताछ कर रही है और हर कलाकार को स्वयं इस पर अपनी बात कहनी चाहिए।**

जी हां!अभी सारा अली खान, रकूल प्रीत सिंह या दीपिका पादुकोण को ''नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो' ने अपराधी नहीं बताया है। इन्हे 2017 व 2018 की व्हाट्सअप चैट के संदर्भ में महज पूछताछ के लिए बुलाया गया है। किसी को भी अपराधी नही ठहराया गया है। मगर कुछ लोग खुलेआम टीवी चैनलों पर आकर इन कलाकारों के साथ ही पूरे बॉलीवुड को अपराधी करार देने पर तुले हुए हैं। यह सभी दावा कर रहे हैं कि बॉलीवुड के नब्बे प्रतिशत लोग ड्रग्स से जुड़े हुए हैं। जब इन्हे यह बात पता थी,तो अब तक यह सभी चुप क्यों थे? वैसे इस बात से इंकार नहीं किया जा सकता कि बॉलीवुड में हर खुशी के मौके पर जश्न की पार्टी में शराब जमकर परोसी जाती है। और यह आज से नही बल्कि कई दशकों से होता आया है। ऐसे में जांच एजंसी की तरफ से किसी निर्णय पर पहुंचने तक हर किसी को जांच एजेंसी के साथ सहयोग का रवैया अपनाना चाहिए।

जहां तक दीपिका पादुकोण का सवाल है,तो दीपिका पादुकोण ड्रग्स लेती हैं या लेती थीं, इस सच तो उनसे बेहतर कौन जान सकता है। इसलिए उन्हें 'नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरों के समक्ष सारा सच उजागर करना ही चाहिए।पर जिस तरह की खबरें मिल रही है,उसके अनुसार दीपिका पादुकोण का दावा है कि उन्हे उनकी मैनेजर करिश्मा प्रकाश, जया साहा व 'क्वॉन'कंपनी ने फंसाया है। अब यह सच तो यही लोग बता सकते हैं। यदि ऐसा है,तो भी इसमें दीपिका पादुकोण की ही गलती है।दीपिका पादुकोण की गलती यह है कि वह अपने बिजनेस मैनेजर व पी आर कंपनी पर आंख मूंदकर यकीन कर उनके इशारों पर नाचती क्यों रहीं। बतौर फिल्म पत्रकार हमने स्वयं देखा है कि प्रेस कॉंफ्रेंस ही नहीं बल्कि पत्रकार को इंटरव्यू देते समय भी यह कलाकार अपने मोबाइल फोन अपने 'पी आर' अथवा 'बिजनेस मैनेजर' को पकड़ा देते हैं। हमने तमाम कलाकारों को अपने पी आर और बिजनेस मैनेजर के सामने नतमस्तक होते हुए भी देखा है। कई बार कलाकार को पत्रकारों से दूरी बनाने के लिए भी अपने पीआर या बिजनेस मैनेजर के कंधे पर बंदूक रखकर चलाते देखा गया है। जबकि हर कलाकार चाहे तो हर पत्रकार के बारे में जानकारी रखते हुए उनके संपर्क में रहकर ज्यादा अच्छे ढंग से अपना प्रचार कर सकता है। पर यह ऐसा नही करते। जबकि बीस साल पहले ऐसा नही था। तब कलाकार के पास बिजनेस मैनेजर व पीआर की लंबी चौड़ी फौज नही हुआ करती थी।कई पत्रकार दोस्त बताते हैं कि उसने 'फला' कलाकार को एसएमएस या व्हाट्सअप संदेश भेजा था इंटरव्यू के लिए,तो उसने जवाब भेज दिया कि उनके पीआर से बात की जाए। आखिर एक कलाकार अपने पी आर या बिजनेस मैनेजर पर इतना निर्भर कैसे हो सकता है? उसका अपना विवेक कहां रहता है? बहरहाल,अब जो कुछ सामने आ रहा है,शायद उससे हर कलाकार कुछ सबक सीखेगा।

आज हमें यह सब लिखने की जरुरत इसलिए महसूस हुई, क्योंकि एक वेब पोर्टल को सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार दीपिका पादुकोण ड्रग्स कांड के लिए करिश्मा प्रकाश को दोषी ठहराने के साथ ही अब वह दावा कर रही हैं कि उन्हे 'क्वॉन' कंपनी के साथ काम करने का पछतावा है। दीपिका से जुड़े सूत्रों की माने तो अब दीपिका को अहसास हो रहा है कि करिश्मा प्रकाश के साथ उनके मोबाइल चैट जानबूझकर संग्रहित किए गए थे। बाद में करिश्मा ने अपनी सहकर्मी जया साहा के साथ यह चैट शेयर किए, जिनको लेकर 'नारकोटिक्स सेंट्रल ब्यूरो'जांच कर रहा है। उधर अभिनेत्री की कानूनी टीम का कहना है कि दीपिका को याद नहीं है कि उनके मोबाइल फोन से प्रतिबंधित पदार्थों के बारे में इस तरह की चर्चा हुई थी, क्योंकि वह कभी इस तरह की बातचीत का हिस्सा ही नही रही। अभिनेत्री ने यह भी दावा किया कि उन्हें पता नहीं है कि उनके मोबाइल स्क्रीनशॉट क्यों रखे गए थे।

सूत्रों की माने तो दीपिका ने अपने वकीलों के माध्यम से यह भी दावा किया है कि वह जया साहा को अच्छी तरह से नहीं जानती हैं और क्वॉन टैलेंट एजेंसी के साथ जुड़े रहना उनकी सबसे बड़ी गलती थी। अभिनेत्री ने आरोप लगाया है कि कंपनी के कर्मचारी सेलिब्रिटीज के निजी पलों का गलत इरादों के साथ उपयोग कर रहे हैं।

अब सच क्या है? इसका पता तो तब पता चलेगा जब ड्रग्स मामले की जांच कर रहा ''नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो'' अपने किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचेगा। तब तक हमें इंतजार करना ही होगा।

वैसे मशहूर अंतरराष्ट्रीय स्तर के बैडमिंटन खिलाड़ी प्रकाश पादुकोण की बेटी दीपिका पादुकोण न सिर्फ उत्कृष्ट अदाकारा हैं, बल्कि एक बेहतरीन बैडमिंटन खिलाड़ी भी हैं। उन्होने 14 नवंबर 2018 को अभिनेता रणवीर सिंह के साथ विवाह रचाया था।

• • •



'एक नये रूप की प्रतिभा'

आशा पारेख

–अरूण कुमार शास्त्री

यह लेख दिनांक 8-1-1978 मायापुरी के पुराने अंक 173 से लिया गया है!

हर मनुष्य के हृदय में रोमांस के निर्मल स्त्रोत बहा करते हैं, और वह उसमें डूब कर अपने थके मन और तन की प्यास बुझाता है, जीवन शायद अधूरा होता अगर इसमें रोमांस का गहरा नशा नहीं होता, रोमांस की दुनिया हमारी दुनिया से ज्यादा मुलायम होती है, जहां आठों पहर आदमी एक नर्म जमीन पर सफर करता महसूस करता है, यों आज की फिल्मों में रोमांस के लिए कोई विशेष स्थान नहीं फिर भी यह कोई नहीं कह सकता कि रोमांस का अस्तित्व ही समाप्त हो गया, जिस वक्त फिल्मों से रोमांस की धारा का स्त्रोत सूख जायेगा उस दिन शायद फिल्में प्राणहीन हो जायेंगी और उनका अस्तित्व ही खत्म हो जायेगा, आज चाहे मारधाड़ की फिल्मों का प्रचलन कितना ही तेज हो गया हो,

लेकिन इन फिल्मों में भी **हेमा मालिनी**, **परवीन बॉबी** और **जीनत अमान** की इसीलिए जरूरत महसूस होती है, क्योंकि दर्शकों को सिर्फ एक्शन के दृश्यों से बांध कर नहीं रखा जा सकता, हालांकि फिल्म में रोमांटिक दृश्यों की योजना के बिना फिल्म अधूरी होती है!

60 से 70 तक हिंदी फिल्मों की दुनिया में रोमांस के जिस स्त्रोत का विकास हुआ था, उसके विकास में अभिनेत्री **आशा पारेख** की चर्चा जरूरी है, और आशा पारेख की चर्चा के बिना हिंदी की रोमांटिक फिल्मों का इतिहास ही अधूरा रह जायेगा,

सही तौर पर **"दिल देके देखो"** में शम्मी कपूर के साथ आशा पारेख की अभिनय–यात्रा शुरू होती है, इस फिल्म में एक मोहक नायिका के नशीले अंदाज से दर्शकों को परिचय मिलता है, बड़ी–बड़ी आंखें, मासूमियत में डूबा चेहरा, भोली आवाज और मदभरी चाल के साथ दर्शकों के दिलों में **आशा पारेख** को उतरते जरा भी देर नहीं लगी और यही कारण है, कि उनकी प्रायः हर फिल्म को भरपूर अधिक सफलता प्राप्त हुई. आशा पारेख की उल्लेखनीय फिल्मों में कुछ प्रमुख नाम हैं **'दिल देके देखो'**,**'घूंघट'**, **'छाया'**, **'जब प्यार किसी से होता है'**,**'फिर वही दिल लाया**

हूं', 'तीसरी मंजिल','दो बदन', मेरी सूरत तेरी आँखे, 'जिद्दी','लव इन टोक्यो' ,'नादान' ,'आन मिलो सजना','आया सावन झूमके' ,'महल','कटी पतंग','मेरा गांव मेरा देश', 'हीरा' और 'उधार का सिंदूर' आशा पारेख को बतौर अभिनेत्री नूतन और वहीदा रहमान की तरह संवेदनशील फिल्में नहीं मिली और उनको फिल्मों का कोई स्थायी प्रभाव नहीं पड़ा. लेकिन तात्कालिक तौर पर आशा पारिख ने अपनी फिल्मों के द्वारा अपनी रोमांटिक इमेज का जो सिक्का जमाया वह किसी भी दूसरी अभिनेत्री के लिए संभव नहीं हो सका यह आशा पारेख की बहुत बड़ी उपलब्धि कही जा सकती है.

'घूंघट','छाया' तथा "जब प्यार किसी से होता है' जैसी ब्लैक एंड व्हाइट फिल्मों में आशा पारेख की शोख अदाएं खूब उभरी, आशा की इन फिल्मों के दीवाने दर्शकों का हाल ही कुछ अजीब होता था. वह अपनी हर फिल्म में नर्तकी के तौर पर भी सामने आई,

आशा के पांवों में घुंघरूओं को छमछमाहट का जादू आज भी बाकायदा कायम है, जब भी पर्दे पर आशा पारेख अपने नायक के साथ रोमांटिक दृश्यों में आई, उन्होंने गजब ढा दिया, उनकी हर अदा में मस्ती का नशा था, उनके हर झटके के साथ दर्शकों का दिल बैठता था,

उनकी हर मुस्कुराहट पर लोग आहें भरते और मासूमियत ऐसी कि आदमी कहीं का नहीं ही रह पाता. शायद ही

किसी अभिनेत्री ने अपने दर्शकों को अपने रोमांटिक अंदाज से इस हद तक मोहित किया हो, आशा पारेख इस रूप में अपवाद ही कही जा सकती हैं,

ब्लैक एंड व्हाइट फिल्मों के बाद जब रंगीन फिल्मों का दौर शुरू हुआ, तो इन रंगों में आशा पारेख का रूप कुछ निखर कर सामने आया **"यादों की बारात"** से पहले तक **आशा पारेख नासिर हुसैन** की हर फिल्म में नायिका रही हैं, और नासिर हुसैन की फिल्मों से अगर आशा पारेख को अलग कर दिया जाये तो शायद सभी फिल्में अधूरी ही रहेंगी, नासिर हुसैन ने अपनी फिल्मों में शुद्ध रूप में रोमांस की धारा बहाई है ,और रोमांस की उस धारा में डूबी आशा पारेख को दर्शकों ने अपने दिलों में बसाया, नासिर हुसैन की हर फिल्म हिट होती रही और हर फिल्म में आशा पारेख की मोहकता का नया रंग दिखाई पड़ता, आशा पारेख की समकालीन जितनी भी अभिनेत्रियां रही हैं उनकी फिल्मों को वह सफलता नहीं मिली जो आशा की फिल्मों को मिली, अगर गौर से देखा जाए तो उन फिल्मों की सफलता में उस फिल्म के गीत–संगीत की अहम् भूमिका मानी जायेगी, यह आशा पारेख के साथ अच्छा संयोग बैठा कि उनकी हर फिल्म का संगीत सुपर हिट हुआ और इसलिए आशा

पारेख का व्यक्तित्व भी गीत–संगीत के रूप में ही घुलकर उतरा, बल्कि कभी–कभी तो लगता है, कि अगर उन चित्रों में आशा पारेख की भगिमाओं का योग नहीं हो तो वे अपना संपूर्ण प्रभाव छोड़ने में पूरी तरह सफल नहीं हो पायेंगे!

आज एक रस्म चल पड़ी है, कि अमुक अभिनेत्री की फिल्म किसी अमुक हीरो के साथ ही चल सकती है, और इसीलिए निर्माता–निर्देशक एक बैतुके गठबंधन के चक्कर में पड़े हैं, लेकिन आशा पारेख ने अपनी फिल्मों में इन सीमाओं का हमेशा ही अतिक्रमण किया, **देव आनंद, सुनील दत्त, शम्मी कपूर, मनोज कुमार, राजेश खन्ना, जॉय मुखर्जी, धर्मेन्द्र, नवीन निश्चल और जितेन्द्र** जैसे प्रायः सभी नायकों के साथ आशा पारेख की फिल्मों ने सिल्वर जुबली मनायी है, आज नायिकाओं की अपनी पसंद होती है, और किसी भी नवोदित अभिनेता के साथ काम करने में उन्हें कठिनाई महसूस होती है, आशा पारेख अपने फिल्म करियर में हमेशा ही इन उलझनों से दूर रही और उन्होंने निष्पक्ष तरीके से सिर्फ अपने काम में ही दिलचस्पी ली. आशा पारेख से इसीलिए किसी निर्माता ने कोई शिकायत की हो यह सुनने में कभी नहीं आया, फिल्मी दुनिया का ग्लैमर किसी अभिनेता अथवा अभिनेत्री को अपने मायाजाल में इस तरह जकड़ लेता है, कि वह अपने नायित्व बोध को ही भूल जाता है, वह यह भूल जाता है कि जिस समाज में वह रहता है, उसके प्रति भी उसका कोई कर्तव्य है, लेकिन आशा पारेख इन मामलों में दूसरों से भिन्न व्यक्तित्व रखती हैं सामाजिक कार्यों में आशा पारेख की दिलचस्पी के बारे में सभी जानते हैं, सांताक्रुज (पश्चिम) में एक अस्पताल अपनी आर्थिक सहायता द्वारा उसे जो विकास दिया है, उसे भूल पाना इस उपनगर के निवासियों के लिए कभी संभव नहीं!

इसके साथ ही फिल्मों में ख्याति प्राप्त करने के बाद भी आशा पारेख का रंगमंच के साथ जो उत्साह है, उसका परिचय हमें अक्सर मिलता रहता है. **योगेन्द्र देसाई** के साथ उनका गीति–नाट्य **"अनारकली"** को न केवल मुंबई बल्कि विदेशों के रंगमंच पर भी अपूर्व ख्याति मिली है, इसीलिए यह दोहराने की जरुरत नहीं कि आशा पारेख एक कुशल नर्तकी भी हैं, और उन्होंने अपनी नृत्यकला का परिचय न सिर्फ फिल्मों में बल्कि रंगमंच पर भी अभूतपूर्व ढंग से दिया है, इस सामाजिक दायित्व के बोध को बहुत कम आभनेत्रियां महसूस करती हैं, लेकिन आशा पारेख इस मामले में दूसरों से अलग हैं!

आशा पारेख की फिल्मों में जहां हमें रोमांटिक अभिनय का चरम विकास मिलता है, वहां हम यह पाते हैं कि संवेदनशील फिल्मों से उनकी दूरी हमेशा कायम रही. यह बात नहीं कि उनमें **नूतन** और **वहीदा** जैसी संवेदनशील अभिनेत्री के बीज मौजूद नहीं थे, **'उपकार'**,**'दो बदन'** और **'कटी पतंग'** जैसी फिल्मों के द्वारा आशा पारेख ने गंभीर अभिनय की बानगी भी पेश की लेकिन निर्माताओं ने शायद फिल्मी बाग की मचलती तितली को इसके लिए अनुपयुक्त समझा,

किन्तु **राज खोसला** कृत **'मैं तुलसी तेरे आंगन की'** में आशा पारेख नए सिरे से अपने गंभीर अभिनय की यात्रा शुरु कर रही हैं, अब तक दर्शकों ने उन्हें ग्लैमर की तस्वीर के रूप में जाना–पहचाना है, लेकिन इस फिल्म के साथ ही आशा पारेख के भीतर छिपी एक नवोदित प्रतिभा का परिचय मिलेगा, आशा पारेख के नवोदित रूप को भी दर्शक पसंद करेंगे! **इसमें कोई शक नहीं**!

मेरा गाँव मेरा देश

तीसरी मंजिल

लव इन टोक्यो

मेरे सनम

मैं तुलसी तेरे आँगन की

महल

कालिया

घूंघट

उपकार

छाया

घराना

राखी और हथकड़ी

जख्मी

एकल अभियान, बनबंधु परिषद द्वारा संगीतमय संध्या 'सुनहरे स्वर' का आयोजन!

एकल अभियान, बनबंधु परिशद के अंर्तगत **'सुनहरे सुर' एक शाम ग्रामिण बच्चों के नाम**, संगितमय कार्यक्रम का आयोजन वनबंधु परिषद की वेबसाईट www.ftsindia.com/fts2020 पर live 19 सितम्बर 2020 को शाम 7 बजे से किया गया। इसमें ख्याति प्राप्त गायिका **सुश्री संजीवनी भिलान्दे** और उनके 3 सह गायकों **श्री संजय सावंत, सर्वेश मिश्रा, प्रशांत नसेरी** द्वारा हिन्दी सनेमा के सुन्हरे समय के गीतों की संगीतमय प्रस्तुति कि गई। वनबंधु परिषद की वेबसाइट पर हुए इस आनलाइन कॉन्सर्ट में संजीवनी जी के साथ 30 संगीतकारों के एक विशाल ऑर्किस्ट्रा ने भी परफॉर्म किया! यह लॉकडाउन के समय का सबसे बडा लाइव ऑर्किस्ट्रा प्रर्दशन था।

इस कार्यक्रम को भारत वर्ष में ही नहीं बल्कि विदेशों में भी वनबंधु परिशद की वेबसईट और YouTube पर लोगों ने देखा और कार्यक्रम की सराहना की। वर्तमान परिस्थितियों में इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लोगों को एकल अभियान के प्रति जागरूक करना तथा ग्रामिणों की सहायता करना था। इस कार्यक्रम को फिल्म अभिनेता श्री **विवेक ओबेरॉय** द्वारा प्रमोट किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य Sponsor Kotak Mahindra bank थे। इसके अलावे देश की अन्य जानी मानी संस्थाओं जैसे Century Ply (I) ltd., Amul Macho, Anmol Biscuits, Lux Cozi, Skipper Limitd, Prism Jewellery, Saraogi Udyog, Tania Industries, Sage University, R.R.Global, और Anand Rathi Group ने भी कार्यक्रम को Sponsor किया। इस कार्यक्रम के दौरान देश और विदेश से लोगों ने एकल विद्यालय के लिए online दान दिया। कुछ लोगों ने संस्था को आस्वासन भी दिया है कि भविष्य में वे इस राष्ट्र निमार्ण के कार्य में अपना सहयोग देगें।

वनबंधु परिशद देश की एक सबसे बडी सामाजिक संस्था है जो विगत 31 वर्षों से आदिवासी समाज के सर्वांगिर्ण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। पुरे देश में संस्था के 34 चैप्टर है और एकल अभियान द्वारा वर्तमान में **एक लाख** से अधिक एकल विद्यालयों का संचालन पूरे भारत वर्ष में किया जा रहा है जिसमें करीब 28 लाख बच्चे प्राथमिक शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं।

सलमान खान 3 अक्टूबर 2020 को बिग बॉस 14 में सुपर होस्ट के रूप में आएंगे नजर

—ज्योति वेंकटेश

यह सबसे चुनौतीपूर्ण वर्ष के रूप में बदल जाएगा जब चुनौती दी जाएगी। लॉकडाउन में फंसे, नीरस और ऊब की जंजीरों में जकड़ा हुआ, यह साल 2020, एक साल हो गया है जिसने हमारी सबसे अच्छी योजनाओं की पूरी तरह से बर्बाद कर दिया है! लेकिन अब सबसे शानदार तरीके से मनोरंजन और उत्सव का एक सुपरस्टॉर्म प्राप्त करने का समय है! अब पलटेगा सीन क्योंकि 2020 को मिलेगा जवाब बिग बॉस के साथ। देश के सबसे प्रिय सुपरस्टार सलमान खान आपकी टेलीविजन स्क्रीन पर वापसी करेंगे, वर्ष के सबसे प्रत्याशित शो की मेजबानी करेंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि दर्शकों को अब मनोरंजन के लिए भूखा नहीं रहना पड़ेगा! सामान्य जीवन जीना गृहिणियों का एक ऑल–सेलेब लाइन–अप होगा, जो अपनी दौड़ में भावनाओं और नाटक के दौर से गुजरेंगे। और ठीक है जब हर कोई पहले 14 दिनों में व्यवस्थित महसूस करेगा, तो एक ऐसा मोड़ आएगा जो पूरे खेल को बदल देगा। एंडेमोल शाइन इंडिया द्वारा निर्मित, इस शो का प्रीमियर 3 अक्टूबर को रात 9 बजे केवल कलर्स पर होगा और वूट सेलेक्ट पर स्ट्रीम किया जाएगा।

हिंदी मास एंटरटेनमेंट और किड्स टीवी नेटवर्क, वायाकॉम 18 की हेड नीना एलाविया जयपुरिया ने कहा, "कलर्स पर हमारा प्रयास हमेशा हमारे दर्शकों को निर्बाध मनोरंजन के साथ प्रदान करता रहा है– ताजा और रोमांचक कंटेंट और बिग बॉस साल दर साल इस उद्देश्य के लिए एक वसीयतनामा रहा है। पिछले 6 महीने अभूतपूर्व रहे हैं और यह अप्रत्याशित चुनौतियों और बदलावों के साथ आया है। 'अब पल्टेगा सीन, क्योंकि बिग बॉस देगा 2020 को जावब' के साथ इस सीजन के लिए थीम के रूप में, हमारा उद्देश्य उत्साह को बढ़ाने और दर्शकों को उनकी चिंताओं को भूलना और उनके सामान्य जीवन की याद दिलाना है। अनुभव में इजाफा करते हुए, बिग बॉस के प्रशंसकों को हमारी प्रीमियम वीडियो–ऑन–डिमांड सेवा वूट सिलेक्ट पर टेलीविजन से पहले एपिसोड देखने के साथ–साथ घर में 24 घंटे की एक्सक्लूसिव एक्सेस प्राप्त होगी।

तो, क्या वास्तव में इस साल 'अब पल्टेगा सीन'? अनिश्चितता और अस्पष्टता के साथ, 2020 एक आसान सवारी नहीं है, वर्ष जिसने हमारे जीवन का नेतृत्व करने के तरीके को बदल दिया। जबकि हम में से अधिकांश छह महीने से अधिक समय तक अपने घरों तक ही सीमित रहे हैं, खरीदारी, फिल्में और सैलून अब एक दूर के सपने की तरह लग रहे हैं। इसलिए, इस साल, बिग बॉस 14 में अलग–अलग क्षेत्रों की हस्तियों को एक छत के नीचे एक साथ आने और अपने 'एक जमाने में' सामान्य जीवन जीने का मौका मिलेगा। अपनी तरह के पहले जोड़ में, बिग बॉस 14 एक सैलून और स्पा, एक मूवी थियेटर, की विलासिता का परिचय देता है, और एक दूसरे के खिलाफ प्रतिस्पर्धा करने के लिए कुछ रोमांचकारी और मस्ती भरे कार्यों के साथ प्रतियोगियों के लिए एक शॉपिंग मॉल भी हैं। लेकिन यह सब उनके लिए आसान नहीं होगा उन्हें इसे अर्जित करना होगा। रोमांच में इजाफा करते हुए, कुछ सबसे पसंदीदा पूर्व प्रतियोगी– सिद्धार्थ शुक्ला, गौहर खान और हिना खान भी इस सीजन को मनोरंजन का प्रतीक बनाने वाले प्रतियोगियों के लिए आश्चर्य की एक सीरीज लाएंगे। क्या वे घर में प्रवेश करेंगे? वे गृहणियों के जीवन को कैसे प्रभावित करेंगे? यह तो केवल टाइम ही बताएगा।

हिंदी मास एंटरटेनमेंट, वायाकॉम 18, की चीफ कंटेंट ऑफिसर मनीषा शर्मा ने कहा, "यह बिग बॉस का एक अनोखा सीजन है– महामारी ने हमारे

दैनिक जीवन को अस्त–व्यस्त कर दिया है और बिग बॉस के साथ हम अपने उपभोक्ताओं के जीवन में कुछ सामान्य होने की भावना को वापस लाने का प्रयास करते हैं, 'अब सीन पलटेगा' को सही मायने में पूरा करने के लिए। बिग बॉस के प्रत्येक सीजन के साथ, हमने अपने दर्शकों के लिए इसे और अधिक आकर्षक और मनोरंजक बनाने के लिए नए और नए तत्वों और विषयों को पेश किया है और इस वर्ष कोई अपवाद नहीं है। बिग बॉस का घर एक सामान्य परिदृश्य को फिर से परिभाषित करेगा जिसे हम सभी एक सैलून और स्पा, मूवी थियेटर और प्रतियोगियों के लिए शॉपिंग मॉल की सुविधाओं के समावेश के साथ मिस कर रहे हैं। हमने पिछले सीजन में सभी व्यूअरशिप रिकॉर्ड तोड़ दिए। इसलिए आगे देखने के लिए बहुत कुछ है। इस साल भी हम अपने दर्शकों को एक रोलर कोस्टर राइड पर ले जाने की योजना बना रहे हैं और शो में पहले 14 दिनों में एक बड़ा मोड़ आएगा और कुछ सुपर एक्साइटिंग होगा। रोमांच प्रतियोगियों की लाइनअप के रूप में कई गुना बढ़ जाएगा और विभिन्न विशेषताओं को वे अपने साथ लाते हैं, निश्चित रूप से एक ग्रेट फैमिली और फ्रेंड सर्किल कन्वर्सेशन बन जाएगा। सलमान खान, जो सबसे अधिक मेजबान रहे हैं, फिर से वापस आ गए हैं और हम उत्साह को कम करने का इंतजार नहीं कर सकते।

होस्ट सलमान खान ने कहा, "जैसा कि हमें जीवन के नए तरीके की आदत है, मुझे खुशी है कि बिग बॉस के साथ फिर से आप में से हर एक का मनोरंजन करेंगे। बिग बॉस जैसी बड़ी संपत्ति न केवल नॉन–स्टॉप मनोरंजन का वादा करती है, बल्कि सैकड़ों लोगों को नौकरी के अवसर भी प्रदान करती है– वर्तमान परिदृश्य में दोनों की बहुत आवश्यकता है। जबकि इस वर्ष हम अभूतपूर्व समय में एक साथ लड़ते हैं, हम एक तनावपूर्ण जीवन में कुछ उत्साह लाने की उम्मीद करते हैं। तो, बिग बॉस के साथ एक्शन और ड्रामा की धमाकेदार यात्रा पर जाने के लिए अपने घरों को न छोड़ें, वापस बैठें और कमर कसले।"



मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल) के सीनियर वीके प्रेसिडेंट, अमिषेक माधवन ने

कहा, "वर्षों से, बिग बॉस ने दर्शकों के साथ एक उत्कृष्ट संबंध स्थापित किया है और खुद को समर्पित प्रशंसकों का एक बड़ा आधार अर्जित किया है। संपत्ति के साथ हमारा जुड़ाव हमें उन दर्शकों तक पहुंचने और शो के माध्यम से उनके साथ जुड़ने का एक बड़ा अवसर देता है। बिग बॉस की तरह ही, हमारा ऐप भी एक विशाल दर्शक आधार को पूरा करता है जो इसे एक परफेक्ट फिट बनाता है।"

एंडेमोल शाइन इंडिया के सीईओ अमिषेक रेगे ने कहा, "एंडेमोल शाइन इंडिया ने वर्षों में बिग बॉस के साथ कई रिकॉर्ड तोड़े हैं! इस शो ने खुद को भारत के सबसे बड़े रियलिटी प्रोग्राम के रूप में स्थापित किया है, जिस पर हमें बेहद गर्व है। इस वर्ष हमने जिन चुनौतियों का सामना किया है, उन्हें देखते हुए, हमने कलाकारों और चालक दल के स्वास्थ्य, सुरक्षा, और स्वच्छता के लिए हर संभव सावधानी बरती है। इस सीजन के प्रतियोगियों को एक अवधि के लिए संगरोध में रहने की आवश्यकता होगी और घर के अंदर जाने से पहले इसका परीक्षण किया जाएगा। शो की विषयवस्तु घर के तत्वों में भी प्रदर्शित होगी जो प्रतियोगियों को सामान्य स्थिति का एहसास दिलाएगी। हम कलर्स के साथ अपनी लंबी साझेदारी को आगे बढ़ाने और अभी तक एक और रोमांचक नए सीजन के लिए तत्पर हैं।"

सीजन के अभियान पर ध्यान केंद्रित करते हुए– 'ब पलटेगा सीन, क्योंकि बिग बॉस देगा 2020 को जावब', चैनल की योजना डिजिटल फ्रंट पर भारी पड़ने की है। बिग बॉस के मेम्स की दीवार पर माइक्रोसाइट लगाने और यूजीसी के म्यूजिक वीडियो–आधारित होने से पहले कभी भी घर का खुलासा नहीं हुआ, यह बिग बॉस के प्रशंसकों के लिए एक सुखद अनुभव होने वाला है। कई फर्स्ट में जोड़ना फेसबुक शॉर्ट्स भी होगा, प्लेटफॉर्म द्वारा एक नई सुविधा, और बिग बॉस ऑडियो ट्वीट जिसमें प्रसिद्ध बिग बॉस संवाद शामिल होंगे। पिछले सीजन की यात्रा पर कब्जा करने और दर्शकों को स्मृति लेन पर ले जाने के लिए बिग बॉस वीडियो एल्बम भी लॉन्च किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, टचून–इन को चलाने के लिए वॉयस रिकॉग्निशन और प्रासंगिक विज्ञापन





विभिन्न प्लेटफार्मों में उपयोग किए जाएंगे। मार्केटिंग के मोर्चे पर, न केवल नेटवर्क पर बल्कि अन्य चैनलों पर भी बिग बॉस के लिए हाई फ्रीक्वेंसी प्रोमो के भारी विस्फोट के साथ–साथ समाचार, संगीत और क्षेत्रीय चैनलों पर उच्च आवृत्ति का प्रचार भी किया जाएगा।

सरकार द्वारा जारी किए गए सभी सुरक्षा मानदंडों और दिशानिर्देशों का पालन करते हुए, चैनल और प्रोडक्शन हाउस एक स्वस्थ कार्य वातावरण को बढ़ावा देने के लिए प्रतियोगियों और चालक दल के सदस्यों के लिए अत्यधिक सावधानी और आवश्यक सावधानी बरत रहे हैं। प्रतियोगियों को 15–दिवसीय संगरोध से गुजरना होगा जिसके बाद घर में प्रवेश करने से पहले उनका परीक्षण किया जाएगा। सुरक्षा को बनाए रखने के लिए घर की सफाई और सैनिटाइज की जाएगी। इसमें चौबीसों घंटे चिकित्सा सहायता के अलावा प्रतियोगियों और चालक दल के सदस्यों के लिए नियमित तापमान की जाँच होगी। क्रू मेंबरों की समान संख्या को सीजन के लिए रखा जाएगा, लेकिन वे शिफ्टों में काम करेंगे, इसलिए सेट पर केवल कुछ लोगों ही होंगे। हर विभाग के लिए न्यूनतम से संपर्क रखने के लिए स्पेशल जोन बनाए गए हैं। आसान पहुंच के लिए अलग–अलग पॉइंट पर हैंड सैनिटाइजर लगाए जाएंगे। बिग बॉस के साथ मनोरंजन, उत्साह और ड्रामा को अनलॉक करें, यह 3 अक्टूबर 2020 से शुरू होगा और हर सोमवार से शुक्रवार रात 10:30 बजे और शनिवार–रविवार रात 9 बजे सिर्फ कलर्स और वूट सेलेक्ट पर प्रसारित होगा तो देखना बिलकुल न भूलें।

अनु– छवि शर्मा

शाह परिवार ने अनुपमाँ में 'शुभारंभ' का लोकार्पण किया

– ज्योति वेंकटेश

बहुत सारी अराजकता और नाटक के बाद, अनुपमा राहत की सांस ले सकती है क्योंकि उसकी सारी मेहनत और बलिदान आखिरकार भुगतान बंद हो गए। उनका बेटा परितोष अपनी महिला प्रेम किंजल के साथ एकजुट हो रहा है, और अनुपमा अधिक खुश नहीं हो सकती। और यह शाह परिवार में एक बड़े उत्सव का समय है। आगामी एपिसोड में, दर्शक किंजल और उसके परिवार का स्वागत करते हुए शाह को देखेंगे और वे "काई पो चे!" से लोकप्रिय ट्रैक "शुभारंभ" के लिए भी थिरकते दिखाई देंगे। वे परितोष और किंजल के गोधन का जश्न मना रहे हैं।

अपने जातीय रूप में सबसे अच्छा, यह राजन शाही की टीम "अनुपमा" को देखने के लिए एक खुशी है। यहां तक कि काव्या उत्सव का एक हिस्सा है और साड़ी में आश्चर्यजनक दिख रही है।

लेकिन पिछले कुछ एपिसोड और वनराज और काव्या से संबंधित चल रहे नाटक को देखकर दर्शकों को किंजल की माँ राखी द्वारा कुछ नाटक देखने को मिल सकते हैं, या हो सकता है कि अनिरुद्ध अंदर घुस आए, या हो सकता है कि हम अनुपमाँ को पूरे समय आनंद लेते और चेक समय देते हुए देखेंगे। यह जानने के लिए कि आपके पसंदीदा शो "अनुपमाँ" अपकमिंग एपिसोड को देखना न भूलें। राजन शाही और उनकी मां दीपा शाही द्वारा निर्मित उनके बैनर शाही प्रोडक्शंस प्राइवेट लिमिटेड के तहत, "अनुपमाँ" में रूपाली गांगुली, सुधांशु पांडे, मदलसा शर्मा, रुशद राणा, आशीष मेहरोत्रा, पारस कलनावत, निधि शाह, अल्पना बुच, तसिना शेख और अरविंद वैद्य शामिल हैं। यह शो स्टार प्लस पर रात 10 बजे प्रसारित होता है।

अन– छवि शर्मा

डिस्कवरी के शो 'इनटू द वाइल्ड विथ बीयर ग्रिल्स एंड अक्षय कुमार' ने इतिहास रचा हैं

—ज्योति वेंकटेश

डिस्कवरी इंडिया की ओरिजिनल आईपी 'इनटू द वाइल्ड विद बीयर ग्रिल्स एंड अक्षय कुमार' इंडिया के टीवी चार्ट पर इतिहास रच रहा है। इस यात्रा की शुरूआत 'मैन वर्सेज वाइल्ड' विद बियर ग्रिल्स और पीएम मोदी के एक स्पेशल एडिशन से हुई, जिसे साल के टीवी इवेंट के रूप में प्रस्तुत किया गया। 'इनटू द वाइल्ड विथ बीयर ग्रिल्स एंड सुपरस्टार रजनीकांत', इसके बाद और इस साल की शुरूआत में, प्रीमियर के समय ब्रांड नई फ्रैंचाइजी के लिए रिकॉर्ड टीवी रेटिंग और दर्शकों की संख्या पैदा करते हुए, भारत और अन्य बाजारों में अपार उत्साह पैदा कर रहा था। और अब, इनटू द वाइल्ड के नवीनतम एपिसोड में, अक्षय कुमार ने इस वर्ष की शैली में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो के लिए एक नया रिकॉर्ड बनाया है और साथ ही साथ यह इन्फोटेनमेंट जॉनर के इतिहास में दूसरा सबसे ज्यादा देखा जाने वाला टीवी शो बन गया है।

12 डिस्कवरी नेटवर्क चैनलों पर 14 सितंबर को रात 8:00 बजे ओरिजिनल टेलीकास्ट के मुख्य आकर्षण रहें।

डिजिटल प्रीमियर

उत्साह डिस्कवरी प्लस ऐप के साथ–साथ 'इन द वाइल्ड विद बीयर ग्रिल्स और अक्षय कुमार' के साथ आज तक ऐप पर सबसे ज्यादा देखे जाने वाले शो के रूप में उभर रहा है। इस शो ने मंच पर अन्य शो की तुलना में प्रति दर्शक 1.7 गुना अधिक समय भी खर्च किया। लॉन्च सप्ताहांत में, डिस्कवरी प्लस इंडियन गूगल प्ले स्टोर पर रु1 ट्रेंडिंग ऐप और ऐप्पल ऐप स्टोर पर रु 2 एंटरटेनमेंट ऐप था। डिस्कवरी प्लस ने प्ले स्टोर पर 5मिलियन+ माइलस्टोन भी पार किया क्योंकि मार्च 2020 में लॉन्च होने के बाद से इसने अपनी मजबूत वृद्धि बनाए रखी।

सोशल बज

शो ने सोशल मीडिया पर "#KhiladiOnDiscovery" के साथ 1.31 बिलियन व्यक्तियों तक पहुँचने के लिए 2.9 बिलियन इंप्रेशन (सोसर्रू मेल्टवाटर प्राइवेट लिमिटेड से प्राप्त डेटा आधार अनुमान) के साथ बड़ी चर्चा की। 'इनटू द वाइल्ड विद बीयर ग्रिल्स और अक्षय कुमार' ने प्रीमियम विज्ञापनदाताओं को आकर्षित किया। शो को बायजू द्वारा प्रस्तुत किया गया, पॉलिसीबाजार.कॉम और फोन पे द्वारा सह–संचालित किया गया, एलआईसी, किआ मोटर्स और स्पॉटिफ ने भागीदारी की, जबकि शिखर, हार्पिक और किर्लोस्कर एसोसिएट स्पोंसोर्स थे।

'इनटू द वाइल्ड विथ बीयर ग्रिल्स' एक नया प्रारूप है जो 'मैन वर्सेज वाइल्ड' से प्रेरित है, जो दुनिया में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले विल्डरनेस सर्वाइवल टेलीविजन सीरीज में से एक है। पिछले साल, 'मैन वर्सेज वाइल्ड विद बीयर ग्रिल्स एंड पीएम मोदी' एपिसोड ने भारतीय मीडिया परिदृश्य को बाधित कर दिया, जिसने खुद को साल के टीवी इवेंट के रूप में स्थापित किया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी से परे, बीयर ग्रिल्स ने अतीत में प्रमुख हस्तियों की मेजबानी की है जैसे कि तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा, रजनीकांत, केट विंसलेट, रोजर फेडरर, जूलिया रॉबर्ट्स आदि।

अनु– छवि शर्मा

यह लेख दिनांक 6-2-1977 मायापुरी के पुराने अंक 125 यादों के दायरे से लिया गया है

लता मंगेशकर

—जैड़.ए.जौहर

आज कभी-कभार एक ही फिल्म में नायक रूप के गाने एक समय में आप तीन-चार आवाजों में सुनते हैं, यह सब इस लिए होता है, कि आज प्ले बेक सिस्टम प्रचलित है, अन्यथा एक जमाना था, कि हीरो और अन्य पात्र अपने गाने अपने आप ही गाते थे, उस समय यह नहीं देखा जाता था, कि गाने वाले की आवाज सुरीली है, या बेसुरी इसके कारण काफी परेशानी भी होती थी, किन्तु इसका समाधान 1935 में कोलकाता की न्यू थियेटर्स कम्पनी ने ढूंढ निकाला जिसका श्रेय रिकार्डिस्ट मुकुल बोस (जो निर्देशक नितिन बोस के भाई हैं, बी.आर. साउंड एण्ड म्यूजिक के इंचार्ज हैं) को जाता है!

उन दिनों जबकि प्ले बैक सिस्टम चालू नहीं था., कमरामैन को काम करने में काफी परेशानी होती थी, बार-बार डिस्टर्ब होता था, शूटिंग के समय कोई कलाकार पूरी लाइन नहीं गा पाता था, जिसके लिए गीत को टुकड़ों-टुकड़ों में फिल्म बन्द करके जोड़ना पड़ता था, किंतु मुकुल बोस ने पूरा गीत पहले रिकार्ड करके गाने वाले कलाकार को केवल होंठ हिलाने का अवसर दिया और इस प्रकार पूरा गीत फिल्म बन्द होने लगा और उनका यह प्रयोग सफल रहा, इस प्रकार न्यूथियेटर्स की फिल्म 'धूप छांव' जिसकी कहानी सुप्र सिद्ध कहानीकार स्व.पडित सुदर्शन ने लिखी थी. (जिनके सुपुत्र **पंडित गिरीश** आज भी फिल्मी लेखक के रूप में फिल्म लाइन में हैं) से हुआ. जिसमें हीरो **शायद सहगल** थे, जिनका गीत तेरी गठरी में लागा चोर, मुसाफिर जाग, बड़ा प्रसिद्ध हुआ था,

गाना पहले रिकार्ड करके पिक्चराइज करने से निर्देशकों को काफी सहायता मिलती है इसका एक किस्सा फिल्म **'अमर'** की शूटिंग के जमाना का है, स्व.महबूब खान अपनी फिल्म 'अमर' की शूटिंग कर रहे थे जिसमें **मधुबाला** पर वह एक गाना फिल्मा रहे थे, उसकी सिचुएशन कुछ इस तरह थी, कि **दिलीप कुमार, मधुबाला** के घर में रहने के लिए तैयार नहीं होता और वह उसे गुस्से में छोड़कर चला जाता है,

मधुबाला उसे जाता हुआ देखकर गाती है,

"जाने वाले से मुलाकात न होने पाई,
दिल की दिल में ही रही बात न होने पाई!

सब लोग यह देखकर कि गाना गाते-गाते मधुबाला बुरी तरह से रो रही है, आश्चर्य में पड़ गए. माहौल बड़ा गंभीर हो गया, मधुबाला को रोना तो था, किन्तु इसकी आशा न थी, कि वह गाने में डूब कर इस प्रकार रोयेगी की असलियत

महसूस होने लगेगी, महबूब ने यह देखा तो मन ही मन मुस्करा उठे. क्योंकि इससे उनका सीन बड़ा प्रभावशाली बन रहा था, किन्तु इसका गीत खत्म होने के बाद वह यह देखकर और भी हैरान रह गए कि मधुबाला का दर्द फैलकर

सेट पर मौजूद तमाम लोगों में बंट गया है, क्योंकि दिलीप कुमार जो कि संगीत का बड़ा शौकीन है, हाथ से ताल दे रहे थे, और उनका सहायक महरीश का मुंह **नौशाद** की प्रशंसा करते नहीं थक रहा था नौशाद ने कमाल कर दिया. "अंग्रेजी संवाद लेखक **जुल्फिकार वेलानी** कह रहा था—मैं बाजार में आने पर यह रिकार्ड जरूर खरीदूंगा, शकील बदायूंनी जिन्होंने यह गीत कुछ मिनटों में लिखा था और रिकार्ड होने के पश्चात सुन न सके थे. गीत सुनकर इस कदर आत्म विभोर हो गए कि उनकी आंखों में आंसू आ गए और सेट पर रुकने की बजाय वह सीधे घर चले गए!

यह तो याद होगा ही कि 'अमर' का यह अमर गीत **लता मंगेशकर** ने गाया था, और इसमें **दिलीप कुमार, मधुबाला** के अलावा **निम्मी** और **जयंत** ने भी लाजवाब अभिनय किया था. फिल्म बॉक्स आफिस पर सुपर हिट तो नहीं हुई थी, किन्तु वह एक शानदार फिल्म थी, हो सकता है हिट इस लिए न हुई हो कि पहले इसमें मीना कुमारी हीरोइन थी किन्तु कुछ गलत—फहमियों के कारण महबूब खान ने उसे फिल्म से अलग कर दिया था इस लिए शायद उसकी हाय लग गई थी.

आज **लता मंगेशकर** का नाम स्वर कोकिला के तौर पर विश्व—विख्यात है, किन्तु वह पहले गायिका नहीं बल्कि अभिनेत्री के रूप में आई थी, और **राज कपूर** को फिल्म **'सत्यम् शिवम् सुन्दरम्'** में किसी जमाने में—वही हीरोइन का रोल करने वाली थी, क्योंकि कहते हैं कि उसकी कहानी लता के जीवन से मिलती—जुलती है (हालांकि राजकपूर ने इस बात का खन्डन किया है) बात चाहे जो हो किन्तु यह तो सिद्ध हुआ न

कि लता में नायिका बनने की क्षमता भी है. और वास्तव में उसने प्रभात फिल्म कम्पनी को हिन्दी और मराठी फिल्मों में बतौर अभिनेत्री हो अपना करियर शुरू किया था. किन्तु गाने का शौक उसे बचपन से था. इसलिए वह प्रायः सेट पर आते—जाते गीत गुन—गुनाया करती थी, एक दिन वहां **नौशाद** ने लता को गुन—गुनाते हुए सुन लिया, उसकी मधुर आवाज ने नौशाद को बड़ा प्रभावित किया. नौशाद ने तुरंत लता से कहा. तुम फिल्मों में गाना शुरू कर दो. तुम्हारा भविष्य उज्जवल है, और इस प्रकार लता को पार्श्व गायिका बनने की प्रेरणा मिली. अगर उस दिन नौशाद से लता को प्रेरणा न मिलती तो आज कोकिला कंठी लता शायद अभिनय ही कर रही होती!

लता मंगेशकर और आशा

लता मंगेशकर और दिलीप कुमार

मोहम्मद रफी और लता मंगेशकर

लता मंगेशकर और मदन मोहन

लता मंगेशकर, एस.डी.बर्मन आर.डी.बर्मन

लता मंगेशकर, बप्पी लहिड़ी और किशोर कुमार

लता जी को लेकर एक किस्सा बहुत ही मशहूर है, जिसे आप सब पाठक ज़रूर जानना चाहिए, जिसे जानकर आप खुद कहेंगे कि लता जी जैसी हस्ती दुनिया में विरले (सबसे अलग) ही होती हैं।

यूं तो लता जी को सुर सम्राज्ञगी कहा जाता है। लेकिन इसके पीछे भी एक कहानी है, तो हुआ यूं उन दिनों जब फिल्में बनना शुरू हो रही थी, और सिनेमा जगत बॉलीवुड की ओर अपनी गति तेज कर रहा था, तब एक नाम था **सेठ चन्दू लाल शाह** जोकि फिल्मी दुनिया के बहुत बड़े प्रोड्यूसर हुआ करते है। फिल्मों में उनका सिक्का चलता था।

खेम चंद प्रकाश जोकि उन दिनों के जाने माने म्यूजिक कंपोजर हुआ करते थे। वो सेठ चन्दू लाल शाह के पास एक लड़की की ऑडियो लेकर उनके पास आए और लड़की की आवाज उन्हें सुनाई। **शाह साहब** ने जब वो आवाज सुनी तो उन्हें वो आवाज कुछ रास नहीं आई और उन्होंने तुरंत बोल दिया 'ये आवाज तो बहुत पतली है, कौन सुनेगा इसे'। इस बात से खेम चन्द प्रकाश मायूस हो गए, लेकिन उन्हें इस बात का यकीन था, कि ये आवाज जब तक रेडियो रहेगा और ये फिल्मी दुनिया रहेगी ये आवाज हमेशा सुनी जायेगी। और वो निराश होकर वहां से लौट आये।

कुछ महीने बीते 1949 में फिल्म **'महल'** रिलीज हुई, जिसके म्यूजिक डायरेक्टर खुद खेम चन्द प्रकाश थे, और इस फिल्म के सभी गीत सुपरहिट हुए लेकिन उनमें सभी गीतों में एक गाना **'आयेगा...आयेगा आने वाला'** सबसे ज्यादा पसंद किया गया।

रेडियो में ये गीत तहलका मचाने लगा, रेडियो कंपनी के पास उस आवाज के लिए फोन आने लगे! ऐसे रेडियो कंपनी खुद परेशान हो गई कि आखिर किया क्या जाये, बाद में उन्होंने लोगो की रिक्वेट पर म्यूजिक रिकॉर्ड कंपनी से सिंगर का नाम पूछा, आप यकीन नहीं करेंगे वो नाम था **'लता मंगेशकर'** जी हां **लता मंगेशकर!**

वैसे इस दुनिया में कुछ भी हो सकता है। कोई डॉक्टर बनना चाहता है और बन जाता है इंजीनियर ऐसा ही कुछ **लता जी** और **दुनदुन** के साथ भी हुआ था। लता जी फिल्मों में एक्टिंग करना चाहती थी, और दुनदुन सिंगर, वक्त ने ऐसा पासा पलटा कि लता जी बन गई गायिका और दुनदुन बन गई अभिनेत्री।

'आयेगा...आयेगा आने वाला' फिल्म 'महल' (1949)
मधुबाला–अशोक कुमार

ऐसी अनेकों बातें हैं लता जी के बारे में बात करने के लिए उसके लिए पन्ने कम पड़ जायेंगे।

लता जी की जन्मदिन पर मायापुरी परिवार की ओर से आपको ढेरों बधाई।

ओ टीटी प्लेटफार्म ''जी प्लैक्स'' पर फिल्म ''खाली पीली'' देखने के लिए चुकाने पड़ेंगे 299 रूपए

शान्तिस्वरुप त्रिपाठी

सिनेमाघर बंद है,तो ओटीटी प्लेटफॉर्म की बल्ले बल्ले है.तो वहीं अब दर्शकों की सिनेमा देखने की भूख को भुनाने के लिए तरह–तरह की पैतरे बाजी भी शुरू कर दी गई है .''जी स्टूडियो'' का पहले से ही अपना ओटीटी प्लेटफॉर्म ''जी 5'' है, मगर अब ''जी स्टूडियो''ने एक नया ओटीटी प्लेटफॉर्म ''जी प्लैक्स'' शुरू किया है.जी हॉ!घर के अंदर सिनेमाघर के तहत 'जी स्टूडियो'की तरफ से पहली पहल है ''जी प्लैक्स''.जिस पर दर्शक प्रति फिल्म शुल्क चुका कर फिल्म देख सकेगा.इस नई पेशकश के साथ, उपभोक्ता अब अपनी पसंदीदा नई फिल्में अपने घरों में आराम से देख पाएंगे, साथ ही साथ उनका पूरा परिवार एक आकर्षक (प्रति फिल्म) मूल्य बिंदु पर होगा।दो अक्टूबर को ''जी प्लैक्स''पर आने वाली पहली मौलिक फिल्म ''खाली पीली'' देखने के लिए हर इंसान को 299 रूपए चुकाने होंगे. अली अब्बास जफर और 'जी स्टूडियो'द्वारा निर्मित तथा मकबूल खान निर्देशित इस मसाला फिल्म में ईशान खट्टर और अनन्या पांडे की जोड़ी है।

फिल्म''खाली पीली''की कहानी एक चोर,जो कि अब टैक्सी ड्राइवर बन चुका है और एक वेश्या के बीच की प्रेम कहानी है।

अपनी स्थापना के बाद से, उपभोक्ता हितों को अपने मूल में रखते हुए 'जी' (ZEE) ने लगातार उद्योग के लिए नए रुझानों का पालन किया है। उपभोक्ताओं के लिए सुविधा के साथ, यह नया फिल्म वितरण मॉडल फिल्म निर्माताओं के लिए समग्र वाणिज्यिक पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ाएगा, जो उन्हें अपने रचनात्मक कार्य को प्रस्तुत करने में सक्षम करेगा, स्थापित मनोरंजन प्लेटफार्मों पर दर्शकों की एक विस्तृत श्रृंखला के लिए।

इस नई पहल के संबंध में ''जी स्टूडियोज''के सीईओ शारिख पटेल कहते हैं–'हम इस नई पेशकश को पूरे भारत और दुनिया भर के सभी फिल्म प्रेमियों के लिए लाने के लिए बहुत उत्साहित हैं। जब हम सभी निकटतम सिनेमाघरों में नवीनतम फिल्मों को देखना

पसंद करते हैं, तो हमने 'जी प्लेक्स' (Zee Plex) जैसे समाधान की आवश्यकता महसूस की, जो उपभोक्ताओं को उनके घरों और दोस्तों के साथ–साथ उनके घरों में आराम से उनकी पसंदीदा फिल्मों को पकड़ने के लिए लचीलापन और सुविधा देता है।'

''जी''के मुख्य राजस्व अधिकारी अतुल दास ने कहा–'हम फिल्म प्रेमियों के लिए अपनी तरह की पहली सेवा ''जी प्लेक्स''(Zee Plex) के लॉन्च की घोषणा करते हुए रोमांचित हैं। यह भारत में प्रति फिल्म के शुल्क के साथ दो अक्टूबर से उपलब्ध होगा।इसे अग्रणी डिस्ट्रीब्यूशन प्लेयर्स (डिश टीवी,टाटा स्काई और एयरटेल डिजिटल टीवी) के साथ–साथ अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में प्रमुख वितरण प्लेटफॉर्म के साथ भागीदार बनाया गया है।हमें विश्वास है कि जी प्लेक्स हमारे भागीदारों को विभिन्न भाषाओं में अपने उपभोक्ताओं को एक अनूठी और अग्रणी सेवा प्रदान करने के लिए एक और अवसर प्रदान करेगा। हम आने वाले वर्षों में इस अवसर को विकसित करने के लिए बहुत उत्सुक हैं।'

खैर, जी प्लैक्स'पर ''खाली पीली''को 299 रूपए देकर कितने दर्शक देखते हैं,उसी पर इस तरह के ओटीटी प्लेटफार्म का भविष्य निर्भर करेगा.

अमेजॉन प्राई वीडियो 2020 तक जारी रहेगा अंतर्राष्ट्रीय एमी पुरस्कारों के साथ दो भारतीय नाम

अपनी सम्मोहक सामग्री के साथ एक वैश्विक मंच पर एक छाप बनाते हुए, अमेजॅन प्राइम वीडियो को आज प्रतिष्ठित 2020 इंटरनेशनल एमी अवार्ड्स में दो श्रेणियों में नामित किया गया था। हालांकि अमेजन ओरिजिनल सीरीज फोर मोर शॉट्स कृपया !, प्रीतीश नंदी कम्युनिकेशंस द्वारा निर्मित!, ने सर्वश्रेष्ठ कॉमेडी सीरीज श्रेणी में नामांकन प्राप्त किया है, अभिनेता अर्जुन माथुर को एक अभिनेता द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की श्रेणी में अमेजन में करण के उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पहचाना गया है। टाइगर बेबी और एक्सेल मीडिया एंड एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित ओरिजिनल सीरीज इन हेवन।

अपर्णा पुरोहित, भारत मूल के प्रमुख, अमेजॅन प्राइम वीडियो ने कहा, 'यह जानने के लिए बहुत गर्व और सम्मान का अवसर है कि हमारे भारतीय मूल के इन प्रतिष्ठित अंतर्राष्ट्रीय एमी नामांकन के साथ मान्यता प्राप्त है। हम लगातार ऐसी कहानियाँ बनाने का प्रयास करते हैं जो तीव्रता से स्थानीय हों, लेकिन भूगोल, राष्ट्रीयता और जातीयता की सभी सीमाओं को पार कर सकती हैं, और ये नामांकन केवल इस बात की पुष्टि करते हैं कि हम सही रास्ते पर हैं। हम नामांकन से रोमांचित हैं और इस पल को प्रीतीश नंदी कम्युनिकेशंस, टाइगर बेबी और एक्सेल मीडिया और एंटरटेनमेंट के साथ साझा करते हुए खुशी महसूस कर रहे हैं। ''प्रितिश नंदी कम्युनिकेशंस, चार और शॉट्स प्लीज! सर्वश्रेष्ठ हास्य श्रृंखला श्रेणी में एकमात्र भारतीय खिताब है और अर्जुन माथुर एक अभिनेता द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन की श्रेणी में प्रतिस्पर्धा करने वाले एकमात्र भारतीय भी हैं।

अमेजॉन प्राइम वीडियो लगातार तीन वर्षों से अंतर्राष्ट्रीय एमी नामांकन का एक हिस्सा रहा है, जिसमें अमेजॉन ओरिजिनल सीरीज इनसाइड एज 2018 में सर्वश्रेष्ठ ड्रामा सीरीज के लिए नामांकित है और इसकी पहली असूचीबद्ध मूल श्रृंखला द रीमिक्स ने 2019 में सर्वश्रेष्ठ नॉन–स्क्रिप्टेड एंटरटेनमेंट अवार्ड के लिए नामांकित किया। अमेजॉन मूल श्रृंखला चार और शॉट्स कृपया! और अमेजन प्राइम वीडियो पर मेड इन हेवन।

मौनी रॉय

लिपिका वर्मा

मौनी रॉय जो अबुधाबी में एक फिल्म की शूटिंग कर रही है। ने हमसे अपनी हालिया रिलीज हुई वेब शो **'लंदन कॉन्फिडेंशियल'** की कहानी और पहली बार किरदार के बारे में बातचीत में अपनी आने वाली फिल्मों इत्यादि के बारे में बातचीत की ,

जी हाँ! मैं अबुधाबी में अपने अगले प्रोजेक्ट की शूटिंग में व्यस्त हूँ। किंतु यह प्रोजेक्ट ओ टी टी प्लेटफॉर्म के लिए है या फिर थिएटर रिलीज है मैं अनाऊंस होने के पहले कुछ भी नहीं बोल सकती हूँ, बेहतर होगा कि फिल्ममेकर्स इसके बारे में खुद ही अनाऊंस करे. ৳

❍ जी 5 ओरिजिनल फिल्म पर हाल ही मे,'लंदन कॉन्फिडेंशियल' में आप एक अलग किरदार में नजर आई क्या कहना है इस किरदार को जीवंत करने हेतु?

जी हाँ मुझे लॉकडाउन शुरू होते ही इस शो का ऑफर मिला था, यह किरदार मुझे अत्यंत चैलेंजिंग बारी में यह अलग किरदार निभाने वाली थी, तो तुरंत ही हामी भर दी। यह एक बहुत ही बेहतरीन कंटेंट को पेश करता हुआ वेब शो है। थ्रिलर सीरीज है, और खुशी है की यह शो लोगों को पसंद आ रहा है।



❍ क्या यह वेब शो कोविड–19 के दौरान ही लिखा गया था ?

जी नहीं ,किसी भी स्क्रिप्ट को पूर्ण करने हेतु 3–4 महीने तो लग ही जाते है, न सो जाहिर सी बात है यह शो कोविड–19 के पहले ही लिखा गया था। हाँ, यह जरूर है इस शो का बैक ड्राप कोई अन्य देश को लेकर लिखा था, लेकिन क्योंकि लॉकडाउन से थोड़ी छूट सबसे पहले लंदन ने दी अतः हम ने वहां जा कर शूट किया।

❍ अपने किरदार से बेहद खुश है, आप क्या कहना चाहेंगी?

बहुत ही अलग और बेहतरीन चैलेंजिंग किरदार है। मैंने एक रॉ ऑफिसर का किरदार निभाया है, और तो और इस में मेरी दो मुखी व्यक्तित्व को देख पाएंगे आप, किस तरह प्रेग्नेंट होने पर वह बेल्ली ख्पेट लगाया गया उसके कारण मेरे व्यक्तित्व में कितना बदलाव नजर आया और उसको लगाकर मेरी गति में भी फर्क महसूस हुआ। लेकिन मेरा उस समय वहां होना अनिवार्य था। उस वक्त जिधर देखो आपको कुछ होते हुए दिखाई देगा अतः वह सब करना भी मेरे लिए कुछ अलग था। मेरे पर्सनल और प्रोफेशनल जद्दो जेहद की भी कहानी पेश करता है यह वेब शो **'लंदन कॉन्फिडेंसिअल'**

❍ इस वेब शो में इतनी कोमल मासूम और सुंदर मोवनी ने पहली बार बन्दूक पकड़ी है क्या कहना चाहेंगी आप?

बस बन्दूक पकड़नी थी, स्क्रिप्ट मुताबिक यह समय कैसा समय है यह दर्शाया गया है। ऐसा करने में मुझे किसी तरह की हिचकिचाहट नहीं थी। समय का महत्व कितना अहम है यह भी सभी को समझना होगा ।

❍ आपकी आने वाली फिल्मों पर कुछ प्रकाश डाले ?

अभी अबुधाबी में एक प्रोजेक्ट की शूटिंग कम्पलीट होने को है। और दूसरा प्रोजेक्ट भी जल्द होने को है। किंतु बेहतर होगा की उन सभी प्रोजेक्ट्स के बारे मेकर्स ही संदेश दे तो बेहतर होगा। जी नहीं मैं यह भी नहीं बोल सकती हूँ कि जो प्रोजेक्ट्स मैं शूट करने जा रही हूँ या जो अभी खत्म की है, वह ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए है या फिल्म थिएटर के लिए है।

❍ ब्रह्मास्त्र कब रिलीज होगी?

उस में मेरा विलेन का किरदार है। हम सभी इस समय साथ है क्योंकि पान्डेमिक के कारण कुछ निश्चित नहीं है। वैसे फिल्म दिसंबर में रिलीज होने वाली थी। बस हम उम्मीद कर रहे है की सब कुछ अच्छा हो। मैं भी फिल्म ब्रह्मास्त्र की रिलीज का बेताबी से इंतजार कर रही हूँ।

❍ फिल्म 'ब्रह्मास्त्र' ओटीटी प्लेटफॉर्म के लिए है या फिल्म थिएटर में रिलीज होगी?

अब यह तो फिल्म मेकर ही निश्चित कर सकते है। मैं इस पर कोई टिप्पणी नहीं दे सकती हूँ।

❍ पान्डेमिक के चलते सबसे ज्यादा फिल्म से जुड़े लोग सफर कर रहे है क्योंकि थिएटर सबसे अंत में खुलेंगे इस पर क्या मत रहे है आपका?

बस यही कह सकती हूँ ऐसा समय हम पहली बार देख है, और रही थिएटर के खुलने का प्रश्न तो यह तबही खुलने चाहिए जब सब सेफ, सुरक्षित हो!

कुछ सोच कर पान्डेमिक पर बोली, देखिये मैं अत्यंत सकारात्मक व्यक्तित्व रखती हूँ और आशा करती हूँ सब कुछ जल्द सही हो जायेगा। हम सब इस समय से जल्द ही उबर पाएंगे, ऐसा समय भी आएगा की हम 2020 को भूल जायेंगे और इस समय को कभी याद भी नहीं करेंगे। बस जल्द ही वैक्सीन का आविष्कार हो जाना चाहिए!

गोल्ड

रोमियो अकबर वाल्टर

मेड इन चाइना

के.जी.एफ

नागिन

तुम बिन 2

ज्योति के जलवे

ज्योति वेंकटेश

अमेज़ॅन ग्राहकों को सभी जिओपोस्टपेड प्लस प्लान के साथ 1 साल की प्राइम मेंबरशिप के लिए अधिक सुलभ बनाता है, बिना किसी अतिरिक्त लागत के

